गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइव | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, बुधवार 14 अक्टूबर ,2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

चतुर्थकम् कूष्माण्डा

नवरात्र-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की ही उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'अदाहत' चक्र में अवस्थित होता है। नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्माण्डा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मन्द, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्माण्डा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत् हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएँ हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। इस देवी का वास सूर्यमण्डल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है। इसीलिए इनके शरीर की कान्ति और प्रभा सूर्य की भाँति ही दैदीप्यमान है।इन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने का मन्त्र है-

'सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदाऽस्तु में॥'

शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन से सुधरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था:योगी

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के बाद अब वन डिस्ट्रिक्ट वन यूनीवर्सिटी की तैयारी

बरेली (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव होने की वजह से अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर छात्रों और युवाओं को गुणवत्ता परक शिक्षा मिलने से उनके रोजगार के नए अवसर भी विकसित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व की सपा सरकार के समय में शिक्षा प्रणाली भी कानून व्यवस्था की तरह बेपटरी थी। सत्ता में आने के बाद भाजपा की डबल इंजन सरकार ने शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार किया है। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज का लक्ष्य पूरा होने के बाद अब अगली तैयारी वन डिस्ट्रिक्ट वन यूनिवर्सिटी की है इस लक्ष्य को भी जल्द पूरा किया जाएगा। इसकी शुरुआत शाहजहांपुर, भदोही और कुशीनगर से की जा चुकी है। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार हरि सिंह ढिल्लो के समर्थन में बरेली क्लब मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य महज डिग्रियां बांटना नहीं है। इससे युवाओं का भला नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से चारित्रिक, नैतिक गुणों के साथ युवाओं का कौशल विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नवीन कौशलों से युक्त युवा रोजगार के नए अवसरों का सृजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार किए हैं। इससे शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान और नवाचार को भी बढ़ावा मिल रहा है। गुणवत्तापरक शिक्षा प्राप्त प्रदेश के युवाओं को प्रदेशए देश और विदेश में मान सम्मान के साथ रोजगार मिल रहा है। इसका श्रेय लोग सरकार को नहीं बल्कि गुरुजनों को दे रहे हैं। ऋषि वशिष्ठ, संदीपन और चाणक्य आदि का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन परम्परा में सदैव से गुरुओं का सम्मान रहा है, जो आज तक कायम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत में भी पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपा के समय में शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। शिक्षा और सपा नदी के दो छोर हैं। राज्य में डबल इंजन की सरकार बनते ही उन्होंने राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त ढंग से एक लाख साठ हजार शिक्षकों की भर्तियां की हैं। उन्होंने कहा कि सपा के समय में सिर्फ तीन शिक्षकों को राज्य सरकार की ओर से सम्मान दिया जाता था। उनकी सरकार ने शिक्षकों के सम्मान की संख्या बढ़ाने के साथ ही उन्हें कैशलेस चिकित्सा सुविधा और दुर्घटना बीमा के रूप में 80लाख से डेढ़ करोड़ रुपये तक का सुरक्षा कवच दिलाया है। प्रत्याशी के हर समय शिक्षकों के मध्य रहने के वायदे को दोहराते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इनका नाम है हरि सिंह ढिल्लो, जब चाहो मिल लोए एक बार और चुन लो। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील करते हुए कहा कि इससे बुद्धिजीवियों की ओर से सरकार के बेहतर कामकाज करने का संदेश भी जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और दूसरे बुद्धिजीवियों की राय से समाज में माहौल बनता है। जनसभा में प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने भी विचार व्यक्त किए। पशुधन मंत्री और राज्यसभा सदस्य धर्मपाल सिंह, सांसद श्रुति गंगवार, छत्रपाल सिंह गंगवार, प्रदेश के मंत्री डा. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, डा.डीसी वर्मा, डा.एमपी आर्य, डा.राघवेंद्र शर्मा, एमएलसी महाराज सिंह, बहोरन लाल मौर्य, जिला पंचायत प्रशासक रश्मि पटेल और महापौर डा. उमेश गौतम और पार्टी संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

डोभाल ने ईरान की सिक्योरिटी चीफ से फोन पर की बात

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहसिन रेजाई से फोन पर बात की है। जानकारी के मुताबिक डोभाल ने रेजाई से पश्चिम एशिया में मौजूदा सुरक्षा के हालात पर चर्चा की। क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के साथ दोनों देशों के आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर भी दोनों के बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ। दूतावास के मुताबिक, दोनों ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम तथा आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की। हालांकि, भारत सरकार की ओर से इस बातचीत को लेकर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक सऊदी अरब पर हुए ताजा हमलों पर भी बात हुई। खासतौर पर सऊदी अरब के एयरपोर्ट्स पर हुआ हमला, जिसमें एक भारतीय की भी मौत हो गई थी। सऊदी अरब के रियाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए एक बड़े हमले में 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 300 लोग घायल हो गए। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा की थी। भारत ने साफ तौर पर कहा था कि सऊदी अरब में नागिरकों और नागरिक बुनियादी ढांचों पर बार-बार किए जा रहे हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। इन्हें तत्काल रोका जाना चाहिए।

राहुल गांधी मानहानि मामले में 26 को आयेगा फैसला

सुल्तानपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई पूरी हो गई है। एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मंगलवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद निर्णय के लिए 26 अक्तूबर 2026 की तारीख तय की। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो चुकी हैं और राहुल गांधी फैसले के दिन कोर्ट में उपस्थित रहेंगे। वहीं, वादी भाजपा नेता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि बचाव पक्ष ने लिखित बहस दाखिल की थी, जिसके जवाब में उन्होंने प्रतिवाद प्रस्तुत किया। उनके अनुसार, बचाव पक्ष ने लिखित तर्क में घटना के दिन दिए गए भाषण को स्वीकार किया है। अधिवक्ता संतोष पांडेय के मुताबिक, फैसले के दिन राहुल गांधी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 437-ए का भी अनुपालन करना होगा।

भारत लोकतंत्र की जननी, हर मुद्देपर होती है बहस-मोदी

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है, जहां विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बहस और चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि देश की भाषाई विविधता, समाचार पत्रों, टेलीविजन चैनलों और सोशल मीडिया का व्यापक विस्तार लोकतांत्रिक विमर्श को मजबूती देता है। डिजिटल तकनीक ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दिल्ली में एक मीडिया हाउस द्वारा पहली बार आयोजित तीन दिवसीय 'न्यू इकोनॉमी फोरम' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में 100 से अधिक भाषाएं, करीब 80 हजार पंजीकृत समाचार पत्र एवं प्रकाशन और एक हजार से अधिक सैटेलाइट टीवी चैनल हैं। देश में 50 करोड़ से अधिक यूट्यूब और इतने ही इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश में कुछ सौ स्टार्टअप थे, जबकि अब इनकी संख्या ढाई लाख से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का मौजूदा दशक अभूतपूर्व वैश्विक चुनौतियां लेकर आया है। दुनिया ने महामारी के बाद विभिन्न देशों में युद्ध, व्यापारिक बाधाएं और ऊर्जा एवं महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति में रुकावटें देखी हैं। कभी दुनिया को जोड़ने वाली आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा, खनिज, भुगतान व्यवस्था और तकनीक आज दबाव बनाने के माध्यम बन रहे हैं। मोदी ने कहा कि वैश्वीकरण के दौर में बने व्यापारिक रास्ते अब कई जगह बाधाओं का सामना कर रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता हर क्षेत्र में काम करने के तरीकों को बदल रही है, जबकि अनेक देश बढ़ती उम्र की आबादी से जुड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे वैश्विक माहौल में सबसे बड़ा सवाल भरोसे का है। दुनिया को यह विश्वास चाहिए कि जरूरत के समय आपूर्ति जारी रहेगी, साझेदार देश अपने वादे निभाएंगे और संकट के समय साथ खड़े रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इन चुनौतियों के बीच अलग सोच और दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है।

राजस्थान : बॉर्डरपर ड्रोन से गिराये हथियार-आरडीएक्स

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन से हथियार और विस्फोटक गिराये जाने का मामला सामने आया है। रावला क्षेत्र के 12 केएनडी गांव में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कारवाई में आरडीएक्स, दो पिस्टल और करीब 650 कारतूस समेत अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गयी। मामले में पंजाब के दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों कथित तौर पर ड्रोन से गिराये गये पैकेट उठाने पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर रात मिली खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त टीमों ने कारवाई की। शुरुआती आशंका थी कि ड्रोन से मादक पदार्थों की खेप गिराई गई है, लेकिन तलाशी के दौरान हथियार और संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिली। बरामद सामग्री की सटीक प्रकृति और मात्रा की पुष्टि के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।

प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में ग्राम प्रहरी की भूमिका महत्वपूर्ण : योगी

मुख्यमंत्री ने किया ग्राम प्रहरियों को सम्मानित, मानदेय में वृद्धि व कैशलेस इलाज की घोषणा

बरेली (आज समाचार सेवा)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस सहयोग एवं अपराध नियंत्रण में सराहनीय योगदान देने वाले ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम प्रहरियों का मानदेय 2500 से बढ़ाकर 3500रुपये प्रतिमाह करने का ऐलान किया। इसके साथ ही उनके परिवारों को हर साल पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा देने की भी घोषणा की है। बढ़ाए गए मानदेय और सुविधाओं का लाभ प्रदेश के 68 हजार ग्राम प्रहरियों और उनके परिवारों को मिलेगा स्थानीय पुलिस लाइन में आयोजित ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह में पूर्व की सरकारों पर ग्राम प्रहरियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि आजादी से लेकर 2017 तक इनका मानदेय महज 1500 रुपये प्रतिमाह था। उन्होंने प्रदेश की सत्ता में आने पर 2019 में इसे बढ़ाकर 2500रुपये कर दिया, अब इसमें एक बार फिर बढ़ोतरी करते हुए 3500रुपये प्रतिमाह किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में सीसीटीवी कैमरे जिस तरह अपराधियों पर नजर रखते हैं, गांवों में ग्राम प्रहरी वही भूमिका निभाएं। संदिग्ध गतिविधियों, अपराध और जमीन कब्जाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं। थानाध्यक्ष अथवा हलके के दारोगा सप्ताह में कम से कम एक दिन ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक करें, इससे सूचना तंत्र मजबूत होगा और छोटी घटनाओं को बड़ा विवाद बनने से रोका जा सकेगा। प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में इनकी भूमिका के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में 57600 से अधिक ग्राम पंचायतें और एक लाख पांच हजार राजस्व ग्राम हैं, जिनकी सुरक्षा में ग्राम प्रहरी सीसीटीवी की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि गांव सुरक्षित होंगे तो प्रदेश सुरक्षित और खुशहाल होगा। सुरक्षा प्रणाली में ग्राम प्रहरी अंतिम पायदान पर बैठा हुआ महत्वपूर्ण व्यक्ति है। वह सजग और सचेत रहेगा तो कोई भी सुरक्षा के साथ खिलबाड़ करने का दुस्साहस नहीं कर पाएगा। उन्होंने ग्राम प्रहरियों का आवाहन किया कि वे बेखौफ होकर सही और सटीक सूचनाएं दें। उनकी एक सूचना किसी बड़ी घटना को रोक सकती है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश की सुरक्षा प्रणाली में कृत्रिम मेधा (एआई) को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले नवरात्र और दूसरे पर्वों पर उपद्रव की आशंका रहती थी। अब नवरात्रि के प्रथम दिन से ही गांव-गांव में दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित हो रही हैं। विंध्यवासिनी धाम में पिछले दिनों सवा दो से ढाई लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंगलवार सुबह छह बजे तक डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। देवीपाटन धाम में भी डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। सीतापुर के ललिता देवी मंदिर और सहारनपुर की शाकंभरी देवी शक्ति पीठ पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ है। यह भयमुक्त वातावरण का ही परिणाम है। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार, मंत्री सहकारिता विभाग/प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार, महापौर डॉ उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह व बहोरन लाल मौर्य, विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, विधायक बिथरी चैनपुर डॉ राघवेन्द्र शर्मा, विधायक नवाबगंज डॉ एमपी आर्य, विधायक मीरगंज डॉ डीसी वर्मा, अधिकारियों में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस सहयोग व अपराध नियंत्रण में सराहनीय योगदान देने वाले ग्राम प्रहरियों को किया सम्मानित,अब मिलेंगे 3500 रुपये प्रतिमाह

सीएम के आगमन पर नगर निगम रहा अलर्ट, नगर आयुक्त के निर्देश पर चाक चौबंद व्यवस्था को उतरी टीमें

संयुक्त नगर आयुक्त मंयक यादव ने मार्गों पर हटवाया अतिक्रमण, सभा स्थल पर संभाली व्यवस्था

बरेली(आज समाचार सेवा)। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर नगर निगम मुस्तैद रहा नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के निर्देश पर आज संयुक्त नगर आयुक्त मंयक यादव के नेतृत्व में विभिन्न मार्गों पर साफ सफाई व अतिक्रमण हटाया गया। दूसरी ओर गुणवत्तापूर्ण सफाई व्यवस्था भी मुख्यमंत्री की सभा स्थल करायी गयी। इस व्यवस्था के चलते एयरफोर्स से लेकर स्थल तक अतिक्रमण जहां साफ दिखा वहीं दूसरी ओर पुलिस लाइन कार्यक्रम स्थल पर चाक चौबन्द व्यवस्था दिखायी दी।

किशोरी को फुसलाकर ले जाने का आरोप ,रिपोर्ट

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। फोन से बातचीत कर - कर के एक युवक दूसरे ग्राम की 13 वर्षीय किशोरी को फुसला कर ले गया । किशोरी के पिता ने आरोपी व उसकी साथी महिला के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के एक ग्राम वासी का आरोप है कि उसकी पुत्री पड़ोस के एक ग्राम के स्कूल में कक्षा 5 में पढ़ने जाती है । क्षेत्र के अटरिया ग्राम का एक युवक आए दिन उससे फोन पर बात करता रहता था जिसमें उसके गांव की ही मोहित की पत्नी भारती सहयोग करती थी । दो दिन पूर्व 11 अक्तूबर की दोपहर में उसकी पुत्री अचानक ही घर से चली गई और वापस नहीं लौटी । काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता न लगने पर किशोरी के पिता ने दोनो के विरुद्ध धारा 137 (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पत्रकार आशीष को पत्नी शोक

सीबीगंज(आज ब्यूरो)। पत्रकार आशीष सक्सेना की धर्म पत्नी रजनी सक्सेना का सोमवार सायं निधन हो गया। आज सिटी श्मशान भूमि पर उनका अंतिम संस्कार किया गया । जहां आशीष सक्सेना ने उन्हे मुखिाग्नी दी। उनकी पत्नी के निधन पर समाज सेवी,राजनीति व पत्रकार संगठनों द्वारा शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी।

नगर मे घूमधाम से निकली रामबारात

बहेडी(आज ब्यूरो)। नगर मे मेला श्रीराम लीला कमेटी के नेतृत्व मे भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई। बैण्ड बाजों की घुन और आकर्षक झांकियों और अखाडो के करतबो ने बारात की रौनक बढ़ा दी । नगर के मुख्य मार्गो पर बारात देखने के लिए भारी भीड उमडी ।श्रीराम बारात रामलीला गेट से शुरू होकर माथूर रोड, तिकोनी दुकान, मुख्य बाजार नैनीताल रोड और कोतवाली, पुराना रोडवेज बस स्टैण्ड, होते हुए पहुंची।

सूचना
मेरा नाम ड्राइविंग लाईसेंस में मोहम्मद अहमद दर्ज है जो कि गलत है मेरा सही नाम आधार में मोहिद अहमद दर्ज है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। बी 11 नवाव साहब का हाता 135 सिविल लाइन्स बरेली।
पीसीनं. ८७६७

सूचना
मै अपने पुत्र राहुल वन के गलत संगत में पड़ जाने के कारण मै उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से वेदखल करता हूँ अगर वह कोई भी कृत्य अथवा लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
दिपेन्द्र वन पुत्र स्व. जशोदा वन उर्फ जशोधर वन निवासी ग्राम चन्दपुर जोगियान थाना सीबीगंज जिला बरेली।
पीसीनं. ८७६५

सूचना
मै व मेरे छोटे पुत्र अनमोल के प्रति दुर्व्यवहार के चलते अपने पुत्र अंकित और उसकी पत्नी पायल पुत्री दिनेश का गलत आचरण ठीक न होने के कारण इन लोगों से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। जो भी इनसे किसी भी तरह का लेन देन करेगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इन लोगों से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **राजबेटी पत्नी रामवरन** निवासी ग्रीन वैली त्रिशूल पार्क के पास करगैना थाना सुभाषनगर जिला बरेली।
पीसीनं. ८७६६

समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर जोर

बरेली(आज समाचार सेवा)। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असलम खान ने की ।बैठक में महानगर के पूर्व अध्यक्ष कदीर अहमद ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है ।जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यादव ने कहा कि संगठन को और अधिक ऊंचे स्तर पर काम करना होगा ताकि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी की सरकार बन सके। वहीं उपाध्यक्ष जितेंद्र मुंडे ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि सभी को वोट बढ़ाने पर ध्यान देना है और बूथ स्तर पर जुट जाना है ।जिला अध्यक्ष असलम खान ने अपने संबोधन में कहा कि देश और प्रदेश में महंगाई चरम सीमा पर है। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। यह सरकार गरीबों को नुकसान पहुंचाने में लगी है। देश में नौजवान, व्यापारी और युवा सभी परेशान हैं, और अल्पसंख्यकों व दलितों की हालत बद से बदतर होती जा रही है ।इसी दौरान संगठन विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष असलम खान ने कादर खान को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। फरीदपुर विधानसभा अध्यक्ष को भी नियुक्ति पत्र दिया गया और डंपी को भी जिला उपाध्यक्ष के पद का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया ।इस मौके पर अल्ताफ हुसैन, अखिल हुसैन, अली शेर, मुस्ताक, फहीम खान, शकील खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पीएम मोदी के 25 वर्षो का सफर नुक्कड नाटक के जरिए किया प्रस्तृत

बहेडी(आज ब्यूरो) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्ष की सेवा पूरी होने पर नगर के केसर इन्टर कालेज मे 'मेरे सपनो का भारत'. कार्यक्रम आयोजित हुआ। भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड नाटक से पीएम मोदी के जीवन, सेवा और त्याग के पहलुओंको दिखाया गया। केसर इण्टर कालेज के ईको क्लब ने पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। ईको क्लब प्रभारी इन्द्रजीत बग्गा की देख रेख मे 'एक पेड माँ के नाम' अभियान के तहत पौधाकरण किया गया। विधार्थियों को प्रकृति रक्षा और पर्यावरण जिम्मेदारी समझने को प्रेरित किया। कार्यक्रम मे केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, ब्लाक प्रमुख भूपेन्द्र कुर्मी, विधानसभा संयोजक सुरेश गंगवार, जिला उपाध्यक्ष स्वामी कुमार, कुँवर सिंह मौर्य, आलोक गंगवार, ललित शर्मा, नगरध्यक्ष राहुल गुप्ता, हरीश कश्यप, योगेन्द्र मौर्य, आसाराम गंगवार, प्रधानाचार्य डा0 रविप्रकाश शर्मा, ओमकार सिंह, आकांश जौहरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पीएम मोदी के 25 वर्षो का सफर नुक्कड नाटक के जरिए किया प्रस्तृत

बहेडी(आज ब्यूरो) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्ष की सेवा पूरी होने पर नगर के केसर इन्टर कालेज मे 'मेरे सपनो का भारत'. कार्यक्रम आयोजित हुआ। भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड नाटक से पीएम मोदी के जीवन, सेवा और त्याग के पहलुओंको दिखाया गया। केसर इण्टर कालेज के ईको क्लब ने पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। ईको क्लब प्रभारी इन्द्रजीत बग्गा की देख रेख मे 'एक पेड माँ के नाम' अभियान के तहत पौधाकरण किया गया। विधार्थियों को प्रकृति रक्षा और पर्यावरण जिम्मेदारी समझने को प्रेरित किया। कार्यक्रम मे केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, ब्लाक प्रमुख भूपेन्द्र कुर्मी, विधानसभा संयोजक सुरेश गंगवार, जिला उपाध्यक्ष स्वामी कुमार, कुँवर सिंह मौर्य, आलोक गंगवार, ललित शर्मा, नगरध्यक्ष राहुल गुप्ता, हरीश कश्यप, योगेन्द्र मौर्य, आसाराम गंगवार, प्रधानाचार्य डा0 रविप्रकाश शर्मा, ओमकार सिंह, आकांश जौहरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

द्वारिकेश चीनी मिल ने उन्नत गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों को किया सम्मानित

फतेहगंजपूर्वी (आज ब्यूरो) । द्वारिकेश चीनी मिल, भगवानपुर पचोमी,फरीदपुर, बरेली की ओर से मंगलवार को गन्ना किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन किसानों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने गन्ने की बुवाई के समय अपने खेतों में झटका मशीन, पोल और तार लगाकर फसल को जंगली जानवरों से बचाने की व्यवस्था की। चीनी मिल प्रबंधन ने ऐसे किसानों को चेक प्रदान कर उनके प्रयासों की सराहना की ।चीनी मिल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक और उन्नत कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना,गन्ने की फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। मिल प्रबंधन का मानना है कि जब किसान अपनी फसल को सुरक्षित रखकर अधिक पैदावार हासिल करेंगे, तो उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इसके साथ ही चीनी मिल को भी पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण गन्ना उपलब्ध होगा, जिससे मिल का संचालन सुचारू रूप से हो सकेगा ।समारोह में ग्राम पंचायत डगरोली के प्रथम किसान फकीर चंद्र यादव को चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारियों ने चेक देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने उन्हें भविष्य में भी इसी तरह बेहतर खेती करने, उन्नतशील बीजों का चयन करने, समय पर गन्ने की बुवाई करने और अधिक उत्पादन हासिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आगामी पेराई सत्र में भी उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किए जाने की बात कही।

युवक अवैध तमंचे व कारतूस के साथ पकड़ा

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के भमोरा पुलिस ने मंगलवार को बताया कि एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

बरेली सिनेमा जगत में
ता 9 से रोजाना 3 शो
रेट 40 60
(रिलीज के साथ)
दी वीवान

पेड़ से लटका मिला अज्ञात युवक का शव

हलचल

आंवला(आज ब्यूरो) ।आंवला-वजीरगंज मार्ग पर कन्थरी गांव में मंगलवार देर शाम एक अज्ञात युवक का शव पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।कन्थरी गांव में नागेश्वर मंदिर के पास खेत की मेड़ पर खड़े बेल के पेड़ से करीब 28 साल के युवक का शव लटका हुआ था। उसने अपनी ही शर्ट का फंदा बनाया था। ग्रामीणों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को बताया ।आंवला थाना इंस्पेक्टर बीनू सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से जरूरी सबूत जुटाए। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से मृतक की पहचान कराने की कोशिश की, पर सफल नहीं हुए ।पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी बीनू सिंह ने बताया कि युवक की पहचान की कोशिश जारी है। पहचान होने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

अफीम के साथ दो तस्कर दबोचे

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के भमोरा पुलिस ने दो तस्करों को 890 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा है ।यह सफलता सोमवार रात संदिग्धों की चेकिंग के दौरान मिली। उपनिरीक्षक आजाद, कांस्टेबल उन्नत पंवार, अरविन्द कुमार, सत्यम और अजय कुमार की टीम गश्त कर रही थी। उन्होंने दो संदिग्धों को रोककर तलाशी ली, जिसमें उनके पास से अफीम बरामद हुई ।गिरफ्तार आरोपी बदायूँ के मलिकपुर निवासी निशान्त सिंह (पुत्र दुर्वेन्द्र सिंह) और राघव सिंह (पुत्र गुड्डू सिंह) हैं ।पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे यह अफीम किसी अनजान व्यक्ति से खरीदकर लाए थे। इसे हाईवे पर ट्रक ड्राइवरों और अन्य लोगों को ऊंचे दामों पर बेचते थे। महंगे शौक पूरे करने के लिए वे इस अवैध धंधे में आए थे।

विवाहिता को बेरहमी से पीटा, पांच साल के बेटे संग घर से निकाला,रिपोर्ट दर्ज

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला में एक विवाहिता ने पति और ससुराल वालों पर मारपीट कर 5 साल के बेटे संग घर से निकालने का आरोप लगाया है। अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने पति समेत चार ससुरालियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।शांति नगर की अंजली शर्मा की शादी 1 जुलाई 2017 को कटसारी निवासी अतुल से हुई। शादी के बाद पति अतुल, सास आशा, जेठ राहुल और ननद सीता उसे रोज के खर्च मांगने पर ताने देते, गाली-गलौज और मारपीट कर परेशान करते थे। उनका 5 साल का बेटा अनिरुद्ध है ।अंजली के मुताबिक, ससुराल वाले कई बार उसे जान से मारने की कोशिश भी कर चुके हैं। रिश्तेदारों के समझौते के बाद भी बर्ताव नहीं बदला ।पीड़िता ने बताया कि 1 अक्टूबर 2026 की शाम सभी आरोपियों ने मिलकर उसे घेर लिया और गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने अंजली को बुरी तरह पीटा और उसी वक्त उसे और 5 साल के बेटे को सिर्फ पहने कपड़ों में घर से निकाला ।मायके आने के बाद महिला पति का इंतजार करती रही, सुनवाई न होने पर सीओ से न्याय मांगा। सीओ के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया।

कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की छात्राओं ने संभाली एसडीएम व तहसीलदार की कुर्सी, समस्याओं को सुलझाया

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला में 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत मंगलवार सुबह कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं को प्रशासनिक व्यवस्था से परिचित कराया गया। मझगवां और रामनगर की छात्राओं को एक दिन के लिए प्रतीकात्मक स्डष्टरूऔर तहसीलदार बनाया गया ।मझगवां में कक्षा 8 की साक्षी (पुत्री शैलेन्द्र कुमार) स्डष्टरूबनीं, जबकि प्रतिज्ञा (पुत्री कोमिल प्रसाद) ने तहसीलदार का कार्यभार संभाला। वार्डन रेखा रानी सक्सेना व अध्यापिका मधूलिका पटेल की देखरेख में छात्राओं ने कार्यालय की कार्यप्रणाली समझी और फरियादियों की समस्याएं सुनीं ।रामनगर में कक्षा 8 की अंशिका (पुत्री लखपत सिंह) स्डष्टरूबनीं। कक्षा 7 की अंजली (पुत्री छोटेलाल) तहसीलदार बनीं। वार्डन सुशोभिता पाठक व शिक्षक शिवम सिंह के मार्गदर्शन में छात्राओं ने प्रशासनिक दायित्वों का अनुभव लिया ।अधिकारियों की कुर्सी पर बैठकर छात्राओं में आत्मविश्वास दिखा। स्टाफ और अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

हाउस अरेस्ट, फसल मुआवजे की मांग पर प्रदर्शन से रोका

आंवला(आज ब्यूरो)। । आंवला में भारी बारिश से बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने जा रहे भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रताप सिंह समेत कई किसान नेताओं को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। बाद में उन्होंने मंगलवार को कोतवाल बीनू सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

न्यूज अपडेट

नवरात्र के तीसरे दिन मंदिरों में गूंजे मां चन्द्रघंटा के जयकारे

बरेली (आज समाचार सेवा) । शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज माता माता चन्द्रघंटा की विधि विधानपूजा अर्चना की गयी। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की देवी मंदिरों में देर रात तक माता के जयकारे गूजते रहे। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन कालीबाड़ी मंदिर पर भी अन्य दिनों की अपेक्षाकृत अधिक भीड़ भाड़ रही, यहां पर भी प्रात: आरती के उपरान्त ही भक्तों के आने का सिलसिला प्रारम्भ हो गया जो देररात तक चलता रहा। भक्तों ने माता का दर्शन कर पूजा अर्चना की और जयकारे भी लगाये। बदायूं रोड स्थित,चौरासी घंटा मंदिर में भी पूरे दिन भक्तों का भीड़ बनी रही यहां पर महिलाओं ने देवी का दर्शन कर पूजा अर्चना की और भक्ति के गीत भी गाये। साहूकारा स्थित नौ देवी मंदिर में भी देवी के नौ स्वरूपों की बहुत ही आकर्षक ढग से सजावट की गयी थी मां दुर्गा के तीसरे रूप का नाम चन्द्रघंटा है नवरात्रि-उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन किया जाता है इनका यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है इनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचन्द्र होने के कारण इन्हें चन्द्रघंटा देवी कहा जाता है मां चन्द्रघंटा की मुद्रा सदैव युद्ध के लिए अभिमुख रहने से भक्तों के कष्ट का निवारण शीघ्र कर देती है इनका वाहन सिंह है अत: इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है इनके घंटे की ध्वनि सदा अपने भक्तों की प्रेत-बाधादि से रक्षा करती है मां चन्द्रघंटा के साधक और उपासक जहां भी जाते है लोग उन्हें देखकर शान्ति और सुख का अनुभव करते हैं नवरात्र के तीसरे दिन साधक का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होती है इनकी अराधना सद्य: फलदायी है।

धूमधाम से निकली महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा

बरेली (आज समाचार सेवा)। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल सेवा समिति के तत्वावधान में आज महाराजा अग्रसेन महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा साहूकारा से प्रारंभ होकर कुतुबखाना अलमगीरीगंज मटकी चौकी, साहू गोपीनाथ श्यामगंज होते हुए आनंद आश्रम पर समापन हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ संस्था के संरक्षक कैंट विधायक संजीव अग्रवाल एवं वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने अग्रसेन महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चन करके किया। शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र अग्रसेन महाराज का रथ जिस पर चार भामाशाह अनिल अग्रवाल फन सिटी डॉक्टर अमित अग्रवाल अनुराग अग्रवाल इंजीनियर आनंद अग्रवाल रहे। शोभायात्रा में गणेश जी की झांकी, मां काली की झांकी राम दरबार की झांकी शंकर भगवान की झांकी, जगन्नाथ भगवान की झांकी, चंदौसी का नगाड़ा बैंड, हनुमान जी की झांकी, शांति अगरवाल सरस्वती विद्या मंदिर का घोष, शनि महाराज की झांकी और अग्रसेन जी महाराज का रथ आकर्षण का केंद्र रहा। रास्ते में जगह-जगह सभी सम्मानित व्यापारी एवं संस्थाओं के द्वारा शोभायात्रा का फूल बरसाकर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। आनंद आश्रम पहुंचने पर शोभायात्रा में भव्य आतिशबाजी एवं आनंद आश्रम को समिति प्रेम शंकर अग्रवाल पंकज अग्रवाल अनिल अग्रवाल के द्वारा शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। 18 घोड़े पर सवार अग्रवाल समाज के 18 गोत्र धारण किए हुए 18 राजकुमार विराजमान थे। शोभा यात्रा में जगह-जगह अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा डांडिया का कार्यक्रम रखा गया जो शोभा यात्रा मैं आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा के संयोजक संजीव अग्रवाल पूर्व सभासद, प्रियंकअग्रवाल, प्रांजल गर्ग उमेश अग्रवाल सुमित गोयल रहे। कार्यक्रम मे डॉ आस्था अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष पीलीभीत, अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल महामंत्री राजीव बूबना कोषाध्यक्ष संजय गर्ग वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल संदीप अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी अतुल अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, गिरीश चंद्र अग्रवाल अमरनाथ अग्रवाल राजीव अग्रवाल एवं भारी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित रहे।

नाटकीय ढंग से दो युवक हुए गायब, एक के पिता ने लगाया अपहरण का आरोप

नवाबगंज(आज ब्यूरो) । बीती देर सायं महानगर से मेला देखने आया एक युवक व बाइक सहित उसका साथी गायब हो गया । एक युवक के पिता ने इन दोनो का कार सवारों द्वारा अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को दी है। महानगर की रामगंगा नगर डोहरिया वासी महावीर राठौर का पुत्र कृष (18) कल सोमवार की सायं यहां दशहरा मेला देखने को कह कर बाइक से आया था और यहां पहुंच कर सीएचसी में अपने मामा बीजामऊ वासी अरविन्द की कैन्टीन पर बाइक खड़ी कर मेला देखने को कह कर चला गया । कुछ समय बाद ही अपने मामा को फोन कर बीजामऊ ग्राम के अपने एक साथी कामजीत साध के पुत्र ऋतिक व रामकुमार के पुत्र अरून को सीएचसी से एक किमी दूर आर पी राइस मिल के पास बुलवाया तो ये दोनो भी ऋतिक की स्पलेण्डर बाइक से वहां पहुंच गये । आरोप है कि आर पी मिल के पास ही आयी दो कारो मे से तीन - चार लोग, जिनमे एक पुलिस की वर्दी मे था , उतरे और तीनो को कार में डाल कर ले गए ये लोग ऋतिक की बाइक भी ले गए । महावीर व उनके रिश्तेदार रामकुमार राठौर के मुताबिक घटना स्थल के पास ही रह रही एक महिला ने बताया कि रात्रि साढे आठ के लगभग उसने ये सारा बाकया देखा और डर की वजह से अपने मेन गेट का ग्रिल बंद किए रही । रामकुमार की तहरीर पर पुलिस इस मार्ग के सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ ही इनकी तलाश में जुट गई है।

सपाइयों ने किया पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामजी लाल सुमन का स्वागत

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्य सभा सदस्य रामजी लाल सुमन का आज नगर से गुजरने पर सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया , इस अवसर पर पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने देश व प्रदेश की भाजपा सरकारों पर किसान व छात्र विरोधी बताते हुए तीखे प्रहार किए । उन्होंने इन सरकारों पर मन्दिर का चढ़ावा चोरी करने, जन्तर मन्तर पर शान्तिपूर्ण आन्दोलन करने पर लाठी चार्ज करने तथा उर्वरक के दाम बेतहाशा बढ़ाने के आरोप लगाते हुए कहा कि मात्र किसानों को 6 हजार रुपए की सम्मान निधि व 725 रुपए का राशन बांटने के अलावा किसान व जन हित का एक भी काम नहीं किया है । पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं से अभी से विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुटने के साथ ही सपा की जनहितकारी नीतियों का प्रचार करने की अपील की ।इस दौरान पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, नगर अध्यक्ष एनए अंसारी, जिला पंचायत सदस्य छेदालाल दिवाकर, पूर्व जिला पंचायत अरविन्द गंगवार डब्लू, ड0 नुक्ता प्रसाद, चैतन्य गंगवार कन्हैया, प्रवीन गंगवार टीटू, रमन यादव , नरेन्द्र गंगवार, सचिन कुमार आनंद व मुन्ना गंगवार आदि मौजूद रहे ।

तीन किलोमीटर घूमकर आना पड रहा है नगर मे, केन्द्रीय मंत्री से रोड़ बनवाने की मांग

बहेड़ी(आज ब्यूरो)। किच्छा की ओर से नगर को आने वाले मार्ग को फोरलेन कंपनी ने छोड़ दिया है साथ ही साथ नगर पालिका प्रशासन और पीडब्लूडी विभाग भी इस ओर से अपनी आँखे मुंदे बैठे है। इस 50 गज के छोटे से टुकडे के न बनने से स्थानीय और ग्रमीण क्षेत्रो एवं बाहरी लोगों को नगर के अन्दर आने के लिए तीन से चार किलोमीटर चलकर नगर के अन्दर आना पड़ा रहा है । इस 50 मीटर के छोटे से रास्ते के न बनने से वाहनों को आने जाने में दिक्कत होती है और अक्सर बाइक फिसलकर गिर जाती हैं जिससे अब तक दर्जनो लोग चोटिल हो रहे है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र वासियों ने केन्द्रीय मंत्री, पीलीभीत- बहेडी सांसद जितिन प्रसादसे गुहार लगाते हुए इस रोड को किच्छा से नगर के अन्दर आने वाले मुख्य रोड को जल्द से जल्द बनवाए जाने की पुरजोर माँग की है। इधर फोरलेन कम्पनी वाहन चालको से फोरलेन पर चलने के भरपूर टोल वसूल रही है मगर फोरलेन पर चलने वाले वाहनों को कोई सुविधा नही दे रही है यहां तक कि कई जगह राहगीरो को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। किच्छा से आने पर शाहगढ़ तिराहे से बहेड़ी नगर को अंदर आने वाली 50 मीटर जर्जर सड़क को नही जोड़ा गया है।

शर्मा पेस्टिसाइड का भव्य उद्घाटन

बिशारतगंज(आज ब्यूरो)। आज नगर पंचायत बिशारतगंज में शर्मा पेस्टिसाइड का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। पुराना बाजार से अलीगंज रोड, बालाजी टेंट हाउस के सामने स्थित इस प्रतिष्ठान का उद्घाटन ढोल नगाड़ों के बीच हुआ ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि शुभम शर्मा, अल्तमस खान और अवधेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर दुकान का शुभारंभ किया।

सब जूनियर बालक एथलेटिक्स चयन ट्रायल आज

बरेली (आज समाचार सेवा)। वाराणसी में 15-16 को होने वाली प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता के जिला व मण्डलीय चयन ट्रायल स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। जिला चयन ट्रायल 14 को को 12 बजे व मण्डलीय चयन ट्रायल दोपहर 12 बजे से होगा। उक्त जानकारी क्रीडा अधिकारी शीला भट्टाचार्या ने दी।

जूनियर बालिका कबड्डी चयन ट्रायल 16 व 17 को

बरेली (आज समाचार सेवा)। मुरादाबाद में 22 से 24 तक आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिला व मण्डलीय चयन ट्रायल स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। जिला स्तरीय ट्रायल 16 अक्टूबर को सांय 3 बजे से व मण्डलीय चयन ट्रायल 17 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित होंगे। उक्त जानकारी क्रीडाधिकारी शीला भट्टाचार्या ने दी।

तीन लाख रुपये व चार पहिया गाड़ी की मांग का आरोप

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के ग्राम अटंगाचांदपुर निवासी एक महिला ने अपने पति पर दहेज में तीन लाख रुपये नकद और चार पहिया गाड़ी की मांग करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि मांग पूरी नहीं होने के कारण उसका पति उसे अपने साथ रखने को तैयार नहीं है पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और मामले में रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

नाले में बहकर आया महिला का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। कस्बे के वसीट नाले में बहकर आए महिला के शव को निकालने में जुटी पुलिस। शव मिलने की खबर से देखने वाले लोगों की भीड़ जुटी। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम को कस्बा के पास से गुजर रहे वसीट नाले पर मौजूद सड़क की पुलिया के पास पानी में उतराते हुए महिला के शव को देखकर जमा हुई लोगो की भीड़ ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर फोर्स के साथ पहुंचे थाना प्रभारी प्रवीन कुमार चौकी प्रभारी आदेश कुमार ने नगर पंचायत सफाई कर्मियों टीम की मदद से शव को देर शाम बाहर निकलवाया। अज्ञात शव एक महिला का है। शब औंधे मुंह पानी में पड़ा था।काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सफेद कलर का छीट वाला सलवार कुर्ता महिला पहनी है। शव पुराना लग रहा है। पानी में शव फूल गया है। शिनाख्त नहीं होने के कारण पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को मोर्चरी में रखवा दिया। सीओ हाइवे देवेश सिंह ने बताया वसीट नाले से महिला का पुराना शव बरामद हुआ है।वह नाले में बहकर आया है। शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल पंचनामा भरकर बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

बरेली वेटरन क्रिकेट टीम के राहुल कपूर बने कप्तान

बरेली (आज समाचार सेवा)। पिछले सत्र की चैंपियन टीम की कमान फिर राहुल कपूर को, 18 अक्टूबर को पीलीभीत के खिलाफ होगा पहला मुकाबला बरेली वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सत्र 2026-27 के लिए राहुल कपूर को एक बार फिर बरेली जिला वेटरन क्रिकेट टीम का कप्तान घोषित किया गया है। पिछले सत्र में अपनी कप्तानी में टीम को चैंपियन बनाने वाले राहुल कपूर पर एसोसिएशन ने दोबारा भरोसा जताते हुए टीम की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी के साथ टीम का चयन भी किया गया है। चयन प्रक्रिया एसोसिएशन के सचिव ओ.पी. कोहली और कोषाध्यक्ष मुजाहिद हसन खान की देखरेख में मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद कमर द्वारा संपन्न कराई गई। पिछले सत्र की चैंपियन टीम इस बार भी खिताब बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी। टीम में राहुल कपूर (कप्तान), मजीद हसन खान , मोहम्मद यूसुफ, शिव राठी, आकाश कुमार (विकेट कीपर), शादाब हुसैन , अनुज शर्मा, आनंद मंडल, अभिषेक द्विवेदी, नाजिम हुसैन, मुकेश गंगवार, रियाज अफरीदी,, हरित कुमार,अजीम राजा और अकील अहमद को शामिल किया गया है। बरेली वेटरन टीम अपना पहला मुकाबला 18 अक्टूबर 2026 को पीलीभीत वेटरन टीम के खिलाफ एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड, बरेली में खेलेगी। टीम का लक्ष्य नए सत्र में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने पास बरकरार रखना होगा। राहुल कपूर को दोबारा कप्तानी की जिम्मेदारी मिलने पर बरेली वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष देवेश गंगवार, मसूद अहमद, रमन खन्ना, शहजाद अली , खुसरो मिर्जा, चंचल उपाध्याय, ललित मोहन सहित अन्य सदस्यों ने राहुल कपूर और पूरी टीम को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

यूपीआई पर एमडीआर की तिथि को बढ़ाने के सरकार के फैसले का स्वागत

बरेली (आज समाचार सेवा)। यदि कोई मांग पूरी प्रासंगिकता के साथ पूरे मनोयोग से रखी जाए तो वह सरकार को माननी ही पड़ती है। यह कहना था उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया का। उन्होंने 15 अक्टूबर से लागू होने वाले यूपीआई पर एमडीआर की तिथि को आगे बढ़ाने के सरकार के फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह मांग करोड़ों व्यापारियों की थी और सरकार ने व्यापारियों की मांग पर विचार करने के लिए समय लिया है यह व्यापारियों की जीत है। हमें विश्वास है कि सरकार पूर्ण रूप से इस शुल्क को वापस ले लेगी तथा करोड़ों व्यापारी जो अब यूपीआई से व्यापार कर रहे हैं उनके ऊपर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगी। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेंद्र गुप्ता ने कहा की बरेली सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से एमडीआर हटाने की मांग उन्हें प्राप्त हुई थी जिसको केंद्र सरकार को बोर्ड के माध्यम से भेज दिया गया था। अब क्योंकि व्यापारियों की मांग को आंशिक रूप से माना गया है तो प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह मांग दोहराएंगे कि इसको पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए। राजेंद्र नगर स्थित एक होटल में आयोजित इस बैठक में दुर्गेश खटवानी, श्याम मिठवानी, कैलाश मित्तल गिरधारी देवनानी, मुकेश खटवानी अवधेश अग्रवाल डब्बू,मनमोहन सब्बरवाल, दिलीप गुप्ता ,ईशान गुप्ता, त्रिलोकी नाथ गुप्ता, शुभम अग्रवाल, मयंक अग्रवाल समित अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

पर्वतीय समाज की रामलीला में दिखेगी संस्कृति, संस्कार व नई पीढ़ी की प्रतिभा की झलक

बरेली (आज समाचार सेवा)। पर्वतीय समाज की ओर से आयोजित की जा रही इस वर्ष की रामलीला में धर्म, संस्कृति, संस्कार और नई पीढ़ी की प्रतिभा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। रामलीला के मंचन को इस बार विशेष रूप देने की तैयारी की जा रही है। भगवान श्रीराम और माता सीता के आदर्शों को केंद्र में रखते हुए पर्वतीय समाज की संस्कृति एवं परंपराओं की झलक भी मंच पर दिखाई देगी। इस बार की रामलीला की सबसे खास और उल्लेखनीय बात यह है कि स्थानीय बच्चों के साथ-साथ लड़कियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। विभिन्न पात्रों के रूप में लड़कियां भी मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इससे रामलीला में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिलेगा। बच्चों और लड़कियों की इस भागीदारी से यह संदेश भी जाएगा कि प्रतिभा किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं होती, बल्कि अवसर मिलने पर हर बच्चा अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकता है। पर्वतीय समाज के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दियोलिया ने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस बार स्थानीय बच्चों के साथ लड़कियों की भागीदारी विशेष रूप से उत्साहवर्धक है। समाज के महासचिव डॉ.नरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि बच्चों और युवाओं को रामलीला से जोड़ने का उद्देश्य उन्हें भगवान श्रीराम के आदर्शों के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि लड़कियों का उत्साहपूर्वक आगे आना आयोजन की विशेष उपलब्धि है। पर्वतीय समाज के वरिष्ठ सलाहकार कुंवर सिंह बिष्ट ने कहा कि रामलीला के माध्यम से नई पीढ़ी को सत्य, मर्यादा, त्याग, कर्तव्य और पारिवारिक मूल्यों की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि स्थानीय बच्चों और बेटियों की सक्रिय भागीदारी से इस बार की रामलीला और भी जीवंत एवं प्रेरणादायी बनेगी। वहीं समाज के निदेशक उमेश बिनवाल एवं आनंद सिंह मेहता ने कहा कि स्थानीय बच्चों और लड़कियों ने रामलीला के लिए जिस उत्साह और मेहनत के साथ तैयारी की है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस बार मंचन में पर्वतीय लोक संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा और स्थानीय प्रतिभाओं को विशेष स्थान दिया गया है। आयोजकों के अनुसार रामलीला के विभिन्न प्रसंगों में श्रीराम के आदर्श, माता सीता का साहस एवं त्याग, लक्ष्मण की निष्ठा और हनुमान जी की भक्ति को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। स्थानीय बच्चों और विशेष रूप से बेटियों की सक्रिय भागीदारी इस रामलीला को एक नया स्वरूप दे रही है। धर्म और संस्कृति के साथ प्रतिभा, सहभागिता और नई पीढ़ी का यह संगम इस वर्ष की रामलीला 14 अक्टूबर 2026 से 21 अक्टूबर 2026 तक विशेष बनाने जा रहा है। रावण, मेघनाद और कुम्भकर्ण के पुतले का दहन 20 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाले मुख्य आकर्षण भव्य दशहरे मेले में होगा। जो दोपहर 02 बजे से आरंभ होकर देर रात्रि तक चलेगा जिसमें आतिशबाजी भी करी जाएगी।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में मंदारिन भाषा शिक्षण से चीनी लिपि की बारीकियां सीख रहे विद्यार्थी

बरेली (आज समाचार सेवा)। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में मंदारिन चीनी भाषा का अध्ययन विद्यार्थियों को नई भाषायी दक्षताओं के साथ अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक अवसरों से जोड़ रहा है। विश्वविद्यालय के बहुभाषा उत्कृष्टता केन्द्र में संचालित इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी चीनी लिपि की संरचना, इतिहास और सांस्कृतिक महत्त्व को समझते हुए भाषा के व्यावहारिक पक्षों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। ताइवान की मंदारिन भाषा शिक्षिका चियाली चेन के मार्गदर्शन में विद्यार्थी चीनी अक्षरों की बनावट, उन्हें लिखने के निर्धारित क्रम तथा उनसे जुड़ी सांस्कृतिक परंपराओं का अध्ययन कर रहे हैं। शिक्षण प्रक्रिया में व्यावहारिक प्रदर्शन, नियमित लेखन-अभ्यास और रोचक सांस्कृतिक प्रसंगों को शामिल किया गया है, जिससे विद्यार्थियों के लिए चीनी लिपि को समझना अधिक सहज एवं रुचिकर बन रहा है। चीनी भाषा के (शान—पर्वत), (री—सूर्य) और (यूए—चंद्रमा) जैसे अक्षरों के माध्यम से विद्यार्थी प्राचीन चीनी लेखन परंपरा और प्रकृति के बीच संबंधों को समझ रहे हैं। अक्षरों की संरचना और लेखन-क्रम का अभ्यास विद्यार्थियों में भाषा के प्रति आत्मविश्वास विकसित करने के साथ-साथ उनकी एकाग्रता, धैर्य और सूक्ष्म निरीक्षण क्षमता को भी प्रोत्साहित कर रहा है। भाषा विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष एवं बहुभाषिक केंद्र की समन्वयक प्रो. अनीता त्यागी ने बताया कि विश्वविद्यालय में वर्ष 2023 से मंदारिन चीनी भाषा का पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों की रुचि निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विदेशी भाषा का ज्ञान विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय शिक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और रोजगार की नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। विश्वविद्यालय के कई विद्यार्थी मंदारिन भाषा के उच्च अध्ययन के लिए ताइवान में छात्रवृत्तियाँ भी प्राप्त कर चुके हैं। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने मंदारिन भाषा कार्यक्रम को प्रोत्साहित करते हुए कहा विश्वविद्यालय का उद्देश्य भारत और ताइवान के बीच शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करना तथा विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग और विद्यार्थी विनिमय के अधिक अवसर विकसित करना है। मंदारिन भाषा का यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को कक्षा में भाषा सीखने से आगे बढ़कर एक अलग सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य से परिचित करा रहा है। चीनी अक्षरों के नियमित अभ्यास और उनके ऐतिहासिक संदर्भों के अध्ययन से विद्यार्थी भाषा की विशिष्टताओं को समझने के साथ दूसरी संस्कृति के प्रति अपनी संवेदनशीलता भी विकसित कर रहे हैं। विश्वविद्यालय में मंदारिन भाषा शिक्षण की यह पहल बहुभाषिक शिक्षा, अंतर-सांस्कृतिक संवाद और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में विश्वविद्यालय के प्रयासों को रेखांकित करती है। इससे विद्यार्थियों को न केवल एक नई भाषा सीखने का अवसर मिल रहा है, बल्कि वैश्विक शैक्षणिक परिदृश्य में अपनी संभावनाओं को विस्तार देने का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है।

मिशन शक्ति के तहत सोनाली शर्मा बनीं एक दिन की प्रधानाध्यापक

बरेली (आज समाचार सेवा)। बरेली। महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान के छठे चरण के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय जोगीठेर में एक प्रेरणादायी पहल की गई। यहां कक्षा आठ की छात्रा सोनाली शर्मा को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक बनाया गया, जबकि संजना, रजनी, राखी, हुस्ना और देवेश को सहायक अध्यापकों का दायित्व सौंपा गया। इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं को नेतृत्व क्षमता, निर्णय कौशल और विद्यालय की प्रशासनिक जिम्मेदारियों का व्यावहारिक अनुभव कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. लाल बहादुर गंगवार द्वारा नामित शिक्षिका आकांक्षा रावत और शिक्षामित्र चरन सिंह ने सोनाली को एक दिवसीय प्रधानाध्यापक का दायित्व सौंपा। जिम्मेदारी संभालते ही सोनाली ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्र उपस्थिति, स्वच्छता तथा मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) की व्यवस्था को लेकर अपने सहायकों और रसोइयों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, विद्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा बच्चों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस दौरान सोनाली ने प्रधानाध्यापक की भूमिका निभाते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं को समझा और जिम्मेदारी के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं, सहायक अध्यापकों का दायित्व निभाने वाले विद्यार्थियों ने भी विद्यालय की शैक्षिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में भागीदारी की। इस अनूठी पहल से बच्चों को अनुशासन, सामूहिक सहयोग और जिम्मेदारी के महत्व को समझने का अवसर मिला। विद्यालय में आयोजित इस गतिविधि का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास विकसित करना और उन्हें यह एहसास कराना है कि अवसर मिलने पर वे भी नेतृत्व की भूमिका में प्रभावी ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकती हैं। ऐसी पहलें छात्राओं को निर्णय लेने, समस्याओं को समझने और अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल बालिकाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वावलंबन, समान अवसर और नेतृत्व के माध्यम से सशक्त बनाना भी है। सोनाली शर्मा को एक दिन का प्रधानाध्यापक बनाना इसी सोच को व्यवहार में उतारने का सार्थक प्रयास है। इस प्रकार की गतिविधियां बालिकाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ उनमें आत्मनिर्भरता और नेतृत्व के गुण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और शादी से इनकार कर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया। इलाके के एक गांव निवासी युवती ने दस अक्टूबर को थाने में तहरीर देकर स्थानीय थाना के गांव सोरहा निवासी जुनैद पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। पीड़िता का कहना था कि आरोपी ने बाद में शादी से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को हाईवे बाईपास किनारे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने जुर्म का इकबाल किया है।

सनातन संस्कृति की प्राण तत्व है बाल रामायण : डॉ दीपंकर गुप्त

बरेली (आज समाचार सेवा)। प्रभु श्री राम जहां एक ओर महाराज दशरथ के पुत्र हैं तो वहीं दूसरी ओर उनके साथ सामान्य जनमानस भी है जिसमें मुख्यधारा से दूर वनवासी समाज भी अपनी विशेष भूमिका उनके साथ निभाता है। माता जानकी का अपहरण कर ले जाने वाले दुष्ट राक्षस रावण का अंत करने के लिए श्रीराम ने जहां वानरराज सुग्रीव, अंगद, हनुमान आदि को साथ लिया तो वही पक्षीराज जटायु तथा गिलहरी आदि भी उन्हें लंका विजय दिलाने में सहयोगी रहे। वास्तव में यही हमारी विश्व वंदनीय सनातन संस्कृति है। जो हमें छोटे बड़े, ऊंच नीच, नर वानर, पशु पक्षी आदि का भेद भुलाकर एक होने का संदेश देती है। हमें सदमार्ग पर चलने तथा सत्य और आदर्श को सदैव अपनाने की प्रेरणा देते हुए मानव से महा मानव बनने की ओर अग्रेसित करती है।उपर्युक्त विचार बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र बरेली की बालसभा में व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने अपनी संस्कृति अपना देश प्रतियोगिता की प्रतिभागी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदानकर एवं श्रीराम पटका पहनाकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री कमलेश सिंह ,सहायक अध्यापिका पूनम मिश्रा, मधुरिमा चंद्रा, पारुल अग्रवाल, नीलम शर्मा एवं मंजू यादव भी उपस्थित रहीं।

प्रथम बार आगमन पर राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार का हुआ जोरदार स्वागत

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों) सोमवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार व उनकी सुपुत्री नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार का हाइवे के एक रेस्टोरेंट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत कर बधाई दी। बरेली से दिल्ली जाते समय यहां पहुंचने पर श्रुति गंगवार को पटका पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी गई। श्रुति गंगवार के निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के बाद प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह रहा। भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह के नेतृत्व में हुए स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान हरिशंकर श्रीवास्तव, सौरभ पाठक, संजीव शर्मा, दिनेश पांडेय, केसी शर्मा, राहुल यदुवंशी, मुकेश शर्मा, गजेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजू कोरी, कपिल यादव, सुदीप गुप्ता, मुदित प्रताप सिंह, बबलू, कुलदीप गंगवार, पवन पांडेय, जितेंद्र सिंह, प्रेमपाल गंगवार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बड़ौदा ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक पर अभद्रता का आरोप, महिलाओं ने किया धरना प्रदर्शन किया

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की क्योलड़िया शाखा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है शाखा प्रबंधक पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए दर्जनों महिलाओं ने बैंक के बाहर धरना प्रदर्शन किया। गांव नवादा इमामाबाद निवासी कुसुमा देवी पत्नी महेश पाल स्वयं सहायता समूह की सखी हैं, जबकि जीवन कली पत्नी राजेश कुमार समूह की अध्यक्ष हैं इनके साथ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दर्जनों महिलाएं बैंक पहुंचीं महिलाओं का कहना है कि उनके समूहों के बैंक खाते ग्रामीण बैंक की क्योलड़िया शाखा में संचालित हैं। खाते से संबंधित कार्य कराने और अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए जब भी वे शाखा पहुंचती हैं, तो शाखा प्रबंधक विजय कुमार द्वारा उनके साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि बैंक में बार-बार होने वाले इस व्यवहार से वे परेशान हैं। इसी से नाराज होकर उन्होंने शाखा के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई इसके बाद महिलाओं ने मामले की जांच कराने और उचित कार्रवाई करने की मांग की। वहीं, शाखा प्रबंधक विजय कुमार का कहना है कि जिन स्वयं सहायता समूहों के महिलाओ के अभिलेख पूर्ण हैं, उनके खाते प्रतिदिन खोले जा रहे हैं। हालांकि, महिलाओं ने उनके इस पक्ष पर असहमति जताते हुए अपने आरोपों को दोहराया और कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में सोनी देवी, आशा देवी, मीरा, रिंकी, उषा, शिवानी, रेखा, धनदेई, दुर्गा देवी, मिथिलेश कुमारी, पूनमवती, मंजू, अनीता, ज्वाला देवी, विद्यावती और जीवन कली सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं। महिलाओं ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लीडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादक:
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 पूर्ण संख्या-13264

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

मातृशक्ति को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य मंचन

बरेली (आज समाचार सेवा)। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के बरेली आगमन के गरिमामयी अवसर पर बरेली क्लब मैदान स्थित शिक्षक सभा संबोधन स्थल पर एक बेहद भव्य और सराहनीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्र और 'मिशन शक्ति फेस 6.0' के विशेष अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम पूर्णतः महिला सशक्तिकरण एवं मातृशक्ति सम्मान को समर्पित रहा। जिला प्रशासन बरेली के आदेश क्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा पंजीकृत 'वीर विजय नृत्य नाट्य संस्था' के कलाकारों ने इस दौरान अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। संस्था के निदेशक रवि प्रकाश सक्सेना के कुशल निर्देशन में तैयार इस सांस्कृतिक मंचन ने उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। नारी शक्ति के प्रतीकों का जीवंत मंचन सांस्कृतिक प्रस्तुति के दौरान कलाकारों ने मां दुर्गा और मां काली के अलौकिक स्वरूपों का बेहद जीवंत और भावपूर्ण मंचन किया। कला के माध्यम से कलाकारों ने यह संदेश दिया कि नारी केवल अबला नहीं, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर महिषासुर जैसी आसुरी शक्तियों का संहार करने वाली साक्षात शक्ति का स्वरूप है। यह मंचन समाज में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक बेहतरीन और दूरगामी प्रयास साबित हुआ। पूरी टीम की चौतरफा सराहना इस भव्य प्रस्तुति में मुख्य किरदार निभाने वाले कलाकारों-हरजीत कौर, अल्पना शर्मा, लतिका तिवारी, आशा दिवाकर, नीलम वर्मा, भावना मिश्रा, देवेंद्र कुमार, सोनू, शिवम शर्मा, गोपाल श्रीवास्तव, मोहित कुमार और ऋषि रंजन सहित पूरी टीम के अभिनय और समर्पण की हर स्तर पर जमकर सराहना की गई। यह आयोजन कला और संस्कृति के माध्यम से समाज को जागरूक करने और उत्तर प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति' अभियान के संकल्प को धरातल पर उतारने की दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर उभरा है। कार्यक्रम के सफल समापन के उपरांत संस्था निर्देशक रवि प्रकाश सक्सेना ने जिला प्रशासन बरेली एवं जिला सूचना अधिकारी का आभार प्रकट किया।

राहुल यदुवंशी बने कुर्मी महासभा के जिलाध्यक्ष, दी बधाई

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने संगठन विस्तार करते हुए नथपुरा निवासी राहुल यदुवंशी को बरेली का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएल गंगवार ने बताया कि समाज के लोगों को जोड़ने और संगठन को मजबूत करने के लिए नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार को जिला संरक्षक, मनोज गंगवार को महामंत्री और राम आसरे गंगवार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिला इकाई के साथ सभी ब्लॉकों में संगठन की इकाइयां गठित की जाएंगी। बैठक में रुहेलखंड मंडल प्रभारी हरीश गंगवार, मंडल महामंत्री डॉ. संजय पटेल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

किशोर कुमार की पुण्य-तिथि पर दी किशोर के गीतों से श्रद्धांजलि

अतुल वर्मा को मिला किशोर स्मृति सम्मान

बरेली (आज समाचार सेवा)। किशोर कुमार फैंस क्लब के तत्वावधान में गायक किशोर कुमार की 39 वीं पुण्यतिथि पर गीत-संगीत के एक कार्यक्रम का आयोजन रामपुर बाग के सभागार में हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां शारदे की वंदना से रीता सक्सेना द्वारा किया गया।किशोर कुमार के गीत प्रस्तुत करने वाले बेहतरीन कलाकार अतुल वर्मा को चौथा किशोर कुमार स्मृति संगीत सम्मान दिया गया।यह सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेली कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा, विशिष्ट अतिथि कर्नल पंकज अग्रवाल और किशोर कुमार फैंस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा तथा मधु वर्मा ने प्रदान किया। गीत-संगीत की महफिल में सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने तेरी भीगी-भीगी सी सुनाकर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। डा.अतुल वर्मा का गीत पल-पल दिल के पास और मधु वर्मा का गीत नीले अम्बर से श्रोताओं ने बहुत पसंद किया। मुकेश सक्सेना ने ये दिल न होता बेचारा सुनाकर श्रोताओं की बहुत तालियां बटोरीं। प्रकाश चंद्र सक्सेना का चला जाता हूँ किसी की धुन में ने वातावरण आनंदमय कर दिया।जितेंद्र सक्सेना और रश्मि ने कांची रे कांची संयुक्त रूप से प्रस्तुति बहुत पसंद की गई।अजय चौहान ने किशोर कुमार के हिट गीत चांदनी रात में पहले भी कभी देखा है प्रस्तुत करके समा बांध दिया,प्रसिद्ध गायक सत्येन्द्र सक्सेना ने मेरे महबूब कयामत होगी की शानदार प्रस्तुति दी। गायिका शकुन सक्सेना ने ओ साथी रे तेरे बिना क्या जीना पेश करके वातावरण गुंजायमान कर दिया। अरुणा सिन्हा ने रिमझिम गिरे सावन ,अनिला रंजन ने सुंदर प्रस्तुति दी।क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने बताया कि वह हर वर्ष किशोर दा की पुण्यतिथि पर उन्हीं के गीतों से उन्हें श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद करते हैं। सभी का आभार प्रदीप माधवार ने व्यक्त किया। सरला चौधरी,वंदना अग्रवाल, निम्मी शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।संचालन सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने किया।

विदाई समारोह में पुलिसकर्मियों ने फूल-मालाएं पहनाकर दी विदाई, सराहनीय कार्यकाल की हुई प्रशंसा

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। करीब 22 महीने तक प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी संभालने वाले संजय कुमार सिंह का कार्यकाल कई मायनों में चर्चाओं में रहा। इस दौरान उन्हें हटवाने के लिए कई बार प्रयास किए जाने की चर्चाएं सामने आती रहीं, लेकिन इन कोशिशों के बावजूद वह थाने की कमान संभालते रहे। अब सोमवार को गैरजनपद तबादले के बाद उनकी पारी समाप्त हो गई। उनके कार्यकाल में गौकशी समेत विभिन्न आपराधिक घटनाओं के खुलासे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भी चर्चा रही। वही अब तेजतर्रार इंस्पेक्टर मुकेश कुमार शुक्ला को थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सोमवार को थाना सेहरामऊ उत्तरी परिसर में पूर्व थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर विदाई दी और उनके साथ बिताए कार्यकाल को याद किया। विदाई समारोह के दौरान इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए थाने के समस्त पुलिसकर्मियों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी थाने की कार्यप्रणाली बेहतर बनाए रखने में पूरे स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पुलिसकर्मियों के आपसी सहयोग और सामूहिक प्रयासों से ही जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा सकता है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग करने वाले सभी पुलिसकर्मियों के प्रति आभार जताया। करीब 22 महीने तक सेहरामऊ उत्तरी थाने की कमान संभालने वाले संजय कुमार सिंह के कार्यकाल को लेकर क्षेत्र में भी चर्चाएं रहीं। स्थानीय स्तर पर उनके कार्यकाल की सराहना की गई। थाने में आने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई, चोरी, गौकशी आदि घटनाओं के खुलासे और आरोपियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को लेकर उनके कार्यकाल को याद किया गया। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार शुक्ला ने सेहरामऊ उत्तरी थाने का चार्ज संभाल लिया है। अब उनके सामने थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की जिम्मेदारी होगी। पूर्व थाना प्रभारी के करीब 22 महीने के कार्यकाल के बाद नए प्रभारी के सामने पुलिस की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाए रखने और जनता के बीच विश्वास कायम रखने की चुनौती रहेगी। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण करना, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करना तथा वांछित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करना नए थाना प्रभारी की प्राथमिकताओं में शामिल रहने की अपेक्षा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाना और आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान कराना भी महत्वपूर्ण होगा।करीब 22 महीने तक एक ही थाने की जिम्मेदारी संभालने वाले संजय कुमार सिंह के तबादले के बाद अब क्षेत्रवासियों की निगाहें नए थाना प्रभारी की कार्यशैली पर रहेंगी। पुलिस के सामने चुनौती केवल घटनाओं का खुलासा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपराधों की रोकथाम, नियमित गश्त और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के माध्यम से ऐसी घटनाओं को होने से रोकना भी महत्वपूर्ण है। नये थाना प्रभारी के लिए जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करना और अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कदम उठाना अहम होगा। अब देखना होगा कि इंस्पेक्टर मुकेश कुमार शुक्ला अपनी कार्यशैली से थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को किस तरह मजबूत करते हैं और आम लोगों की अपेक्षाओं पर कितना खरा उतरते हैं।

ग्रामीणों ने रास्ता बंद करने के विरोध में दी धरने की चेतावनी, डीएम से लगाई गुहार

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। रेलवे विभाग द्वारा कई ग्रामों को जोड़ने वाला दशकों पुराना रास्ता बंद करने के लिए जेसीबी से खुदाई कर दी गई है। बताया जा रहा है कि रेलवे यहां अपनी हदबन्दी के लिए दीवार खड़ी करवायेगा। इस बात की जानकारी लगते ही क्षेत्रीय लोगों में रोष पनप गया। ग्रामीणों ने रास्ता बंद करने के विरोध में धरना देने की चेतावनी दी है। साथ ही डीएम से जनहित में उक्त मार्ग पर पूर्व की भांति आवागमन सुचारू रूप से जारी रखे जाने की मांग की गई है।

ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के मोहल्ला रजागंज देहात और अहमदनगर में शेरपुर रेलवे फाटक के पास चार गांवों को जोड़ने वाले रास्ते को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। रेलवे विभाग की ओर से रास्ते की खुदाई कर दीवार निर्माण की तैयारी किए जाने से क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आशीष गुप्ता को सौंपकर रास्ते की समस्या के समाधान की मांग की है। साथ ही पीलीभीत सांसद और विधायक बाबूराम पासवान को भी दूरभाष के माध्यम से मामले से अवगत कराया है। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान न होने पर 13 या 14 अक्टूबर को मौके पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।ज्ञापन के अनुसार, यह रास्ता पूरनपुर देहात, ढका, सिमरिया ताल्लुका महाराजपुर और लालपुर अमृत गांवों को जोड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता राजस्व नक्शे में भी दर्ज है। वर्ष 2021 में रास्ते के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पांच दिन तक धरना-प्रदर्शन किया था। उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे और विधायक बाबूराम पासवान के हस्तक्षेप के बाद नगर पालिका की ओर से करीब 120 मीटर लंबा पक्का नाला और रास्ता बनवाया गया था। इसके अलावा ग्राम प्रधान की ओर से लगभग 150 मीटर रास्ते का निर्माण कराया गया था। अब अचानक रास्ता बंद करने के निर्णय से लोगों में रोष व्याप्त है। ज्ञापन पर नाज़िम खान, फिरासत खां, कामिल, आरिफ खान, राजीव कुमार, रिजवान, फहीम अहमद सहित ग्रामीणों के हस्ताक्षर थे।

ग्राम प्रहरियों को मानदेय वृद्धि और पांच लाख तक कैशलेस इलाज की सौगात

लखीमपुर खीरी 13 अक्टूबर। गांवों में कानून-व्यवस्था की निगरानी और अपराध नियंत्रण में पुलिस के सहयोगी ग्राम प्रहरियों को मानदेय में बढ़ोतरी और पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा की सौगात दी गई है। मंगलवार को पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित जनपदीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। बड़ी संख्या में शामिल ग्राम प्रहरियों ने मुख्यमंत्री का संबोधन सुना।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अंजनी कुमार सिंह और नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. ईरा श्रीवास्तव ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी अमित कुमार राय के साथ किया। इस दौरान सीओ सिटी महक शर्मा और सीओ मितौली यादवेन्द्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम प्रहरी पुलिस व्यवस्था की अहम कड़ी = डीएमडीएम अंजनी कुमार सिंह ने ग्राम प्रहरियों को सरकार की ओर से घोषित सुविधाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरी ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अपराध नियंत्रण में पुलिस के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। उनकी सक्रियता से गांवों में होने वाली गतिविधियों की जानकारी समय पर पुलिस तक पहुंचती है। उन्होंने ग्राम प्रहरियों से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. ईरा श्रीवास्तव ने कहा कि ग्राम प्रहरी गांवों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस तक महत्वपूर्ण सूचनाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। मानदेय में बढ़ोतरी और पांच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा से उन्हें आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने ग्राम प्रहरियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहते हुए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

गभिया सहराई में नि:शुल्क कंप्यूटर एवं सिलाई सेंटर का हुआ भव्य शुभारंभ

पूरनपुर (पीलीभीत)। भारत-नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद की तहसील कलीनगर के गभिया सहराई क्षेत्र में शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। एकल अभियान एवं एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के तत्वावधान में नि:शुल्क कंप्यूटर एवं सिलाई सेंटर का भव्य शुभारंभ पूजा-पाठ और हवन के साथ किया गया। इस पहल का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र के छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों को कंप्यूटर शिक्षा तथा सिलाई जैसे उपयोगी कौशल सीखने का अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वह अपनी प्रतिभा को निखारकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में उपयोगी कदम बताया। सीमावर्ती क्षेत्र में इस प्रकार के प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत से स्थानीय युवाओं को नई संभावनाएं मिलने की उम्मीद जताई गई। कंप्यूटर शिक्षा आज के दौर में रोजगार, तकनीकी ज्ञान और डिजिटल सेवाओं से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। वहीं, सिलाई प्रशिक्षण के जरिए महिलाएं और युवतियां हुनर सीखकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकती हैं। ऐसे में नि:शुल्क प्रशिक्षण केंद्र ग्रामीण एवं सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। इससे उन्हें अपने क्षेत्र में ही कौशल सीखने का अवसर मिलेगा और भविष्य में रोजगार व स्वरोजगार के नए रास्ते तलाशने में मदद मिल सकती है।कार्यक्रम में एकल ग्राम संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भुवन चंद्र पाण्डेय, रजनीश पांडेय, प्रभाग-5 के एकल ग्रामोत्थान प्रभारी दिनेश भारद्वाज तथा उत्तराखंड के हरिकथा संभाग प्रभारी अमरनाथ जोशी की उपस्थिति रही। इसके अलावा संरक्षक राम नारायण, रामरतन, विमल गोलदार, पुनीत अरोड़ा और संजय तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष शिव कुमार गाइन, उपाध्यक्ष रमाशंकर, सचिव असीम मृदा, सीटीएल अध्यक्ष राम जीवन सरकार, अरविन्द कन्नौजिया, महादेव गाइन, प्रफुल्ल मिश्रा, प्रभाग प्रमुख ओमप्रकाश, सदस्य जयवीर सिंह, सुभाष सिकदर, निखिल, देव माली, जोनल कोऑर्डिनेटर राहुल, विभव सिंह, ब्रजेन, अवनीश तिवारी, धर्मपाल और सीमा राणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में गभिया सहराई राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों की मौजूदगी भी रही। उनकी सहभागिता ने कार्यक्रम को शैक्षिक एवं सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाया। उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि कंप्यूटर एवं सिलाई सेंटर के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को नई तकनीक सीखने, व्यावहारिक कौशल विकसित करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

धार्मिक स्थल की भूमि पर अवैध कब्ज़े का आरोप, शिकायत

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। गांव खमरियापट्टी के ठाकुर जी महाराज हनुमान मंदिर के नाम दर्ज भूमि पर महंत बाबा ने कुछ लोगों पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।

विकास खंड पूरनपुर अंतर्गत आने वाले गांव खमरिया पट्टी निवासी बाबा हरीराम ने बताया कि गांव खमरियापट्टी की गाटा संख्या 180 में रखवा 0.287 हे. भूमि ठाकुर जी महाराज हनुमान मंदिर के नाम दर्ज है। बाबा हरीराम ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ग्राम प्रशासक व दो अन्य लोगों ने कुछ लोगों से सांठगांठ कर मन्दिर की जमीन पर अबैध कब्जा कराने का आरोप लगाया है। जब इसका विरोध किया गया तो उक्त लोगों द्वारा तोड़-फोड़ किया गया और तख्त तोड़ दिया तथा मारपीट पर उतारू हो गए। उन्होंने मंदिर की जमीन से अबैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में धान खरीद नियंत्रण कक्ष स्थापित

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत की जाने वाली धान खरीद हेतु कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी पीलीभीत में कन्ट्रोल रूम धान खरीद नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 05882-255804 है। जानकारी दी गई है कि नियंत्रण कक्ष में देवेन्द्र सिंह व अशोक कुमार को पूर्वान्ह 09 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक तथा विमलेश कुमार व शिवराम मिश्रा को अपरान्ह 01 बजे से सांय 05 बजे तक कर्मचारियों को तैनात किया गया है। बताया गया कि धान खरीद नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) रविवार एवं राजकीय अवकाश के दिवसों को छोडकर शेष कार्य दिवसों में सुबह 09 बजे से सांय 05 बजे तक सक्रिय रहेगा। उक्त कर्मचारियों द्वारा क्रय कन्ट्रोल रूम पर आयी हुई शिकायतों व सुझावों से संबंधित समस्त कार्यों का निर्वहन किया जायेगा एवं समस्त क्रय एजेन्सियों से केन्द्रवार दैनिक खरीद का परिलेख प्राप्त कर संकलित करते हुये जनपद की धान खरीद की स्थिति से नियमित रूप से जिला खाद्य विपणन अधिकारी को अवगत करायेंगे। खरीद नियंत्रण कक्ष में एक शिकायत व सुझाव निवारण रजिस्टर बनाया जायेगा, जिसमें प्राप्त प्रत्येक शिकायत का पूरा विवरण एवं निस्तारण का विवरण अंकन किया जायेगा तथा इस शिकायत व सुझाव रजिस्टर का समयबद्ध अवलोकन जिला खाद्य विपणन अधिकारी को कराते हुए प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करायेंगे। संबंधित अधिकारियों ने अधीनस्थों को निर्देशित किया है कि उक्त लैंड लाइन नम्बर एक्टीवेट रखें तथा कोई छेडछाड न की जाये व किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी आने पर तत्काल जिला खाद्य विपणन अधिकारी को अवगत करायें।

सभासदों के शिव बारात में शामिल न होने पर सभासद संघ ने प्रशासन पर लगाया उपेक्षा का आरोप

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। श्री रामलीला महोत्सव के अंतर्गत आयोजित शिव बारात तथा शिव बारात से पूर्व तैयारी हेतु प्रशासनिक तथा जनप्रतिनिधियों की मीटिंग में ना बुलाने पर नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सभासदों ने प्रशासन की उपेक्षा के विरोध में नगर में निकाली गई शिव बारात में भाग नहीं लिया।

नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सभासद संघ अध्यक्ष अनुज कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिव बारात के लिए प्रशासन द्वारा अध्यक्ष व अन्य लोगों को पूर्व में ही आमंत्रित कर दिया गया था। जबकि 25 निर्वाचित तथा पांच नामित सभासदों को कोई लिखित सूचना नहीं दी गई।

तहसीलदार से सभासद संघ अध्यक्ष द्वारा विरोध जताने पर दोपहर बाद सोशल मीडिया के माध्यम से औपचारिक सूचना भेजी गई, जिसे सभासदों ने अपमान बताया है। श्री गुप्ता ने जानकारी दी कि सभासद संघ ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया है। नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सभासदों ने मांग की है कि भविष्य में सभी शासकीय व धार्मिक कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को समय से सम्मान सहित आमंत्रित किया जाए।

सिलेंडर में लगी आग लगने से पांच लोग झुलसे, डेढ़ वर्षीय बालिका की मौत

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में लगी आग से हड़कंप मच गया। सिलेंडर में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए, जबकि एक डेढ़ वर्षीय बालिका की जलने से मृत्यु हो गई। घायलों को उपचार हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला बमनपुरी निवासी नरेश जोशी पुत्र रघुवीर प्रसाद के घर में खाना बनाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग की चपेट में आने से नरेश जोशी, उनका 14 वर्षीय पुत्र वासु, नौ वर्षीय पुत्री माही और उनकी पत्नी ज्योति झुलस गईं। हादसे में सागर जोशी की करीब डेढ़ वर्षीय पुत्री विष्टी की जलकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सागर की पुत्री खेलने आई थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। आस-पास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की टीम व संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई। घायलों को उपचार के लिए 108 एबुलेंस अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाल पवन पांडेय भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना की बावत जानकारी जुटाई।

ट्रक और कार की भिड़ंत में चार लोग गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। खुटार-पूरनपुर हाईवे पर बारी बुझिया के पास मंगलवार तड़के ट्रक और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार बरखेड़ा निवासी संजय पुत्र गोपालचंद अपनी पत्नी पुष्पांजलि और अन्य लोगों के साथ अयोध्या गए थे। मंगलवार तड़के सभी लोग कार से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान खुटार-पूरनपुर हाईवे पर बारी बुझिया के पास सामने से आ रहे ट्रक से उनकी कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने से कार सवार चार लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद परिवार के लोग घायलों के साथ जिला अस्पताल रवाना हो गए।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामलें में मुकदमा दज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। महिला ने रिश्तेदार के दामाद पर नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जल्द नाबालिग को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में महिला ने अपने रिश्तेदार के दामाद पर बेटी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस के खिलाफ हुआ जोरदार विरोध प्रदर्शन

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। महिला मोर्चा द्वारा मणिपुर से कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल पर जेएनयू की 11 छात्राओं के रेप के गंभीर आरोप के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने बताया कि मणिपुर से कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल पर जेएनयू की 11 छात्राओं के रेप के गंभीर आरोप हैं। जो जेएनयू में प्रोफेसर भी थे। जिन पर 11 छात्रों ने शोषण का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। महिला आयोग ने भी इस विषय को संज्ञान में लेते हुए रिपोर्ट मांगी यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया। परंतु कांग्रेस पार्टी इस विषय पर बिल्कुल शांत है। जबकि कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता प्रियंका वाड्रा का कहना है लड़की हूं लड़ सकती हूं। परंतु वह इन 11 छात्रों के समर्थन में कहीं भी नजर

नहीं आ रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सक्रियता सिर्फ देश विरोधी गतिविधियों में है। राहुल गांधी स्लोगन तो बड़े-बड़े दे देते हैं। परंतु जब जमीनी स्तर पर उसको क्रियान्वित करना होता है तो विदेश भाग जाते हैं। जबकि भाजपा संगठन नारी शक्ति का सदैव सम्मान करती रही है और करती रहेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर दलजीत कौर, नगर पालिका परिषद चेयरमैन डॉक्टर आस्था अग्रवाल, जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल, पंकजा तिवारी, सृष्टि गुप्ता, शशिबाला कटियार, सुनीता सिंह, ममता श्रीवास्तव, शकुंतला देवी आदि उपस्थित रहीं।

पूरनपुर में भगवान शिव और कलीनगर में श्री राम की निकली बारात

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। ऐतिहासिक रामलीला मेले को लेकर कलीनगर में भगवान श्री राम और पूरनपुर में भगवान शिव की धूमधाम से बारात निकाली गई। इसमें सम्मिलित झांकियां आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रही कलीनगर और पूरनपुर में प्रत्येक वर्ष ऐतिहासिक रामलीला मेले का आयोजन होता है। मंगलवार को कलीनगर में कस्बे के ठाकुर द्वारा मंदिर से भगवान राम की बारात निकाली गई। मेला अध्यक्ष व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश भारती ने बताया बारात में देवी देवताओं स्वरूप सजे भगवान श्री राम, लक्ष्मण सीता, हनुमान स्वरूप सजे बच्चे आकर्षण का केंद्र रहें। बारात कलीनगर के बिभिन्न मुहल्ले होते हुए वार्ड 2 पंडरा मुहल्ले के होली चौराहे पर रुकी। यहा भगवान राम व सीता के विवाह का सजीव मंचन हुआ। कलीनगर में मुख्य मेला 27 अक्टूबर से शुरू होकर 4 नवंबर तक चलेगा। इसमें 14 अक्टूबर को राम वनवास घन्नई का मंचन हरदोई ब्रांच नहर पर किया जाएगा। इस रोमांचित और आकर्षक मंचन को देखने के लिए दूरदराज से काफी लोग पहुंचते हैं। पूरनपुर में भगवान शिव की बारात निकाली गई। इसमें विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। पूरनपुर में मेला कंट्रोलर तहसीलदार को बनाया गया है। उन्होंने भगवान शिव की बारात के अलावा पूरे मेले को शांतिपूर्ण संपन्न करने को लेकर बैठक भी की है। भगवान शिव का अखाड़ा नंदी सहित अन्य झांकियां काफी मनमोहक बनाई गई। इस दौरान विधायक बाबूराम पासवान, पूरनपुर चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना, पूरनपुर गन्ना समिति चेयरमैन नितिन दीक्षित, मुकेश गुप्ता एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पांडेय, महामंत्री सुशील सक्सेना, अनुराग मिश्रा, विकास त्रिवेदी, धनंजय मिश्रा, हर्ष प्रधान,अरविंद यादव, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सपा राज्यसभा सदस्य के जनपद आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। समाजवादी पार्टी के सांसद (राज्यसभा) एवं राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन का जनपद पीलीभीत आगमन पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बताया जाता है कि रामजीलाल सुमन ने आगामी 15 नवंबर को आगरा में आयोजित होने वाले विशाल दलित सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों एवं नेताओं के साथ बैठक कर आवश्यक चर्चा की। इस दौरान राम मंदिर में चंदे को लेकर उठे विवाद के संबंध में उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल उठाए और इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा संविधान, सामाजिक न्याय, समानता और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों को सम्मान, भागीदारी और न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 15 नवंबर को आगरा में आयोजित होने वाला विशाल दलित सम्मेलन सामाजिक न्याय की आवाज को मजबूती देने और बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के संविधान एवं विचारों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। बैठक में पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बीसलपुर डॉ0 रत्नेश गंगवार, सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान, पूर्व जिला महासचिव यूसुफ कादरी, सयुस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, अशोक राजा, रामकुमार पासवान सहित दर्जनों समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लखनऊ में एनएचएम संविदा कर्मचारियों का धरना और प्रदर्शन जारी

लखीमपुर खीरी। राजधानी लखनऊ के इको गार्डन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना और प्रदर्शन दूसरे दिन भी पूरी ताकत के साथ जारी रहा। भारी संख्या में जुटे कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन के बीच हालांकि शासन-प्रशासन की ओर से बातचीत के प्रयास किए गए, लेकिन कोई ठोस सहमति न बन पाने के कारण यह गतिरोध अभी भी बना हुआ है।

?प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मयंक ठाकुर जी ने भारी संख्या में मौजूद संविदा कर्मचारियों को संबोधित किया और सरकार की नीतियों के खिलाफ हुंकार भरी। कर्मचारियों का कहना है कि यह विशाल भीड़ इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि स्वास्थ्य सेवाएं अब पटरी से उतर चुकी हैं। यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लिया और सकारात्मक रुख नहीं अपनाया, तो आने वाले दिनों में आम जनमानस की मुश्किलें और अधिक बढ़ जाएंगी। इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व शासन और प्रशासन का होगा।

सैनिकों का शौर्य देश की ताकत, उनका सम्मान हमारा कर्तव्य

लखीमपुर खीरी, 13 अक्टूबर। सरहद की हिफाजत में जिनका जीवन समर्पित रहा, उनके शौर्य और त्याग को मंगलवार को सलाम किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत कलेक्ट्रेट के अटल सभागार में आयोजित वीरगाथा एवं सैनिक सम्मान समारोह में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को नमन किया। वीर सैनिकों के अनुभवों ने समारोह में देशभक्ति और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद पूर्व सैनिक सार्जेंट रामपाल सिंह, सूबेदार संतोष सिंह सेना मेडल, सूबेदार बाबूराम, सूबेदार बालकराम वर्मा, सिपाही रामप्रकाश शुक्ला और सूबेदार गुरनाम सिंह को माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

अनुभवों में दिखा देशसेवा का जज्बा*

समारोह में पूर्व सैनिकों ने अपने सैन्य जीवन के अनुभव और वीरगाथाएं साझा कीं। उनके अनुभवों में देश की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति समर्पण की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम ने नई पीढ़ी को सैनिकों के संघर्ष, साहस और राष्ट्र के प्रति उनके दायित्वों से परिचित कराने का संदेश दिया।

सैनिकों का सम्मान राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता = डीएम*

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सैनिकों का शौर्य, त्याग और समर्पण पूरे देश के लिए प्रेरणा है। सीमाओं की सुरक्षा से लेकर देश की संप्रभुता की रक्षा तक, सैनिक हर परिस्थिति में अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखते हैं। उनके योगदान को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। पूर्व सैनिकों का सम्मान करना उनके सेवाकाल के योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना है। उनके अनुभव और जीवन मूल्य युवाओं को अनुशासन, साहस और राष्ट्रसेवा की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान तथा संवेदनशीलता बनाए रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

लखीमपुर नहर पटरी पर दो करोड़ रुपये से लगेंगी 200 लाइटें

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर नगर पालिका परिषद द्वारा छाउछ नहर से सीतापुर रोड स्थित गुरु नानक इंटर कॉलेज के सामने से डॉन बॉस्को कॉलेज नहर पुलिया तक करीब दो किलोमीटर मार्ग पर 200 खंभे लगाकर लाइटें लगाएगी, शासन से परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है और जल्द काम शुरू होगा, इससे छाउछ, राजगढ़ और बड़खेरवा , पंजाबी कालोनी समेत आसपास के क्षेत्रों के लोगों तथा विद्यार्थियों को रात में आवागमन में सुविधा मिलेगी

अमरिया तिहरे हत्याकांड में आठ आरोपी हिरासत में, गुस्साए परिजनों ने हरिद्वार हाईवे किया जाम

पीलीभीत। अमरिया कस्बे में रामलीला मेला कमेटी के विवाद में सोमवार रात हुए तिहरे हत्याकांड के बाद मंगलवार को परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित परिजनों ने मंगलवार दोपहर करीब 3ः30 बजे हरिद्वार हाईवे पर थाने जाने वाले मोड़ के पास जाम लगा दिया। उन्होंने आरोपियों का एनकाउंटर करने और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। बाद में अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव ने ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजनों ने जाम खोल दिया। उधर, घटना के बाद कस्बे में तनाव को देखते हुए पीलीभीत समेत तीन जिलों का पुलिस बल तैनात किया गया है। सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे रामलीला मेला कमेटी के विवाद में हुई फायरिंग में दो सगे भाइयों अंकित गुप्ता और मोहित गुप्ता के साथ 14 वर्षीय कुणाल श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। घटना में रोज गुप्ता घायल हो गए, जिनका बरेली में उपचार चल रहा है। तीन लोगों की हत्या से कस्बे में दहशत और आक्रोश का माहौल है। मंगलवार दोपहर बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार के महिला और पुरुष हरिद्वार हाईवे पर थाने जाने वाले मोड़ के पास एकत्र हो गए। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। इससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब 15 मिनट तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। जाम खुलवाने पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान थाना प्रभारी अमित सिंह और पीड़ित परिवार के लोगों के बीच नोकझोंक भी हुई। स्थिति को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त हो गया और लोग अपने घर लौट गए। प्रदर्शन के दौरान कुछ आक्रोशित महिलाओं ने वाहनों को घेर लिया और उन्हें थपथपाने लगीं। इससे राहगीरों में दहशत फैल गई। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद महिलाओं को सड़क से हटाया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। तिहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी कौशल गुप्ता समेत आठ लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें कौशल गुप्ता, उसका भाई हर्षित गुप्ता, पिता नरेश गुप्ता, चाचा संतोष गुप्ता और संतोष का बेटा रचित गुप्ता शामिल हैं। इनके अलावा राकेश अरोड़ा, आशु और विक्की मौर्य को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस सभी की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई संतोष गुप्ता के नाम की लाइसेंसी राइफल, एक अवैध तमंचा, दो कारें और लाठी-डंडे बरामद किए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव और जिलाधिकारी आलोक कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। मंगलवार सुबह बरेली रेंज के डीआईजी अजय कुमार साहनी भी अमरिया पहुंचे और जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस के मुताबिक, अमरिया कस्बे की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सूरज गुप्ता सरिया-सीमेंट की दुकान चलाते हैं, जबकि कमेटी के सदस्य कौशल गुप्ता की गारमेंट्स की दुकान है। नौ अक्टूबर को कमेटी की बैठक में कौशल गुप्ता ने पिछले करीब चार वर्षों के आय-व्यय और चंदे का हिसाब मांगा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच मतभेद चल रहे थे। हालांकि, इस विवाद को लेकर पहले पुलिस में शिकायत किए जाने की जानकारी सामने नहीं आई थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, सोमवार रात दोनों पक्षों के कुछ लोग एक विद्यालय में आयोजित बैठक से लौट रहे थे। इसी दौरान कस्बे में उनके बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान कौशल गुप्ता पक्ष के संतोष गुप्ता ने अपनी लाइसेंसी राइफल से फायरिंग कर दी। गोली लगने से अंकित गुप्ता, मोहित गुप्ता और कुणाल श्रीवास्तव की मौत हो गई, जबकि रोज गुप्ता घायल हो गए। तिहरे हत्याकांड के बाद अमरिया कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एहतियात के तौर पर पीलीभीत समेत तीन जिलों का पुलिस बल तैनात किया गया है। मृतकों और आरोपियों के घरों के बाहर पुलिसकर्मी निगरानी कर रहे हैं। मुख्य मार्ग पर करीब सौ मीटर के दायरे में दोनों पक्षों के घर होने के कारण विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कस्बे के बाजार में कुछ दुकानें बंद रहीं, जबकि पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के अनुसार, आरोपियों के घरों के आसपास भी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस मामले की जांच और आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। तिहरे हत्याकांड से जुड़ा करीब 13 सेकंड का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें कुछ लोग राइफल और तमंचा लहराते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने यह वीडियो बनाया था। पुलिस मामले से जुड़े साक्ष्यों की जांच कर रही है।

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों ने देखी फिल्म हनुमान अंश

पीलीभीत। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल द्वारा दोनों शाखाओं के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए आज कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए फिल्म हनुमान अंश देखने हेतु शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजक एवं प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना तथा उनमें भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और जीवन के आदर्शों के प्रति रुचि विकसित करना था। विद्यालय द्वारा आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फिल्म हनुमान अंश के माध्यम से विद्यार्थियों को भगवान हनुमान से जुड़े आदर्शों, साहस, शक्ति, समर्पण, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता जैसे गुणों को समझने का अवसर मिला। फिल्म ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना धैर्य, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ करना चाहिए। साथ ही, अच्छे संस्कारों, अनुशासन और दूसरों की सहायता करने की भावना के महत्व को भी समझने का अवसर प्राप्त हुआ। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को नियमित शैक्षणिक दिनचर्या से हटकर एक आनंददायक सामूहिक अनुभव प्रदान किया। साथियों के साथ फिल्म देखने से उनमें आपसी सहयोग, सामाजिक व्यवहार और सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी की भावना को प्रोत्साहन मिला। विद्यालय के शिक्षकों ने पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन और सुव्यवस्था का ध्यान रखा। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा एवं प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ ऐसे रचनात्मक एवं सांस्कृतिक अनुभवों को भी महत्वपूर्ण मानते हैं। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ अच्छे संस्कार, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास विकसित करना है। यह फिल्म भ्रमण विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन के साथ प्रेरणा और सीख का एक यादगार अनुभव रहा। इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में योगदान देती हैं तथा उन्हें जीवन के सकारात्मक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

रातभर भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु, सुबह तारा रानी की कथा के बाद वितरित हुआ प्रसाद

पीलीभीत, बरखेड़ा। नगर पंचायत बरखेड़ा के वार्ड नंबर-3 में स्टेशन रोड की करण दीवाना एवं जागरण पार्टी की ओर से भव्य धार्मिक जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में महिला एवं पुरुष कलाकारों ने सुंदर-सुंदर धार्मिक झांकियों और भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पूरी रात भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा तथा बड़ी संख्या में भक्तजन जागरण में पहुंचकर भजनों का आनंद लेते रहे। जागरण के दौरान गणेश-लक्ष्मी, बालाजी महाराज, राधा-कृष्ण, माता शेरावाली, शिव-पार्वती, काली माता तथा कृष्ण-सुदामा की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुरुष कलाकार आकाश बरेली सहित महिला कलाकारों ने सुंदर भजनों और धार्मिक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रातभर चले जागरण में श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। सुबह करीब चार बजे के बाद तारा रानी की कथा सुनाई गई। इसके उपरांत सुबह भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में कमेटी के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया, जिससे धार्मिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जागरण के आयोजन में कैलाश मौर्य, कुलदीप मौर्य, दिनेश मौर्य, रमेश मौर्य, रामेश्वर दयाल मौर्य, चंदन शर्मा और नरेंद्र मौर्य सहित मौर्य परिवार के समस्त सदस्यों एवं अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत में जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

पीलीभीत। मेरा युवा भारत, पीलीभीत के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आपदा प्रबंधन, आपदा जोखिम को कम करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाधि महाविद्यालय के प्राचार्य दुष्यंत कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा के समय जागरूकता, सतर्कता और सही निर्णय लेने की क्षमता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने युवाओं को आपदा से बचाव के उपायों की जानकारी प्राप्त करने, समाज में जागरूकता फैलाने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन एवं राहत-बचाव दलों का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपदा जोखिम को कम करने के लिए जनभागीदारी और पूर्व तैयारी आवश्यक है। महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर कविता कनौजिया ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से होने वाले नुकसान को जागरूकता, सावधानी और उचित तैयारी के माध्यम से कम किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आपदा से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त करें और अपने परिवार तथा समाज को भी सुरक्षित रहने के प्रति जागरूक करें। वहीं, असिस्टेंट प्रोफेसर गजेंद्र कुमार ने आपदा प्रबंधन में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आपदा के समय धैर्य बनाए रखना, सुरक्षा नियमों का पालन करना तथा प्रशिक्षित राहत-बचाव दल के निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को आपदा से पहले तैयारी रखने और आपातकालीन परिस्थितियों में जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की ओर से अरुण चौधरी (सहायक चालक), कुशल कुमार, शिवम कुमार एवं शिव चंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आपदा से बचाव, जोखिम न्यूनीकरण और आपातकालीन सुरक्षा के प्रति जागरूकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर सत्येंद्र नारायण, असिस्टेंट प्रोफेसर राखी मिश्रा, दिवाकर सिंह एवं अनुपम कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को आपदा के प्रति जागरूक रहने और सुरक्षित समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में गांधी सभागार में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आधार सेवा के प्रतिनिधि संदेश श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया जिसमें जनपद में उपलब्ध रजिस्टर वाइज मशीनों व आधार की प्रगति के विषय में बताया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अनिवार्य आधार अपडेट के समस्त प्रकरणओं का यथा शीघ्र निस्तारण किया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि शारदा नदी के पार बसे ग्रामों में यू डाइस पर पेंडिंग आधार अपडेशन के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में पोस्ट ऑफिस द्वारा बहुत कम मात्रा में आधार बनाए जा रहे हैं या अपडेट किया जा रहे हैं इनकी संख्या बढ़ाई जाए। स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास विभाग जीरो से 5 वर्ष के बच्चों का समेकित रूप से आधार पंजीकरण करें और बाल विकास विभाग में प्राप्त मशीनों द्वारा 100 प्रतिशत आधार बनाए जाएं। आधार के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि निःशुल्क बायोमैट्रिक अपडेट की तिथि जो की 30 सितंबर 2027 हो गई है इसका प्रमुखता से प्रचार प्रसार किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिकारियों में अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सपा सांसद रामजीलाल सुमन और जिलाध्यक्ष धर्मेंश गंगवार का डॉ. रत्नेश गंगवार के नेतृत्व में भव्य हुआ स्वागत

पीलीभीत, बीसलपुर। बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र (130) में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी पद के दावेदार डॉ. रत्नेश गंगवार के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महासचिव रामजीलाल सुमन तथा पीलीभीत के जिलाध्यक्ष धर्मेंश गंगवार का भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। बीसलपुर विधानसभा में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, कई प्रमुख पदाधिकारी एवं समर्थक रहे मौजूद स्वागत कार्यक्रम में पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सभी ने अतिथियों का स्वागत कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के संगठन और क्षेत्रीय राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा रही। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम प्रताप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गायत्री गंगवार, हरिपाल नायक, अमित गौतम, उजाला बाबू, हाफिज इसरार, हाफिज नूर अली अजहरी, विवेक कुमार, अकील, बली उल्ला, मुख्तदिर हयात, छात्र सभा के मोहित पटेल, अंशुल और विनय सहित अन्य कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। डॉ. रत्नेश गंगवार के नेतृत्व में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में स्थानीय सपा नेताओं और समर्थकों की भागीदारी रही।

ग्राम सावेपुर पहुंचीं दिव्या गंगवार, ग्रामीणों ने सड़क, जलभराव और भूमि अभिलेखों की उठाईं समस्याएं

पीलीभीत, बीसलपुर। बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सावेपुर में समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं महिला सभा की नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दिव्या गंगवार ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पानी की पाइपलाइन, जलभराव, खेती-किसानी, बंदरों के आतंक, छुट्टा पशुओं और राजस्व अभिलेखों में गड़बड़ियों से जुड़ी समस्याएं उनके सामने रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सड़क और पाइपलाइन से संबंधित समस्याओं के कारण लोगों को आवागमन सहित कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ समय पहले गांव में पानी की टंकी की पाइपलाइन बिछाई गई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद उसमें रिसाव होने लगा। इसके चलते दोबारा खुदाई करनी पड़ी, जिससे ग्रामीणों को असुविधा हुई। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से पाइपलाइन की गुणवत्ता और मरम्मत की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। ग्रामीणों ने गांव और खेतों में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने की समस्या भी उठाई। किसानों के अनुसार, बारिश का पानी खेतों में जमा होने से धान की फसल प्रभावित होने की आशंका है। खेतों में पानी भरा होने के कारण फसल की कटाई में भी दिक्कतें आ रही हैं। किसानों ने जलनिकासी की व्यवस्था सुधारने और खेतों से पानी निकालने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। गांव में बंदरों के आतंक और छुट्टा पशुओं की समस्या से भी ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों के कारण लोगों को रोजमर्रा के कामों में दिक्कतें होती हैं, जबकि छुट्टा पशु खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों ने संबंधित अधिकारियों से इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं को उठाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि कई लोगों के भूमि संबंधी अभिलेखों में अंश गलत दर्ज हैं। इन त्रुटियों को ठीक कराने के लिए उन्हें बार-बार तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने फर्द और खतौनी में दर्ज गलतियों को दुरुस्त कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने दिव्या गंगवार के गांवों और नगर में पहुंचकर लोगों का हालचाल जानने तथा उनकी समस्याएं सुनने की पहल की सराहना की। कुछ ग्रामीणों ने उन्हें परिवार की बेटी जैसा बताते हुए कहा कि जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहने और समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने वाले जनप्रतिनिधियों की आवश्यकता है। दिव्या गंगवार ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि इन जनसमस्याओं को उचित मंच पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जनता के बीच पहुंचकर उनकी परेशानियों को समझना और उनके समाधान के लिए आवाज उठाना उनकी प्राथमिकता है।

दिल्ली जाने की तैयारी के बीच कांग्रेस नेता डॉ. नागेश चंद्र पाठक को हाउस अरेस्ट किए जाने का दावा

पीलीभीत, बीसलपुर। बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र (130) से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के सदस्य डॉ. नागेश चंद्र पाठक को दिल्ली जाने की तैयारी के बीच घर पर रोके जाने की जानकारी सामने आई है। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र के राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। डॉ. नागेश चंद्र पाठक कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव भी हैं। उनके साथ बी-ब्लॉक अध्यक्ष राजू मिश्रा का नाम भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली जाने की तैयारी के दौरान उन्हें घर पर ही रोके जाने की बात सामने आई है। हालांकि, उन्हें किस कारण से रोका गया, इस संबंध में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं। वहीं, डॉ. नागेश चंद्र पाठक को घर पर रोके जाने के मामले में पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान अथवा कार्रवाई की पुष्टि उपलब्ध नहीं हो सकी है। ऐसे में हाउस अरेस्ट किए जाने के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार है।

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में ट्रॉमा अवेयरनेस वीक का शुभारंभ, गोल्डन ऑवर के महत्व से कराया अवगत

पीलीभीत। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद की टाइगर शाखा एवं महिला सहभागिता के समन्वय से श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) मेडिकल कॉलेज द्वारा ट्रॉमा अवेयरनेस वीक का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों को दुर्घटनाओं के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर तथा समय पर उपचार के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में एस.आर.एम.एस मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित प्रियदर्शी ने बताया कि किसी गंभीर दुर्घटना या आपात स्थिति के बाद का पहला घंटा गोल्डन ऑवर कहलाता है। इस दौरान सही समय पर जांच, सहायता और प्राथमिक उपचार मिलने से घायल व्यक्ति की जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने सड़क दुर्घटना, बिजली का झटका लगने, सांप के काटने, आग लगने तथा हृदयाघात जैसी आपात स्थितियों में शीघ्र चिकित्सा सहायता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्राथमिक उपचार के एबीसीडी सिद्धांतों की जानकारी देते हुए बताया कि सही समय पर उठाए गए कदम जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके पश्चात देवदत्त पोरवाल एवं आफरीन आलम ने सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रतिभागियों ने हैंड्स-ऑन गतिविधि के माध्यम से सीपीआर का अभ्यास किया तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया को समझा। कार्यक्रम में अंकित मिश्रा ने दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि पर प्रकाश डालते हुए सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना के समय त्वरित सहायता की आवश्यकता बताई। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों के माध्यम से इस विषय की गंभीरता से अवगत कराया। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य डॉ. आरिज अल्वी, सूर्यकांत, कविता सिंह एवं दीपक पाठक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से एस.आर.एम.एस मेडिकल कॉलेज की टीम को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना, शाखा अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा तथा महिला सहभागिता की संयोजक कुमकुम अग्रवाल उपस्थित रहीं। उन्होंने भविष्य में शाखा के समन्वय से एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज द्वारा कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी भी दी। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा एवं प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समाजोपयोगी बताते हुए जीवन रक्षा से जुड़ी जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम ने उपस्थित प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सजग रहने, सही प्राथमिक उपचार सीखने तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित किया।

गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में समेटिव असेसमेंट-1 का परिणाम घोषित, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

पीलीभीत। गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल, पीलीभीत में समेटिव असेसमेंट-1 का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा। विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उपहार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की मेहनत को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की चेयरपर्सन सोनिया गोस्वामी, प्रबंधक निशांत गोस्वामी, प्रधानाचार्या जया घोष और विद्यालय प्रमुख विष्णुप्रिया उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी कमियों को पहचानकर नियमित अध्ययन करने और निरंतर सुधार की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। समेटिव असेसमेंट-1 के परिणाम में कक्षा प्रथम रोज में अर्जित शर्मा ने पहला, सिद्धांत ने दूसरा और राधिका शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम सनफ्लावर में सक्षम गंगवार प्रथम, फैज रजा द्वितीय और अर्पित वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इसी कक्षा में काव्यांश को अधिकतम उपस्थिति के लिए सराहा गया। जांगरोली परिसर की कक्षा प्रथम रोज में स्वाति श्री ने पहला, बिलाल हसन शम्सी ने दूसरा और साद रजा खान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बिलाल हसन शम्सी को अधिकतम उपस्थिति के लिए भी सम्मानित किया गया। कक्षा द्वितीय सन में सैयद रेयान अली ने प्रथम, सृष्टि शर्मा ने द्वितीय और वैष्णवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा द्वितीय सनफ्लावर में श्रेया पांडेय प्रथम, दित्या चैधरी द्वितीय और समर्थ गंगवार तृतीय स्थान पर रहे। इस कक्षा में तक्ष को अधिकतम उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा तृतीय रोज में शफात ने प्रथम, अथर्व मिश्रा ने द्वितीय और मोहित लोधी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय सन में शुभ गंगवार प्रथम, आकर्ष गुप्ता द्वितीय और यशस्वी तृतीय स्थान पर रहीं। जांगरोली परिसर की कक्षा तृतीय रोज में भी शफात, अथर्व मिश्रा और मोहित लोधी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांचवीं रोज में अर्जित मौर्य ने पहला, शिवाजी सिंह ने दूसरा और सिद्धार्थ मौर्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवीं सूरजमुखी में रौनक कश्यप प्रथम, जाह्नवी मिश्रा द्वितीय और युवांश तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, जांगरोली परिसर की कक्षा पांचवीं में उत्कर्ष गंगवार ने 89.5 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, आरुषी ने 85.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय और झलक ने 85.41 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा आठवीं रोज में पाखी लोधी प्रथम, अतिरेक सक्सेना द्वितीय और मेहुल गंगवार तृतीय स्थान पर रहे। इसी कक्षा में आकांक्षा सिंह को अधिकतम उपस्थिति के लिए सराहा गया। कक्षा आठवीं सनफ्लावर में कनिष्क सिंह ने प्रथम, अयान-उल-हक शम्सी ने द्वितीय और सौरभ गंगवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कक्षा में मिनहाज हुसैन को अधिकतम उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन सोनिया गोस्वामी ने कहा कि परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और सीखने की प्रक्रिया को दर्शाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने और निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षकों के समर्पण और बच्चों की मेहनत की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने, विषयों को समझकर सीखने और अपनी कमियों में सुधार करने की सलाह दी। प्रधानाचार्या जया घोष ने समय प्रबंधन, अनुशासन, नियमित अभ्यास और आत्ममूल्यांकन को बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए आवश्यक बताया। वहीं, विद्यालय प्रमुख विष्णुप्रिया ने सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास को सफलता का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्लेग्रुप से केजी तक के नन्हे विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। वहीं, कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए और उनके उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा उनसे मिली सीख के बारे में जानकारी दी। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में अभिव्यक्ति, तार्किक सोच, व्यावहारिक ज्ञान और प्रस्तुतीकरण कौशल विकसित करने पर जोर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) से संबद्ध है। आगामी समेटिव असेसमेंट की तैयारी के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप विद्यार्थियों को शैक्षणिक मार्गदर्शन दिया जाएगा। विद्यालय में पढ़ाई के साथ रचनात्मक गतिविधियों और परियोजना आधारित शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को अपनी उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने और आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने का संदेश दिया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत

पत्रांक 586/न0पा0परि0पी0/2025-26 दिनांक 13/10/26

सीलबन्द निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मों/एजेन्सी को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा एकता सरोवर पार्क में कैंटीन, वाटर कूलर, प्रसाधन का संचालन एवं अनुरक्षण पार्क पार्किंग नौका बिहार के 03 वर्ष के लिए संचालन हेतु दिनांक 13/10/26 से दिनांक 20/10/26 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करायी जाती हैं। जो कि दिनांक 21/10/26 समय सायं 04:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत में समस्त ठेकेदारों/फर्मों/एजेन्सी की उपस्थिती में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी।

क्रम सं०	कार्य का नाम	न्यूनतम आगणन धनराशि	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य
1	एकता सरोवर पार्क में कैंटीन, वाटर कूलर, प्रसाधन का संचालन एवं अनुरक्षण पार्क पार्किंग नौका बिहार	231725/-	25,000/-	275/87/-

नोटः-उपरोक्त से सम्बन्धित शर्ते पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत

सुभाषित *क्रोध हमारा ऐसा शत्रु है जो हमारे जीवनका अंत करनेका सामर्थ्य रखता है। यह तलवारकी तेज धारकी भांति है। यह सब कुछ नष्ट कर सकता है।* ❐ ***नीतिशतकम्***

अर्थशास्त्रका नोबेल

मंदी, महंगी और बेरोजगारी किसी एक देशकी समस्या नहीं है, बल्कि कमोबेश पूरा विश्व इस समस्यासे ग्रसित है। मंदी और महंगीका सीधा सम्बन्ध बेरोजगारीसे है। किसी भी देशके विकास और खुशहालीकी कल्पना तबतक नहीं की जा सकती है जबतक उस देशमें महंगी, मंदी और बेरोजगारीकी जटिल समस्याएं बनी हुई हैं। इस सन्दर्भमें वर्ष २०२६ का अर्थशास्त्रका नोबेल पुरस्कार अमेरिकाके दो अर्थशास्त्रियों राबर्ट ई.हाल और माइकल वुडफोर्डको उनके शोधके लिए दिया जाना विशेष रूपसे महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है, क्योंकि इन दोनों विद्वानोंने मंदी और महंगीसे निबटनेके लिए दशकोंके प्रयासके बाद एक माडल तैयार किया है। उसका लाभ उठाकर विश्वके ऐसे अनेक देश जो मंदी, महंगी तथा बेरोजगारीकी समस्यासे आक्रान्त हैं, निजात या राहत प्राप्त कर सकते हैं। नोबेल समितिके अनुसार इन अर्थशास्त्रियोंने अपने शोधसे यह निष्कर्ष निकालनेका प्रयास किया है कैसे इस महासंकटसे उबरा जाय। वर्ष २००८ के वैश्विक वित्तीय संकटके बाद केन्द्रीय बैंकोंने जो नीतियां अपनायीं उसमें इस नये माडलकी विशेष भूमिका रही। उनका कार्य बताता है कि पूरी अर्थव्यवस्थाको समझनेके लिए केवल जीडीपी, महंगी या बेरोजगारी जैसे बड़े आंकड़े पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह समझना भी जरूरी है कि व्यक्ति और कम्पनियां भविष्यको लेकर क्या सोच रही हैं और उसके आधार आज क्या निर्णय ले रही हैं। राबर्ट हालका महत्वपूर्ण योगदान यह रहा कि लोग अपनी आय और भविष्यकी सम्भावनाओंको देखते हुए खर्च और बचतका निर्णय कैसे लेते हैं जबकि माइकल वुडफोर्डने भविष्यकी अपेक्षाओंपर ध्यान केन्द्रित किया है। कम्पनियोंके मूल्य निर्धारण और मौद्रिक नीतिकी विश्वसनीयतापर उन्होंने विशेष जोर दिया है। वुडफोर्डने एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह निकाला है कि मौद्रिक नीति केवल ब्याज दर बदलनेका नाम नहीं है। केन्द्रीय बैंकका संचार भी स्वयं एक आर्थिक उपकरण है। हाल और वुडफोर्डके कार्यको समझनेके लिए १९७० के दशककी अर्थव्यवस्थापर ध्यान देना होगा। उस समय पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओंमें महंगी और बेरोजगारी दोनों एक साथ बढ़ी थी। इसने लागत बढ़ायी और आर्थिक वृद्धिको भी प्रभावित किया था। हाल और वुडफोर्डके माडल नीति-निर्माताओंको यह समझनेमें सहायता करते हैं कि परिवारों और कम्पनियोंकी अपेक्षाएं किस प्रकार नीतिगत फैसलेको अर्थव्यवस्थामें प्रसारित करती हैं। इसमें विश्वास और भविष्यकी अपेक्षाएं भी काफी महत्वपूर्ण है। भारत जैसी तेजीसे बढ़ती अर्थव्यवस्थाके लिए इस नोबेलका सन्देश विशेष रूपमें महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत महंगी, रोजगारकी आवश्यकता और विकासकी गतिसे जुड़ी चुनौतियोंका एक साथ समाना कर रहा है। वर्ष २०२६ का अर्थशास्त्रका नोबेल वर्तमान वैश्विक अर्थव्यवस्थाके लिए अत्यन्त सामयिक है और इसका लाभ पूरा विश्व उठा सकता है।

मरीजोंके हितमें बड़ा फैसला

केन्द्र सरकारका देशभरके चिकित्सा संस्थानोंको अपनी सेवाओं और सुविधाओंके शुल्क स्पष्ट रूपसे बोर्डपर दर्शानेका निर्देश मरीजों और उनके परिजनोंके हितमें बड़ा और सार्थक कदम है। खास बात यह है कि यह शुल्क बोर्ड ऐसी जगह लगानी होगी, जहां वह सभीको आसानीसे नजर आये। इससे मरीजोंसे मनमाना वसूलीपर अंकुश लगेगा और मरीज तथा तीमारदारोंकी भी पूरी जानकारीमें रहेगा कि किस जांच और सेवाके लिए उसे कितना शुल्क देना है। इस सम्बन्धमें केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशोंको सोमवारको पत्र लिखकर निर्देश जारी किया है। शुल्क विवरण स्थानीय भाषा और अंग्रेजीमें दिये जानेकी अनिवार्यता महत्वपूर्ण है। इससे मरीज अथवा उनके परिजनोंको समझनेमें आसानी होगी। केन्द्रका यह भी कहना महत्वपूर्ण है कि राज्य क्लिनिकल स्टेबसलिस्मेंट एक्ट वर्ष २०१० में पारित हुआ था और वर्ष २०१२ में इसे अधिसूचित किया गया था, लेकिन अधिकतर राज्योंमें इसके प्रावधान अबतक लागू नहीं हो सके, जो गम्भीर चिन्ताका विषय है। स्वास्थ्य सेवाओंकी मूल्य निर्धारण पारदर्शिता बढ़ाने और मरीजोंको अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करानेके लिए केन्द्रकी पहल स्वागतयोग्य है लेकिन यह कागजोंतक ही सिमटकर न रह जाय, इसपर विशेष ध्यान देनेकी जरूरत है। इसपर सतत निगरानी रखी जानी चाहिए। चिकित्सा संस्थानोंमें जिस तरह मरीजोंके शोषणकी घटनाएं देखने-सुननेको मिल रही हैं वह मानवीय संवेदनाओंको तार-तार करने वाली हैं। इसपर प्रभावी अंकुश लगना चाहिए। व्यापक पारदर्शितासे न केवल अनावश्यक बिलसे जुड़े विवाद कम करनेमें मदद मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य देखभाल प्रणालीमें भी लोगोंका भरोसा और विश्वास बढ़ेगा। सरकारने यह कदम पारदर्शिता, जवाबदेही और मरीजोंको अच्छी स्वास्थ्य सेवा देनेके उद्देश्यसे उठाया है जिसका सार्थक परिणाम धरातलपर दिखना चाहिए।

लोक संवाद

ब्रिटेन छोड़कर भाग रहे अरबपति

महोदय,-ब्रिटेनके कई धनाढ्य कारोबारी और अरबपति देशकी बदहाल व्यवस्था और नीतियोंसे परेशान होकर अब ऐसे देशोंका रुख कर रहे हैं, जहां की व्यवस्था एवं परिस्थितियां उनके लिए अधिक अनुकूल है। ऐसेमें अमीर निवेशकोंको स्विट्जरलैंड, मोनाको, ग्रीस और दुबई जैसे ठिकाने आकर्षित कर रहे हैं। ब्लूमबर्गकी रिपोर्टके मुताबिक इस रुझानसे ब्रिटेनकी वैश्विक वित्तीय केन्द्रके रूपमें प्रतिष्ठा और वहांके संपत्ति कारोबारपर असर पड़नेकी चिन्ता बढ़ी है। हालांकि उपलब्ध सरकारी आंकड़े बताते हैं कि करमें विशेष छूट लेने वाले धनी विदेशी निवासियोंकी संख्यामें कुल गिरावट अबतक सीमित रही है। ब्रिटेनके धनी कारोबारी पहलेसे ही स्विट्जरलैंडके जिनेवा, इटलीके मिलान और मोनाको जैसे ठिकानोंको पसन्द करते रहे हैं। अब कुछ दूसरे देश भी उन्हें आकर्षित कर रहे हैं। हालांकि सभी कारोबारी केवल कर बचानेके लिए ही देश नहीं बदलते। उनके फैसलोंमें जीवनशैली, बच्चोंकी शिक्षा, उत्तराधिकार कानून, सांस्कृतिक गतिविधियां और कारोबारके अवसर भी अहम भूमिका निभाते हैं। तेल कारोबारी पियरे आंद्रांने दुबईका रुख किया, जबकि अरबपति रे डालियोने अबू धाबीमें अपना पारिवारिक निवेश कार्यालय स्थापित किया है। रिपोर्टके अनुसार ग्रीस कुछ विदेशी आयपर १५ वर्षतक स्थानीय करसे छूट देता है, जबकि तुर्कियेमें यह लाभ २० वर्षतक मिल सकता है। तुर्कियेमें उत्तराधिकार कर भी अपेक्षाकृत कम बताया गया है। स्पेनमें भी विदेशी पेशेवरोंके लिए विशेष कर व्यवस्था है, जिसे फुटबॉल खिलाड़ी डेविड बेकहमके नामपर बेकहम कानून कहा जाता है। इसके तहत पात्र लोगोंको एक निश्चित अवधितक विशेष दरसे कर देनेकी सुविधा मिल सकती है। नीदरलैंड और स्वीडन जैसे देश भी कुछ पेशेवर वर्गोंके लिए कर संबंधी रियायतें देते हैं। ऐसे विकल्प ब्रिटेनके उन कारोबारियोंके लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं, जो करके साथ-साथ जीवनशैली और व्यावसायिक सुविधाओंकी तुलना करते हैं। वित्तीय कम्पनियोंने ब्रिटेनमें कारोबार करनेकी लागत और कर संबंधी नियमोंपर सवाल उठाये हैं। माइकल प्लैटकी कम्पनी ब्लूकरेस्ट कैपिटल मैनेजमेंटने इस वर्ष कहा कि कुछ वरिष्ठ कारोबारियोंके कर निर्धारणपर अदालतमें फैसला आनेके बाद ब्रिटेन अब कारोबारके लिए पहले जैसा आकर्षक विकल्प नहीं रहा। अरबपति एलेक्स गेरको भी कारोबारसे अर्जित कुछ मुनाफेपर करके विवादमें कानूनी लड़ाई हार चुके हैं। इन घटनाओंने ब्रिटेनकी कर नीतियों और कारोबारी माहौलको लेकर बहस तेज की है। हालांकि कुछ प्रमुख धनाढ्य लोगोंके देश छोड़नेकी खबरोंको पूरे अमीर वर्गके पलायनका प्रमाण नहीं माना जा सकता। **-आर.पी. सिंह, वाया ईमेल।**

वस्त्र उद्योग का हब बनता भारत

इन दिनों टेक्सटाइल सेक्टरसे संबंधित रिपोर्टोंमें रेखांकित किया जा रहा है कि भारत विश्वके प्रमुख देशोंके साथ हुए एफटीए और सरकार द्वारा टेक्सटाइल क्षेत्रको दिये जा रहे बहुआयामी प्रोत्साहनोंके दमपर टेक्सटाइलका नया ग्लोबल हब बननेकी राहपर अत्यंत तीव्र गतिसे आगे बढ़ रहा है।

❐ **डा. जयंतीलाल भंडारी**

इसी वर्ष जुलाई माहमें नयी दिल्लीके भारत मंडपममें आयोजित भारत टेक्स २०२६ ने न केवल वैश्विक टेक्सटाइल जगतमें भारतके लिए एक स्वर्णिम इतिहास रचा है, बल्कि संपूर्ण विश्वको यह स्पष्ट और सशक्त संदेश भी दे दिया है कि भारत अब वैश्विक वस्त्र आपूर्ति श्रृंखलाका एक विश्वसनीय, अनिवार्य और प्रमुख ग्लोबल हब बननेकी दिशामें अग्रसर है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीके दूरदर्शी '५-एफ' दृष्टिकोण- फार्म (खेत), फाइबर (रेशा), फैक्टरी (कारखाना), फैशन और फॉरेन (विदेश) को पूरी तरह जीवन्त करने वाला यह आयोजन दुनियाका सबसे बड़ा एकीकृत टेक्सटाइल मेला बनकर उभरा है। नि:संदेह इस वर्ष २०२६ में देशका टेक्सटाइल सेक्टर लगभग १९० अरब अमेरिकी डालरके बड़े आकारतक पहुंच चुका है, जिसका मुख्य राष्ट्रीय लक्ष्य विजन २०३० के तहत इसे बढ़ाकर ३५० अरब डालरतक ले जाना है। इस अत्यन्त महत्वपूर्ण लक्ष्य प्राप्त करनेकी दिशामें सरकारकी नयी टेक्सटाइल रणनीति और दुनियाकी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओंके साथ संपन्न हो रहे मुक्त व्यापार समझौते अत्यंत प्रभावी और निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। भारत सरकारने बेहद सुनियोजित रणनीतिके तहत इन एफटीए समझौतोंमें टेक्सटाइल सेक्टरको सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय निर्यातकोंके लिए दुनियाके सबसे बड़े, संपन्न और विकसित बाजारोंमें शून्य आयात शुल्क प्रवेश (जीरो-ड्यूटी एक्सेस) का सुगम मार्ग निश्चित ही प्रशस्त हुआ है।इस दिशामें सबसे ऐतिहासिक कदम भारत और ब्रिटेनके बीच १५ जुलाईसे लागू हुआ व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीटा) है। इस समझौतेके अंतर्गत ब्रिटेन सरकारने भारतीय टेक्सटाइल और परिधानोंपर पूर्वमें लगने वाले १२ प्रतिशततकके उच्च आयात शुल्कको पूरी तरहसे समाप्त कर दिया है। इस बड़ी और महत्वपूर्ण रियायतके बाद ब्रिटिश बाजारमें भारतीय कपड़े और रेडीमेड गारमेंट्स हमारे पारम्परिक प्रतिस्पर्धी देशों, जैसे कि बंगलादेश और वियतनामकी तुलनामें अत्यधिक सस्ते, आकर्षक और वाणिज्यिक रूपसे प्रतिस्पर्धी हो गये हैं। इस समझौतेके लागू होने तथा भारतीय निर्यातकोंकी उन्नत पूर्व-तैयारीके चलते वर्तमानमें ब्रिटेनके बाजारोंसे भारतीय टेक्सटाइलकी मांगमें तीव्र और ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की जा रही है। इसके अतिरिक्त गत एक जूनसे भारत और ओमानके बीच लागू व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) के अंतर्गत ओमानने भी भारतके टेक्सटाइल उत्पादों सहित ९९ प्रतिशतसे अधिक घरेलू उत्पादोंपर आयात शुल्कको पूरी तरहसे शून्य कर दिया है। संयुक्त अरब अमीरात, आस्ट्रेलिया और यूरोपियन फ्री ट्रेड असोसिएशनके साथ सफलतापूर्वक संचालित हो रहे व्यापारिक समझौतोंने पहले ही भारतीय टेक्सटाइल निर्यातको एक नयी ऊंचाई और सुदृढ़ आधार प्रदान कर दिया है। इस वित्तीय वर्ष २०२६-२७ में अप्रैलसे अगस्त २०२६ की अवधिके दौरान भारतका कुल कपड़ा निर्यात १४.९ अरब डालरके आंकड़ेतक पहुंच गया है, जो गत वर्षकी समान अवधिकी तुलनामें सालाना आधारपर १०.३ प्रतिशतकी ठोस वृद्धिको दर्शाता है। इस समयावधिके दौरान कॉटन टेक्सटाइलके क्षेत्रमें १८.० प्रतिशत, मानव निर्मित वस्त्रोंके क्षेत्रमें १३.६ प्रतिशत और हस्तशिल्पके क्षेत्रमें ४४ प्रतिशतकी उल्लेखनीय संचयी वृद्धि दर्ज की गयी है। वस्त्र निर्यातकोंको वैश्विक प्रतिस्पर्धाके इस दौरमें बड़ी राहत और संबल प्रदान करते हुए सरकारने आरओएससीटीएल योजनाको ३१ दिसम्बर २०२६ तक आगे बढ़ा दिया है, जिससे आगामी वैश्विक त्योहारी सीजनके बड़े ऑर्डर्सको समयपर पूरा करनेमें भारी मदद मिल रही है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के ताजा आंकड़ोंके अनुसार मुख्य कपड़ा उद्योग (यार्न और फैब्रिक) ने अगस्त २०२६ के दौरान १३.१ प्रतिशतकी मजबूत मासिक वृद्धि और चालू वित्त वर्षमें ११.९ प्रतिशतकी शानदार संचयी वृद्धि दर्ज की है।निश्चित रूपसे गार्टेक्स और 'भारत टेक्स २०२६' जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनोंके माध्यमसे देशमें डेनिम लेजर फिनिशिंग और तकनीकी वस्त्रों (टेक्निकल टेक्सटाइल्स) के क्षेत्रमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और ऑटोमेशन आधारित स्मार्ट विनिर्माणको बहुत तेजीसे अपनाया जा रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि भारतको दुनियाका सर्वश्रेष्ठ टेक्सटाइल हब बनानेके लिए केन्द्र सरकार 'पीएम मित्र' (मेगा एकीकृत टेक्सटाइल क्षेत्र और परिधान) योजनाके अंतर्गत देशके सात प्रमुख राज्योंमें सात विशाल और अत्याधुनिक टेक्सटाइल पार्क स्थापित करनेकी दिशामें युद्धस्तरपर कार्य कर रही है। देशके इन सभी सात राज्यों (तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र) में सौ प्रतिशत भूमिका अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है तथा आवश्यक पर्यावरण मंजूरियां भी प्राप्त हो चुकी हैं। इन सातों पार्कोंके पूर्ण विकसित और कार्यात्मक हो जानेके बाद देशमें लगभग ७०००० करोड़ रुपयेका कुल निवेश आकर्षित होगा और तकरीबन २१ लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगारके नये अवसर सृजित होंगे। वर्तमान समयमें भी यह संपूर्ण क्षेत्र देशके ५.३ करोड़से अधिक लोगोंको प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही, कपड़ा मंत्रालयकी 'सामर्थ २.०' योजनाके तहत देशके युवाओंको आधुनिक मशीनोंपर कुशलतापूर्वक कार्य करनेके लिए री-स्किलिंग और अपस्किलिंगका प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भारतीय निर्यातकोंको वैश्विक बाजारमें निरन्तर प्रतिस्पर्धी बनाये रखने और घरेलू विनिर्माणको और अधिक सुदृढ़ करनेके लिए सरकारने कपासके आयातपर लगने वाले सीमा शुल्क (कस्टम ड्यूटी) को अक्तूबर २०२६ तकके लिए पूर्ण रूपसे माफ कर दिया है। वैश्विक स्तरपर प्रचलित 'चाइना प्लस वन' रणनीतिके कारण अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक कम्पनियां आज भारतको एक सुरक्षित, विश्वसनीय और दीर्घकालिक विनिर्माण साझेदारके रूपमें देख रही हैं इन्हीं बहुआयामी और दूरदर्शी सुधारोंके परिणामस्वरूप प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसी आईसीआरएने भारतीय टेक्सटाइल क्षेत्रके समग्र परिदृश्यको नकारात्मकसे उन्नत करके स्थिर (स्टेबल) घोषित कर दिया है। इन तमामअनुकूल परिस्थितियों, सरकारी पहलों और सकारात्मक आर्थिक संकेतकोंके बावजूद, भारतीय टेक्सटाइल सेक्टरके मार्गमें कुगम्भीरऔर संरचनात्मक चुनौतियां आज भी बनी हुई हैं, जिनपर समय रहते ध्यान देना अनिवार्य है। यद्यपि पिछले वर्ष कच्चे वस्त्रों (सूत और कपड़े) के निर्यातमें अच्छी वृद्धि दर्ज की गयी है, तथापि तैयार रेडीमेड कपड़ोंके घरेलू उत्पादन एवं निर्यातमें अपेक्षित गति नहीं आ पायी है जिससे कई स्तरोंपर राजस्व वृद्धि सीमित बनी हुई है। देशके सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अब भी अपेक्षाकृत महंगी ब्याज दरोंपर ऋण प्राप्त हो रहा है। देशके प्रमुख वस्त्र उत्पादन केन्द्रोंमें आज भी कुशल कारीगरों और तकनीशियनोंकी पर्याप्त कमी महसूस की जा रही है। साथ ही कपासका एक प्रमुख उत्पादक देश होनेके बावजूद भारतकी प्रति हेक्टेयर कृषि उत्पादकता वैश्विक औसतसे काफी नीचे है, जिससे कच्चे मालकी गुणवत्ता और उपलब्धता प्रभावित होती है। यदि भारतको वैश्विक वस्त्र-परिधान बाजारमें अपनी हिस्सेदारीको सुदृढ़ करना है तो कई उपाय करने होंगे।

अत्यंत महत्वपूर्ण लक्ष्य प्राप्त करनेकी दिशामें सरकारकी नयी टेक्सटाइल रणनीति और दुनियाकी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओंके साथ संपन्न हो रहे मुक्त व्यापार समझौते अत्यंत प्रभावी और निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। भारत सरकारने बेहद सुनियोजित रणनीतिके तहत एफटीए समझौतोंमें टेक्सटाइल सेक्टरको सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय निर्यातकोंके लिए दुनियाके सबसे बड़े, संपन्न और विकसित बाजारोंमें शून्य आयात शुल्क प्रवेशका सुगम मार्ग निश्चित ही प्रशस्त हुआ है।

भारतीय संस्कृतिमें सम्मानकी अवधारणा

सच्चा सामाजिक सुधार तभी निर्मित हो सकता है जब हम आयातित वैचारिक सिद्धांतोंके चश्मेसे भारतीय समाजको देखना बंद करें। सनातन संस्कृतिमें निहित मातृसत्ताकी अवधारणा सम्मान और सह-अस्तित्वपर आधारित है।

❐ **संजय राय**

जब आधुनिक राजनीतिके शीर्ष चेहरे समकालीन मंचोंसे 'स्मैश द पैट्रियार्की' (पितृसत्ताका समूल नाश) जैसे आयातित नारोंको भारतीय समाजपर थोपनेका प्रयास करते हैं, तब वैचारिक धरातलपर एक गहरा विरोधाभास उभरता है। पश्चिमी अकादमिक जगतसे उधार ली गयी यह शब्दावली भारतीय मानसपर तब थोपी जा रही है, जब इस देशकी रगोंमें मातृसत्ताका सम्मान अनादिकालसे बह रहा है। सनातन संस्कृति, इतिहास और भारतके राजनीतिक सफरनामेको टटोलनेपर यह साफ हो जाता है कि जिस नारी-स्वातंत्र्यको पश्चिम आज कानूनी और सामाजिक संघर्षोंके बाद भी पूरी तरह हासिल नहीं कर पाया, वह भारतकी मूल चेतनामें सदियोंसे स्थापित है। राजनीतिक नैरेटिव गढ़नेकी होड़में हमारे राजनेता इतिहासके उन बुनियादी सत्योंको भूल जाते हैं जो हमारी पहचानका आधार हैं।भारतीय उपमहाद्वीपकी सांस्कृतिक यात्रा विश्वकी अन्य सभी सभ्यताओंसे इस मायनेमें अलग है कि यहां ईश्वरत्वको केवल पुरुष रूपमें नहीं, बल्कि सर्वोच्च शक्ति और चेतनाके रूपमें 'स्त्री' यानी आदिमाया भगवतीके रूपमें स्वीकारा गया। सनातन परम्परामें किसी भी शुभ कार्य या अनुष्ठानका आरम्भ पुरुष देवताओंकी स्तुतिसे नहीं, बल्कि मातृ शक्तियोंके आह्वानसे होता है। वैदिक विधानके अनुसार, विघ्नहर्ता गणेशकी पूजासे भी पहले 'गौरी' की पूजा अनिवार्य है। हमारे शास्त्रोंमें षोडश मातृका (सोलह देवियां) और चौंसठ योगिनियोंकी आराधनाका विधान इसका जीवंत प्रमाण है। षोडश मातृकाओंमें गौरी, पद्मा, शची, मेधा, सावित्री, विजया और देवसेना जैसी देवियां शामिल हैं, जो बुद्धि, शक्ति, पोषण, संतोष और समाजकी रक्षाकी प्रतीक हैं। इसी तरह चौंसठ योगिनियों (जैसे दिव्ययोगिनी, महायोगिनी, सिद्धयोगिनी, कालरात्रि) की संकल्पना ब्रह्मह्मांडीय ऊर्जाके उस प्रचंड और गतिशील स्वरूपको दर्शाती है, जहां स्त्री तत्वको सृष्टिके सृजन और नियंत्रणका मुख्य केन्द्र माना गया। यह व्यवस्था पुरुषोंके वर्चस्वके विरोधमें नहीं खड़ी हुई थी, बल्कि यह पुरुषोंसे आगे बढ़कर मातृसत्ताकी सर्वोच्चताको स्वाभाविक रूपसे स्थापित करती थी।यह भ्रांति अक्सर सुनियोजित ढंगसे फैलायी जाती है कि प्राचीन भारतमें महिलाओंको ज्ञान और सामाजिक विमर्शसे दूर रखा गया। इसके विपरीत ऋग्वेद और अन्य वैदिक साहित्योंको उठाकर देखें तो वहां ऋषिकाओं (महिला ऋषियों) द्वारा रचित ऋचाएं और सूक्त पूरे आदरके साथ समाहित हैं। गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा, घोषा और अपाला जैसी विदुषियोंने न केवल जटिल दार्शनिक बहसोंमें हिस्सा लिया, बल्कि अपनी मेधासे महान ऋषियोंको भी निरुत्तर किया। सनातनने ज्ञानकी कमान 'सरस्वती' को दी, धन और समृद्धिकी अधिष्ठात्री 'लक्ष्मी' को बनाया और शक्ति का संचय 'दुर्गा' में देखा। जीवनके तीन सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ-ज्ञान, धन और शक्ति-तीनों ही मातृसत्ताके अधीन सौंपे गये थे। सालमें दो बार आने वाला नवरात्रका उत्सव इस बातका प्रमाण है कि भारतमें उत्सवधर्मिताका मूल भी नारीकी आराधनामें ही निहित है। जब हम आधुनिक राजनीतिके पन्नोंको पलटते हैं तो भारतका इतिहास पश्चिमी देशोंकी तुलनामें कहीं अधिक प्रगतिशील नजर आता है। बीसवीं सदीके उत्तरार्धमें, विशेषकर १९६० के दशकमें जब पश्चिमी दुनिया (अमेरिका और यूरोप) में महिलाएं अपने बुनियादी राजनीतिक अधिकारों, मताधिकार और संसदमें समान प्रतिनिधित्वके लिए सड़कोंपर कड़ा संघर्ष कर रही थीं, उस समय भारतकी जनताने लोकतांत्रिक तरीकेसे देशके सर्वोच्च और सबसे शक्तिशाली पद यानी प्रधान मंत्रीके दायित्वपर इंदिरा गांधीको बैठाया था। यह कोई आकस्मिक घटना नहीं थी। भारतके मानसने कभी भी महिलाको नेतृत्व सौंपनेमें संकोच नहीं किया, क्योंकि भारतकी चेतना राजाके समानांतर 'राजमाता' और 'महारानी' (जैसे जीजाबाई, अहिल्याबाई होल्कर, रानी लक्ष्मीबाई) के नेतृत्वको सदियोंसे देखती आ रही थी। पश्चिमके लिए जो महिला अधिकार एक आधुनिक कानूनी लड़ाई है, भारतके लिए वह हमेशासे एक सांस्कृतिक सहजता रही है।राजनीतिक मंचोंसे जब राहुल गांधी या अन्य नेता पितृसत्ताको ध्वस्त करनेके उग्र नारे लगाते हैं तो वे अनजानेमें ही सही, भारतके इस गौरवशाली अतीतकी अनदेखी कर जाते हैं। पश्चिमी देशोंमें पितृसत्ता एक संस्थागत और दमनकारी व्यवस्थाके रूपमें रही, जहां महिलाओंको लम्बे समयतक संपत्ति रखनेका अधिकार भी नहीं था। परन्तु भारतमें विदेशी आक्रमणों और मध्यकालके दौरान पैदा हुई सामाजिक विकृतियोंको छोड़ दिया जाय तो वैचारिक और आध्यात्मिक धरातलपर कभी भी मातृशक्तिको दोयम दर्जेका नहीं माना गया। भारतको नारी सशक्तीकरणका पाठ बाहरसे सीखनेकी आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता इस बातकी है कि हम अपनी मूल सनातनी चेतनाको पहचानें, जहां स्त्रीका स्थान पुरुषके पीछे नहीं, बल्कि उसके मार्गदर्शकके रूपमें सबसे आगे तय किया गया है। सच्चा सामाजिक सुधार तभी निर्मित हो सकता है जब हम आयातित वैचारिक सिद्धांतोंके चश्मेसे भारतीय समाजको देखना बंद करें। सनातन संस्कृतिमें निहित मातृसत्ताकी अवधारणा दमनपर नहीं, बल्कि सम्मान और सह-अस्तित्वपर आधारित है। राजनीतिको यदि वास्तवमें समाजका कल्याण करना है तो उसे इन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक तथ्योंको स्वीकार करना होगा। 'स्मैश द पैट्रियार्की' जैसे आक्रामक और विभाजित करने वाले नारोंके स्थानपर यदि 'गौरी-गणेश' की उस मूल भावनाको आत्मसात किया जाय जिसमें मातृशक्तिको प्रथम स्थान प्राप्त है तो समाज स्वत: ही अधिक संतुलित और न्यायपूर्ण बन जायगा।

आत्मबोध

अंतःशुद्धिका महापर्व

❐ **श्वेता गोयल**

नवरात्रि पर्व आदि शक्ति मां दुर्गाकी पूजाका पावन पर्व है। वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्यकी दृष्टिसे भी चैत्र तथा आश्विन नवरात्रका ही सर्वाधिक महत्व माना गया है। आश्विन मासके शुक्ल पक्षकी प्रतिपदासे शारदीय नवरात्रकी शुरुआत होती है, जिसमें देवी दुर्गाके अलग-अलग रूपोंकी पूजा की जाती है। नवरात्रिके ये नौ दिन पूर्ण रूपसे मां दुर्गा और उनके आठ अलौकिक अवतारोंके पूजनको समर्पित हैं और नवरात्रिका हर दिन इन्हींमेंसे एक अवतारसे जुड़ा है। मां दुर्गाके इन नौ अलौकिक अवतारोंके माध्यमसे सही मायनोंमें स्त्रीत्वके उत्कर्षका स्वरूप पूर्णत: परिलक्षित होता है। मां दुर्गाके ये नौ रूप हैं शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। मान्यता है कि नवरात्रके इन नौ दिनोंमें मां दुर्गाके अलग-अलग स्वरूपोंकी पूजा करनेसे विशेष पुण्य मिलता है और मां दुर्गा अपने भक्तोंके सभी कष्ट हर लेती हैं। नवरात्रिके संबंधमें एक कथानुसार देवी दुर्गाने महिषासुर नामक असुरके साथ नौ दिनतक युद्ध किया था और नवमीकी रात्रिको ही देवीने उसका वध किया था, तभीसे देवी दुर्गाको महिषासुरमर्दिनीके नामसे भी जाना जाता है। विभिन्न पुराणों एवं शास्त्रोंमें उल्लेख मिलता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम रामने भी लंका विजयसे पहले मां दुर्गाकी आराधना कर उनसे आशीर्वाद और युद्धके लिए अनुमति ली थी और मां शक्तिके आशीर्वादके कारण ही वे युद्ध जीते थे। शिवपुराणके अनुसार देवी दुर्गाकी उत्पत्ति दुर्गम नामक एक महाबली दैत्यको मारनेके लिए हुई थी, जिसने ब्रह्माजीसे वरदान प्राप्त करनेके बाद चारों वेदोंको लुप्त कर दिया था। वेदोंके अदृश्य हो जानेसे समस्त वैदिक क्रियाएं बंद हो गयी थी। इन संकटोंके निवारणके लिए सभी देवता महेश्वरी योगमायाकी शरणमें गये और योगमाया देवी दुर्गाने दुर्गम राक्षसका वध किया। मां दुर्गाको अनंतकोटि ब्रह्मांडोंकी अधीश्वरी देवी माना गया है, जो सम्पूर्ण विश्वको सत्ता और स्फूर्ति प्रदान करती हैं, जिनकी शक्तिसे ही ब्रह्मादि देवता उत्पन्न होते हैं, जिनसे विश्वकी उत्पत्ति होती है। यह पर्व स्त्रीके स्वयंमें शक्ति होनेका उल्लास भी है और सही मायनोंमें यह पर्व स्त्रीत्वका आनन्दोत्सव ही है।

राष्ट्रीय चेतनाकी अमर धरोहर रामलीला

❐ **दीपकुमार शुक्ल**

यूनेस्कों द्वारा विश्वकी अमूर्त धरोहरके रूपमें सूचीबद्ध रामलीलाको परम्परागत लोकनाट्य विधाओंमें सर्वाधिक पुष्ट एवं समृद्ध लोकनाट्य माना जाता है। लगभग एक माहतककी अवधिमें मंचित होने वाली रामलीलाएं भारतकी प्राचीन संस्कृतिके सार्वभौमिक स्वरूपका दर्शन करानेमें सर्वथा सक्षम हैं। रामलीला मात्र सनातन संस्कृति एवं सभ्यताके उच्च आदर्शोंका निरूपण अथवा भक्तिमय धार्मिक चेतनाके संचरणका साधनभर नहीं है, बल्कि साहित्यिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, राजनीतिक तथा राष्ट्रीय चेतनाके संवेगात्मक प्रवाहोत्कर्षसे भी ओतप्रोत है। रामलीला अयोध्याके राजा दशरथके पुत्र रामके जीवनसे जुड़ी घटनाओंका मात्र नाट्य रूपान्तरण नहीं अपितु भारतीय संस्कृति एवं सभ्यताके उच्च आदर्शोंकी गाथा है। यह गाथा है उच्च मानवीय मूल्यों की। यह गाथा है उच्च आदर्शवादी समाज की। यह गाथा है आदर्शोंके उच्चतम शिखरपर दृढ़तासे खड़ी राजनीतिकी। यह गाथा है आदर्श परिवारकी। यह गाथा है मर्यादाकी सीमाओंमें बंधे ईमानदार एवं दृढ़ निश्चयी व्यक्तित्व की। रामलीलाका प्रारम्भ किस समय अवधिमें हुआ इसका ज्ञान शायद ही किसीको हो। यह अवश्य कहा जा सकता है कि लोकगीतोंमें रामकथाका गायन जितना पुराना है, रामलीलाको भी उतना ही प्राचीन मानना चाहिए, क्योंकि लोकगीतों एवं लोकनाट्योंका अन्त: सम्बन्ध नकारा नहीं जा सकता है। यदि यह कहा जाये कि लोकनाट्य लोकगीतोंका ही नाट्य रूपान्तरण हैं तो अतिसंयोक्ति नहीं होगी। सुदूर ग्रामीण अंचलोंमें अपने अस्तित्वकी लड़ाई लड़ते रामकथापर आधारित लोकनाट्य आज भी देखनेको मिल जायेंगेद्य चित्रकूट क्षेत्रमें 'राउत' जन समुदाय द्वारा खेले जाने वाले नाटक रामकथापर ही आधारित हैं। उत्तरांचलका लोकनाट्य 'रम्मान', गुजरातका 'भवाई', महाराष्ट्रका 'ललित' तथा बंगालका 'जात्रा' इसके प्रमुख उदाहरण हैं। 'श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण' रामकथाका सबसे प्राचीन ग्रन्थ माना गया है। लवकुश द्वारा रामकथाका गायन भी तभी किया गया था। उसके बादसे रामकथाका गायन किसी न किसी रूपमें निरन्तर होता चला आ रहा है। जो कि संस्कृतके छन्दबद्ध श्लोकों तथा लोकभाषा दोनों ही रूपोंमें प्रचलित हुआ। रामलीलाकी प्रतिष्ठा भी इसीके साथ-साथ होती चली गयी। महाभारत तथा हरिवंश पुराणमें रामके चरित्रको लेकर नाटकका उल्लेख मिलता है। महाकवि भवभूतिका 'महावीरचरितम' तथा 'उत्तर-रामचरितम', महर्षि भासका 'प्रतिमानाटक', 'अभिषेकनाटक' एवं 'यज्ञफल', मुरारिका 'अनर्घराघव', मायूराज (अनंगहर्ष) का 'उदात्तराघव', राजशेखरका 'बाल रामायण', केरल नरेश कुलशेखर वर्माका 'आश्चर्य चूड़ामणि', जयदेवका 'प्रसन्न राघव' तथा पंडित दामोदर मिश्र कृत 'हनुमान्नाटक' आदि मंचके लिए ही लिखे गये थे। 'हनुमान्नाटक' के बारेमें कहा जाता है कि इस नाटकको स्वयं हनुमान जीने पत्थरकी शिलाओंपर लिखा था, जिन्हें बादमें समुद्रमें डाल दिया गया था। ११वीं शताब्दीमें धारानगरीके राजा भोजने उन शिलाखण्डोंको समुद्रसे निकलवाया और उनकी सभाके सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित दामोदर मिश्रने उन बिखरे हुए श्लोकोंको एकत्र करके क्रमबद्ध रूपसे संकलन और सम्पादन किया। इस तरह गोस्वामी तुलसीदास जीके पूर्व भी रामलीलाकी समृद्ध परम्परा रही है। तुलसीदासजीने अपनी प्रसिद्ध कृति 'रामचरितमानस' के आधारपर रामकथाका मंचन प्रारम्भ कराके रामलीलाको एक नया स्वरूप प्रदान किया था। रामलीलाका यही स्वरूप आज भारतके कोने-कोनेमें लोकप्रियताके चरमपर है। परम्परागत रूपसे मंचित होती आ रही रामलीलाओंके इतिहासको आप यदि खंगालना शुरू करेंगे तो पायेंगे कि इन रामलीलाओंने समाजको सदैव दिग्भ्रमित होनेसे बचाया है। विदेशी आक्रान्ताओं द्वारा भारत भूमिपर असंख्य बार किये गये आक्रमणों और अत्याचारोंसे लड़नेकी शक्ति और सामर्थ्य समाजको सदैव रामलीलासे ही प्राप्त हुई है। भारतके स्वाधीनता संग्राममें रामलीलाकी महती भूमिकाके अनगिनत उदहारण प्राप्त होते हैं। आज भले ही रामलीला हिन्दुत्व और अतिशय भक्तिके प्रदर्शनका माध्यम बनती जा रही हो, धनके अपव्ययकी प्रतिस्पर्धाका केन्द्र बन रही हो अथवा मनोरंजनके साधनके रूपमें देखी जाती हो। परन्तु समाजको दिशा देनेकी उसकी क्षमतामें कोई कमी नहीं आयी है। नित-निरन्तर नवीन वैज्ञानिक अविष्कारोंसे आच्छादित होते जा रहे विश्वके किसी भी देश या समाजने रामलीलाके जीवन आदर्शोंसे इतर किसी अन्य आदर्श विचारधाराका अविष्कार अभीतक नहीं कर पाया है। जब भी कभी समाजके नैतिक पतन तथा अवमूल्यनपर चिन्तन और मनन करनेकी आवश्यकता पड़ेगी। तब समाजको रामकथा या रामलीलाके आदर्शों और मर्यादाओंका आधार ग्रहण करना ही पड़ेगा। जब-जब मानवताको तार-तार करनेका कलुषित प्रयास होगा तथा विकृत मानसिकताएं राष्ट्रके अस्तित्वको चुनौती देंगी। तब-तब सतत संघर्षकी प्रेरणा रामलीलासे ही प्राप्त होगी।आज रामकथाका मंचसे कहीं अधिक प्रभावी प्रदर्शन दूरदर्शनके विभिन्न चैनलोंपर देखनेको मिल रहा है। आधुनिक कैमरों और कम्प्यूटरके सामंजस्यसे दिखाये जाने वाले दृश्य जहां वास्तविकताके एकदम निकट होते हैं वहीं विभिन्न ग्रन्थों और लोककथाओंसे प्राप्त की गयी शोधपरक जानकारीका नाट्य-रूपान्तरण सदियों पुरानी घटनाको और भी अधिक नवीन तथा रोचक बना रहा है। परन्तु रामकथाके उच्च आदर्शोंको समाजमें प्रवाहित करनेकी जो क्षमता रंगमंचीय रामलीलामें है वह दूरदर्शन या ऐसे किसी अन्य माध्यममें प्रतीत नहीं होती है। अत: रामलीलाके मूल स्वरूपको अक्षुण्ण बनाये रखनेकी महती आवश्यकता है। प्रबुद्ध वर्गकी रामलीलासे होती जा रही विरक्तिके कारण इसका संचालन धीरे-धीरे उन हाथोंमें पहुंच रहा है जो इसे मनोरंजनका साधन बनाना चाहते हैं। जिससे रामलीलाके मूल स्वरूपका क्षरण होना स्वाभाविक है। अतएव प्रबुद्ध वर्गको इसे अपना सामाजिक दायित्व समझकर इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अपनी सतत भूमिका सुनिश्चित करनी ही चाहिए। वर्ष २००५ में यूनेस्को द्वारा रामलीलाको विश्वकी अमूर्त धरोहर घोषित किया गया था।अत: सरकारी स्तरपर रामलीलाके संरक्षण संवर्धनके लिए विशेष कार्य-योजनाएं बननी चाहिए थीं। परन्तु दुर्भाग्यसे किसी भी सरकारने आजतक ऐसा कुछ भी नहीं किया। त्रिनिडाड और टोबैगोमें रामलीलाके संरक्षण, संवर्धन और आयोजनके लिए सबसे प्रमुख संस्था नेशनल रामलीला काउंसिल आफ त्रिनिडाड एण्ड टोबैगोको वहांकी संसद द्वारा पारित अधिनियम २०१२ के तहत आधिकारिक रूपसे स्थापित किया गया है। इस परिषदके अन्तर्गत देशके विभिन्न हिस्सोंके लगभग ३५ से अधिक स्थानीय रामलीला समूह पंजीकृत हैं। यह परिषद इन सभी समूहोंको आपसमें जोड़ने और वार्षिक प्रदर्शनोंकी योजना बनानेका काम करती है। केवल रामलीलाका मंचन ही नहीं कराती, बल्कि यह विश्वविद्यालयों और भारतीय उच्चायोगके साथ मिलकर रामलीला हेरिटेज सिम्पोजियम (विरासत संगोष्ठी) और शोध कार्योंका भी आयोजन करती है। ताकि आने वाली पीढ़ीको इसके इतिहाससे अवगत कराया जा सके। भारत सरकारको भी कुछ ऐसी ही पहल करनी चाहिए।

रामलीलाओं में केवट लीला, भरत मिलाप और सीता हरण का भावपूर्ण मंचन

दशरथ मरण के मार्मिक दृश्य ने दर्शकों को किया भावुक, कलाकारों के अभिनय और प्रभु श्रीराम के जयघोष से गूंजे रामलीला मंच

आज समाचार सेवा

● गांधी पार्क में श्री राधा कृष्ण मंदिर क्लब के तत्वावधान में दशरथ मरण, केवट लीला और भरत मिलाप का मंचन हुआ।

सहारनपुर। महानगर में विभिन्न रामलीला समितियों की ओर से आयोजित रामलीला एवं दशहरा महोत्सवों में केवट लीला, दशरथ मरण, भरत मिलाप और सीता हरण के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से भगवान श्रीराम की मयार्दा, केवट की भक्ति, भरत के त्याग और भाईचारे तथा रावण के छल की घटनाओं को जीवंत कर दिया। मार्मिक दृश्यों के दौरान दर्शक भावुक हो उठे।

श्री आशुतोष रामलीला समिति के 15वें रामलीला एवं दशहरा महोत्सव में केवट लीला, दशरथ मरण और भरत मिलाप का मंचन हुआ। दशरथ के रूप में जय कालरा और भरत के रूप में प्रिंस कपिल के अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर किया। गौरव चानना ने राम, विनय दुग्गल ने लक्ष्मण, अनुष्का शर्मा ने कैकेयी और मीत तिवारी ने केवट की भूमिका निभाई। बच्चों के लिए रामलीला से संबंधित प्रश्नमंच भी आयोजित किया गया। लेबर कॉलोनी में मानवीय कल्याण समिति की रामलीला में केवट की निष्काम भक्ति और राम-भरत मिलाप के प्रसंगों ने दर्शकों को भावुक किया। समिति अध्यक्ष प्रदीप कपिल, महामंत्री विश्वनाथ तिवारी और कोषाध्यक्ष संजय राय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन विजय गुप्ता और एडवोकेट सतीश चौधरी ने किया।

गांधी पार्क में श्री राधा कृष्ण मंदिर क्लब के तत्वावधान में दशरथ मरण, केवट लीला और भरत मिलाप का मंचन हुआ। अतुल सचदेव ने राम, हर्ष ठाकुर ने लक्ष्मण, संकल्प नैब ने दशरथ और विशाल ने भरत का अभिनय किया। हरविंदर गोसाई और आनंद कुमार के निर्देशन में प्रस्तुत लीला ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

वहीं, नुमाइश कैंप के गोपाल नगर में सुपर क्लब के 33वें रामलीला एवं दशहरा महोत्सव में सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। विपिन ने शूर्पणखा, कुशाग्र नैब ने राम, तनु शर्मा ने सीता, अक्षय सूरी ने लक्ष्मण और नितिन खुराना ने रावण की भूमिका निभाई। संजय सौदाई के निर्देशन में प्रस्तुत लीला में स्वर्ण मृग, लक्ष्मण रेखा और जटायु प्रसंग आकर्षण का केंद्र रहे।

श्री कृष्णा राम नाटक क्लब के तत्वावधान में भी राम वनवास और केवट लीला का मंचन हुआ। उद्धव कोडंड ने राम, कुबेर नरूला ने लक्ष्मण, सोफिया मीना ने सीता, सुरेश निझावन ने दशरथ, मंजू प्रसाद ने कैकेयी और सनी अरोड़ा ने केवट की भूमिका निभाई। विभिन्न आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सहारनपुर में वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, 12 बाइक-स्कूटी बरामद

आज समाचार सेवा

● थाना मंडी पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, एसपी सिटी व्योम बिंदल ने दी जानकारी; एक आरोपी पर पहले से कई मुकदमे दर्ज

सहारनपुर। थाना मंडी पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 10 मोटरसाइकिल, दो स्कूटी और 2200 रुपये नकद बरामद किए हैं। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में एसपी सिटी व्योम बिंदल ने प्रेस वार्ता कर कार्रवाई की जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, आली की चुंगी निवासी गुलशेर अहमद और चांद कॉलोनी निवासी शुएब की मोटरसाइकिल चोरी होने के संबंध में 11 अक्टूबर को थाना मंडी में मुकदमे दर्ज कराए गए थे। घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस टीम जांच और चेकिंग अभियान चला रही थी।

इसी दौरान 13 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शक्लापुरी रोड स्थित जुल्मगढ़ की पुलिया के पास कूड़ाघर तिराहे से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान शोभित उर्फ शोबी निवासी सम्राट विक्रम कॉलोनी, थाना मंडी और जावेद इकबाल निवासी मोहल्ला बंजारान, कस्बा नकुड़ के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न मॉडल की 10 मोटरसाइकिल और दो स्कूटी बरामद कीं। बरामद 2200 रुपये चोरी की एक मोटरसाइकिल बेचने से प्राप्त रकम बताए गए हैं। पुलिस बरामद वाहनों के संबंध में अन्य मामलों की भी जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, शोभित उर्फ शोबी के विरुद्ध पहले से लूट, आयुध अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस अधिनियम सहित विभिन्न मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर संबंधित मुकदमों में आवश्यक धाराएं बढ़ाई गई हैं और आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में हुई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जगपाल सिंह, शहरोज आलम सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए एक माह चलेगा विशेष अभियान

सहारनपुर। जिले में मतदाता सूची को शुद्ध, समावेशी और त्रुटिरहित बनाने के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं, छूटे हुए पात्र नागरिकों और मतदाता सूची से नाम हट चुके योग्य लोगों को दोबारा पंजीकरण का अवसर दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी लवी त्रिपाठी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अभियान की जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) वर्तमान मतदाता सूची की तुलना पूर्व की अंतिम सूची से करेंगे। इस दौरान ऐसे मतदाताओं को चिह्नित किया जाएगा, जिनके नाम पहले सूची में थे, लेकिन वर्तमान सूची में नहीं हैं। बीएलओ घर-घर जाकर उनका भौतिक सत्यापन करेंगे और पात्र पाए जाने पर फॉर्म-6 भरवाएंगे। प्रत्येक बीएलओ को प्रति सप्ताह कम से कम 20 से 25 मतदाताओं से संपर्क करने का लक्ष्य दिया गया है, ताकि एक माह में अभियान पूरा किया जा सके।

त्योहारों पर नई परंपरा की अनुमति नहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

सहारनपुर। आगामी दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन, रामलीला और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजकों, पीस कमेटी के पदाधिकारियों,

संभ्रांत नागरिकों और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी लवी त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करें और त्योहार परंपरागत तरीके से मनाएं। किसी भी नई परंपरा की शुरूआत की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने उप जिलाधिकारियों और पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्रों में आयोजकों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करें। संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखने के साथ आयोजनों की अनुमति समय से जारी की जाए।

उन्होंने आयोजकों को रामलीला और रावण दहन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयोजन स्थलों पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाएगी। संबंधित विभागों को त्योहारों के दौरान बिजली, पानी, सफाई और स्वच्छता की व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा गया। खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

आज के परिवेश में भारत के परम्परागत खेल आवश्यक: विमला वाई

सहारनपुर। मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पार्षद गौरव कपिल के संयोजन में परंपरागत भारतीय खेलों का आयोजन जेवी जैन डिग्री कॉलेज में किया गया। खेलों का शुभारंभ मां शाकंभरी यूनिवर्सिटी कि कुलपति प्रो. विमला वाई एवं विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ वकुल बंसल द्वारा पवनपुत्र हनुमान जी के चित्र

पर पुष्प अर्पित कर तथा रिबन की गांठ खोलकर किया गया।

कबड्डी, खो-खो, बोरी कूद, रस्साकसी, साइकिल टायर दौड़, मटकी संतुलन दौड़, दृष्टिबाधित मटकी भेदन आदि भारतीय खेलों को प्रथम बार मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल किया गया। देर शाम तक चली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जिले भर से आये विभिन्न स्कूलों के 750 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम संयोजक गौरव कपिल ने कुलपति प्रो. विमला वाई, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ वकुल बंसल, उपसभापति मयंक गर्ग, मेला संयोजक संजय सैनी, मेला अयोजन समिति के अध्यक्ष दिग्विजय चौहान, अशोक गुप्ता महानगर अध्यक्ष क्रीड़ा भारती, पार्षद संजय गर्ग, पूर्व उपसभापति मुकेश गक्खड़, पार्षद सुनील पंवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार राणा, समाजसेवी योगेश दहिया, जिला मंत्री क्रीड़ा भारती अनुज वीर, अशोक सक्सेना, रामकुमार सिंह, संजीव सीकरी, कमल गर्ग व ललित कटारिया सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया। मां शाकंभरी यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. विमला वाई ने नगर निगम की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आज के परिवेश में बच्चों के हितार्थ अत्यंत आवश्यक हैं।

नव जनोदय इंटर कॉलेज में प्राची चौधरी का सम्मान, विद्यार्थियों को दिए सफलता के टिप्स

चिलकाना। सुल्तानपुर के नव जनोदय इंटर कॉलेज में ऐशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जितने वाली सुप्रसिद्ध एथलेटिक्स प्राची चौधरी ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प जरूरी है। यदि

कभी लक्ष्य हासिल करने में पीछे रह जाएं तो घबराएं नहीं, बल्कि नई ऊर्जा के साथ दोबारा प्रयास करें। उन्होंने कहा कि असफलता से निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के बल पर सफलता हासिल की जा सकती है। जो लोग हार से निराश नहीं होते, वह अपनी मंजिल प्राप्त कर लेते हैं। इस अवसर पर नव जनोदय इंटर कॉलेज के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं एकता जनसेवा समिति की ओर से प्राची चौधरी को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य श्याम कुमार सैनी ने भी प्राची चौधरी का उदाहरण देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालकृष्ण शर्मा ने की तथा संचालन मनोज सैनी ने किया। इस दौरान शक्ति चौधरी, आकाश काशी, कुलदीप तोमर, बिजेंद्र सिंह, सुनील सैनी, अनिल कुमार, डा. कुलदीप, नीरू, अनीता, अमित उपाध्याय, नाथी सहल, काजल, शगुन और अन्नू सहित प्राची चौधरी के भाई अंकित चौधरी तथा बहन अन्नू चौधरी मौजूद रहे।

कस्बे के मुख्य तिराहे स्थित एक सरार्फा दुकान से चांदी की पायल चोरी

गागलहेड़ी। गहने देखने के बहाने दुकान में घुसी तीन शातिर महिलाओं ने एक चांदी की पायल पार कर दी। घटना के बाद पीड़ित दुकान मालिक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार, कस्बे के मेन तिराहे पर राजीव कुमार की 'कृष्णा ज्वेलर्स' के नाम से दुकान है। राजीव कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर उनकी दुकान पर तीन महिलाएं आईं और चांदी की पायल दिखाने को कहा। जब वे उन्हें तरह-तरह की पायलें दिखा रहे थे, उसी दौरान मौका पाकर महिलाओं ने चालाकी से एक चांदी की पायल गायब कर दी। महिलाओं के जाने के बाद जब सामान का मिलान किया गया, तो एक पायल गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी जब पायल का कुछ पता नहीं चला, तो राजीव कुमार ने थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया और अज्ञात महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर महिलाओं की पहचान करने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी व प्रधानाध्यापिका बनी छात्राएं

आज समाचार सेवा

गंगोह- उच्च प्राथमिक विद्यालय बीराखेड़ी की कक्षा आठ की छात्रा को विकास खंड गंगोह की खंड शिक्षा अधिकारी व उच्च प्राथमिक विद्यालय पखनपुर की छात्रा को एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति 6.0 अभियान के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बीराखेड़ी की कक्षा आठ की छात्रा रानी को एक दिन के लिए विकास खंड गंगोह की खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में छात्रा रानी ने कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका और अन्य पत्रावलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के सभी पटल प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अधिकारियों और कर्मचारियों ने छात्रा रानी का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विभागीय कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उच्च प्राथमिक विद्यालय पखनपुर के प्रधान अध्यापक सुरेंद्र कर्णवाल ने बताया कि हिमांशी सैनी पुत्री जोनी कुमार को एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। छात्रा हिमांशी ने विद्यालय संचालन की जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक कार्य किया।

कस्बे में आयोजित श्रीरामलीला में दशरथ मरण और केवट लीला का भावपूर्ण मंचन

गागलहेड़ी। राजा दशरथ की भूमिका निभा रहे वरिष्ठ कलाकार सूरज धीमान के मार्मिक अभिनय ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं, वहीं सुशांत सहगल ने केवट की भूमिका में शानदार अभिनय कर दर्शकों का मनोरंजन किया। सोमवार रात सब्जी मंडी के निकट स्थित मंच पर निर्देशक राजेश कपिल और सूरज धीमान के निर्देशन में दशरथ मरण लीला का मंचन किया गया। राजा दशरथ के पुत्र वियोग में प्राण त्यागने के दृश्य को सूरज धीमान ने अपने सजीव अभिनय से भावुक बना दिया। उनके अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

इसके बाद केवट लीला का मंचन किया गया। केवट की भूमिका में सुशांत सहगल और उनके चेलों रोहित बिल्डर व आर्यन ने हास्य का तड़का लगाया। श्रीराम, सीता और लक्ष्मण को गंगा पार कराने के प्रसंग को मनोरंजक अंदाज में प्रस्तुत किया गया।

दूध बेचकर लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला, गिरफ्तारी न होने से नाराज पीड़ित

आज समाचार सेवा

नकुड़ (सहारनपुर)। दूध बेचकर घर लौट रहे बाइक सवार युवक के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़ित ने एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर मुकदमा दर्ज करने में देरी और राजनीतिक दबाव के चलते आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव कूल्हेड़ी निवासी पप्पू पुत्र मोकम ने बताया कि गत 8 अक्टूबर की रात वह दूध बेचकर बाइक से अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि गांव भगवानपुर के पास कुछ युवकों ने उसे रोक लिया और जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया। हमले में उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने मामले में तीन नामजद और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी थी। घायल पप्पू के अनुसार, उसकी हालत गंभीर होने के कारण वह कई दिनों से अस्पताल में भर्ती है।

पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत देने के बावजूद कई दिनों तक मुकदमा दर्ज नहीं किया। बाद में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। उसने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रही है। इसी संबंध में पीड़ित ने एसएसपी से मुलाकात कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

गांव कूल्हेड़ी के पूर्व प्रधान ओमकार कारी ने भी आरोप लगाया कि पप्पू को गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपियों के घर पुलिस ने अब तक दबिश तक नहीं दी है। इससे पीड़ित को न्याय मिलने को लेकर चिंता बनी हुई है।

वहीं, थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

राजेंद्र शर्मा के मोनोग्राफ का शन्नो खुराना ने किया लोकार्पण

आज समाचार सेवा

● पद्मभूषण शन्नो खुराना की संगीत व जीवन यात्रा पर आधारित है मोनोग्राफ

सहारनपुर। सहारनपुर के कवि व कला-संस्कृति समीक्षक राजेंद्र शर्मा द्वारा हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की विश्वविख्यात गायिका और संगीत-शिक्षिका 99 वर्षीय पद्म विभूषण शन्नो खुराना के जीवन, संगीत-साधना और बहुआयामी व्यक्तित्व पर आधारित मोनोग्राफ शब्दों में शताब्दी स्वर का लोकार्पण दिल्ली में स्वयं शन्नो खुराना ने एक समारोह में किया। मोनोग्राफ में राजेंद्र शर्मा द्वारा गत दस वर्षों में शन्नो खुराना की लंबी संगीत यात्रा व जीवन यात्रा पर हुए निरंतर संवाद और देश के प्रमुख हिंदी-अंग्रेजी के पत्र-पत्रिकाओं में उनके द्वारा लिखे गए दर्जनों लेखों को आधार बनाया गया है।

मोनोग्राफ में शन्नो खुराना के दीर्घ सांगीतिक जीवन को अतीत की स्मृतियों से वर्तमान तक जोड़ा गया है। मोनोग्राफ में शन्नो खुराना की संगीत एवं जीवन यात्रा पर आधारित राजेंद्र शर्मा की सात कविताएं भी शामिल हैं। मोनोग्राफ का संपादन कला और संगीत के अध्येता राजेश गनोतवाले ने किया है। समारोह का आयोजन शन्नो खुराना के शताब्दी वर्ष से पूर्व दिल्ली में रजा फाउंडेशन और इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शन्नो खुराना का जन्म 23 दिसंबर 1927 को हुआ था और 23 दिसंबर 2026 से उनका जन्मशताब्दी वर्ष आरंभ होगा। इसी महत्वपूर्ण अवसर की पूर्व पीठिका के रूप में यह मोनोग्राफ तैयार कर इसे शब्दों में शताब्दी स्वरनाम दिया गया है।

मोनोग्राफ में जहां शन्नो खुराना के व्यक्तित्व के अनेक पक्षों को सामने लाने का प्रयास किया गया हैं वहीं उनके दुर्लभ पुराने चित्र और पुरस्कारों से संबंधित दस्तावेज व विभिन्न अवसरों के छायाचित्र भी इसमें शामिल हैं। मोनोग्राफ में शन्नो खुराना द्वारा राजेन्द्र शर्मा के संबध में की गयी सारगर्भित टिप्पणी के ख्यात संगीत अध्येता प्रो. नमन आहूजा, संगीत नाटक अवार्डी ख्यात फोटोग्राफर अविनाश पसरीचा, संगीत नाटक अकादमी अवार्डी प्रख्यात संगीत समीक्षक मंजरी सिन्हा द्वारा शन्नो खुराना के संगीत सफर और राजेन्द्र शर्मा के दस वर्ष के कार्य पर की गयी टिप्पणी भी है।

जंतर-मंतर को धरना स्थल की सूची से हटाने का निर्णय सराहनीय: शीतल टंडन

रामलीला मैदान, बुराड़ी और सीबीडी ग्राउंड को वैकल्पिक स्थल बनाने का किया स्वागत, बोले–आंदोलन से आम जनजीवन और व्यापार प्रभावित नहीं होना चाहिए सहारनपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई ने दिल्ली के जंतर-मंतर को निर्धारित धरना स्थलों की सूची से हटाकर रामलीला मैदान, बुराड़ी ग्राउंड और सीबीडी ग्राउंड को वैकल्पिक स्थल निर्धारित किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। संगठन के जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शीतल टंडन ने इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया। शीतल टंडन ने कहा कि जंतर-मंतर लंबे समय से देशभर के आंदोलनों और प्रदर्शनों का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन कई बार धरना-प्रदर्शनों के कारण यातायात, व्यापार और आम जनजीवन प्रभावित होता रहा है। इससे छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है और आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और संगठन को अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण आंदोलन करने का अधिकार है, लेकिन विरोध प्रदर्शन ऐसा होना चाहिए जिससे आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो। आंदोलन का उद्देश्य अपनी बात सरकार तक पहुंचाना होना चाहिए, न कि आम जनजीवन और व्यापार-कारोबार को प्रभावित करना।

यूपीआई शुल्क स्थगित करने का निर्णय सराहनीय स्थायी रूप से वापस लिया जाए: शीतल टंडन

आज समाचार सेवा

● व्यापारियों के विरोध के बाद सरकार ने लिया फैसला, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने भविष्य में शुल्क लागू नहीं करने की मांग उठाई

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई ने 15 अक्टूबर से यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत शुल्क को फिलहाल स्थगित किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। संगठन के जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शीतल टंडन ने कहा कि सरकार को इस शुल्क को स्थायी रूप से वापस लेना चाहिए, ताकि भविष्य में इसे लागू करने की स्थिति उत्पन्न न हो।

शीतल टंडन ने कहा कि देशभर के व्यापारियों ने प्रस्तावित शुल्क के विरोध में अपनी आवाज उठाई थी। व्यापारियों की आपत्तियों और विरोध के बाद सरकार द्वारा इसे स्थगित करने का निर्णय सकारात्मक कदम है। हालांकि, व्यापार मंडल की मांग है कि शुल्क को केवल स्थगित करने के बजाय पूरी तरह वापस लिया जाए।

उन्होंने बताया कि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में सहारनपुर सहित देशभर के व्यापारियों ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। इसी क्रम में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी किया गया।

टंडन ने कहा कि यूपीआई के माध्यम से भुगतान आज व्यापार और आम जनजीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। ऐसे में इस पर शुल्क लगाए जाने से विशेष रूप से छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी सहमति और असहमति व्यक्त करना सभी का अधिकार है और व्यापारियों की चिंताओं पर विचार किया जाना चाहिए।

उन्होंने सरकार से मांग की कि भविष्य में व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले व्यापारियों और संबंधित वर्गों से विचार-विमर्श किया जाए, ताकि किसी निर्णय को लेकर विरोध या आंदोलन की स्थिति पैदा न हो।

बैठक में जिला महामंत्री रमेश अरोड़ा, जिला कोषाध्यक्ष कर्नल संजय मिड्ढा, मेजर एस.के. सूरी, पवन कुमार गोयल, रमेश डावर, संजय माहेश्वरी और अभिषेक भाटिया सहित अन्य व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

यातायात प्रभारी अमित तोमर बने इंस्पेक्टर समाज के हर वर्ग में खुशी की लहर

एसएसपी अभिनंदन और शैलेंद्र कुमार गौतम ने कंधों पर स्टार लगाकर दी बधाई, मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों और बड़े आयोजनों में यातायात व्यवस्था संभालने का रहा अनुभव

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और बड़े आयोजनों के दौरान ट्रैफिक प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रभावी ढंग से निभाने वाले यातायात प्रभारी अमित तोमर को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति मिलने से पुलिस विभाग के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक और अन्य संगठनों में खुशी का माहौल है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन और शैलेंद्र कुमार गौतम ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। अमित तोमर के इंस्पेक्टर बनने की जानकारी मिलते ही उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनकी पदोन्नति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना है कि अमित तोमर अपनी कार्यशैली, सक्रियता और यातायात प्रबंधन की समझ के चलते जनपद में अलग पहचान रखते हैं। अमित तोमर की कार्यशैली केवल शहर की सामान्य यातायात व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि मुख्यमंत्री के दौरों और प्रधानमंत्री स्तर के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के दौरान भी यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाने का उन्हें अनुभव रहा है। हाल ही में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से जुड़े आयोजन के समय भी जनपद में यातायात व्यवस्था संभालने में उनकी भूमिका रही। इसके अलावा जब भी मुख्यमंत्री या अन्य वीआईपी अतिथियों का सहारनपुर आगमन होता है, उस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने की जिम्मेदारी भी अमित तोमर अपनी टीम के साथ संभालते हैं।

कांवड़ यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजन से लेकर शाकुंभरी देवी मेला, मेला गुघाल, अग्निवीर भर्ती परीक्षा और डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान भी यातायात प्रबंधन की चुनौती रहती है। देवबंद में आयोजित त्यागी समाज सम्मेलन सहित जनपद के अन्य बड़े कार्यक्रमों में भी यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पुलिस को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। ऐसे अवसरों पर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करना, जाम की आशंका को कम करना और आम नागरिकों को आवागमन में कम से कम परेशानी हो, यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। शहर में वीआईपी आगमन हो या किसी बड़े आयोजन के कारण यातायात का दबाव बढ़ने की स्थिति, अमित तोमर इन परिस्थितियों में व्यवस्थाओं को संभालने के लिए अपनी टीम के साथ जुटे दिखाई देते हैं।

रामलीला कमेटी ने चेयरमैन पति अफजाल खान को स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित...

आज समाचार सेवा

● सभासदों व अन्य गणमान्य लोगों का भी माला पहनाकर किया स्वागत

नानौता। नगर के मुख्य बाजार स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला के दौरान नगर पंचायत चेयरमैन पति अफजाल खान को कमेटी की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

रामलीला मैदान में अपने समर्थकों के साथ पहुंचे अफजाल खान का श्री रामलीला कमेटी के महासंरक्षक योगेश गुप्ता और प्रबंधक पुष्पेंद्र भटनागर ने माला पहनाकर तथा ट्रॉफी भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सभासद शाहिद खान, सभासद सादिक सैफी , पूर्व सभासद अनीस कुरैशी, सभासद शब्बु सिद्दीकी , पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख शमशेर खान और व्यापारी नेता सलमान मलिक का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान चेयरमैन अफजाल खान ने श्री रामलीला कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामलीला जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में सकारात्मक संदेश देना चाहिए।

इस दौरान महासंरक्षक योगेश गुप्ता, प्रबंधक पुष्पेंद्र भटनागर, विजेंद्र रोहिला, दिनेश शर्मा, अरविंद गर्ग, नीरज जैन, धीरज रोहिला, सतीश रोहिला, जितेंद्र जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आधुनिक तकनीक से सजी रामलीला, जनकपुरी आगमन और नगर दर्शन का मंचन

बिलासपुर। सोमवार का बाजार स्थित रामलीला मंच पर रामलीला कमेटी की ओर से आधुनिक तकनीक के माध्यम से रामलीला का मंचन किया गया।इस दौरान जनकपुरी आगमन, नगर दर्शन और पुष्प वाटिका में अष्ट सखी संवाद की लीलाओं का सुंदर मंचन किया गया। आकर्षक प्रस्तुति और आधुनिक तकनीक के समन्वय ने रामलीला को विशेष रूप प्रदान किया। धार्मिक प्रसंगों के मंचन ने उपस्थित दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों को मंच पर जीवंत करने का प्रयास किया। जनकपुरी आगमन और नगर दर्शन के दृश्यों के साथ पुष्प वाटिका में अष्ट सखी संवाद का मंचन किया गया। इसके बाद रामलीला मंचन को विराम दिया गया।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, सभासद जोगपाल सिंह, सभासद अमन वर्मा, धनुमल बंसल, तिलकराज जैन, दर्शन चुग, अनिल मदान, दिनेश शर्मा, मोहित अग्रवाल, विनोद मिश्रा, संजय अग्रवाल, निरंजन बंसल, वीरेंद्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राजेश जैन, नितिन गर्ग, सुनीत अग्रवाल और अंकित अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।रामलीला कमेटी द्वारा धार्मिक परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ प्रस्तुत कर दर्शकों तक रामायण के प्रसंग पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली रिया सरकार की जिंदगी, कच्चे मकान से पक्के घर तक पहुंचा परिवार

बिलासपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।योजना के तहत ग्राम पंचायत मानपुर ओझा निवासी रिया सरकार पत्नी असित सरकार के परिवार को पक्का मकान मिला,जिससे उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है।पहले कच्चे मकान में रहने के कारण परिवार को बारिश के दिनों में परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब पक्की छत मिलने से उन्हें राहत मिली है।रिया सरकार का परिवार पहले कच्चे मकान में रहता था।खराब मौसम और बारिश के दौरान घर की स्थिति को लेकर चिंता बनी रहती थी।ऐसे में पक्का मकान परिवार की बड़ी जरूरत था।प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास का लाभ मिला।पक्का घर बनने के बाद परिवार को सुरक्षित आश्रय मिला और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियां काफी हद तक दूर हो गई।रामपुर में 13,509 आवासों का निर्माण

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का उद्देश्य पात्र ग्रामीण परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है।जनपद रामपुर में योजना के अंतर्गत अब तक 13,509 आवासों का निर्माण कराया जा चुका है।वित्तीय वर्ष 2026-27 में शासन से 1,535 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है,जिसके सापेक्ष कार्य किया जा रहा है।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग योजना का क्रियान्वयन कर रहा है।पात्र लाभार्थियों के चयन, सहायता राशि के भुगतान और आवास निर्माण को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने पर जोर दिया जा रहा है।जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत चिह्नित पात्र जरूरतमंद परिवारों को भी प्राथमिकता दी जा रही है।रिया सरकार के परिवार की कहानी सुरक्षित आवास से जीवन में आने वाले बदलाव को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम प्रहरी प्रकाश को पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित

शाहबाद। थाना शाहबाद क्षेत्र के ग्राम मीरापुर निवासी ग्राम प्रहरी प्रकाश पुत्र बहोरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रकाश को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया तथा उपहार स्वरूप गिफ्ट बॉक्स भेंट किया। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किए जाने पर ग्राम प्रहरी प्रकाश में खुशी का माहौल रहा। यह सम्मान उनके लिए गौरव और प्रोत्साहन का अवसर बना।

केवट के प्रेम ने जीता प्रभु श्रीराम का मन, दशरथ के निधन की लीला ने श्रद्धालुओं की आंखें की नम

रामपुर। कहीं प्रभु श्रीराम और निषादराज की मित्रता ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया, तो कहीं केवट की अनन्य भक्ति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। चित्रकूट की पावन धरती पर प्रभु श्रीराम के निवास और उधर अयोध्या में पुत्र वियोग से व्याकुल महाराज दशरथ के प्राण त्यागने के प्रसंग ने रामलीला मैदान में मौजूद दर्शकों को भावुक कर दिया। श्री राम महोत्सव में रामायण के इन प्रसंगों का ऐसा सजीव मंचन हुआ कि श्रद्धालु भक्ति, प्रेम, त्याग और करुणा के भावों में डूब गए।

उत्सव पैलेस, कोसी मंदिर मार्ग स्थित रामलीला मैदान में श्री सनातन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित श्री राम महोत्सव में श्री गोविंद गोपाल लीला संस्थान, वृंदावन के कलाकारों ने निर्देशक कन्हैया लाल दत्ता त्रय के कुशल निर्देशन में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। सुबह की बेला में श्री रासलीला और नरसी का भात लीला का आयोजन हुआ, जबकि रात्रि में निषादराज मिलन, केवट संवाद, संत मिलन, चित्रकूट निवास, सुमंत आगमन, श्रवण कथा और दशरथ निधन के प्रसंगों का मंचन किया गया। कार्यक्रम में अमर सिंह, वीरेंद्र जोली और आलोक अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सुबह की शुरुआत श्री रासलीला से हुई।

सुबह की दूसरी प्रमुख प्रस्तुति नरसी का भात लीला रही। यह प्रसंग भगवान की अपने भक्तों के प्रति असीम कृपा और भक्त की अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। लोकप्रचलित भक्त नरसी मेहता की कथा में उनकी बेटी के भात की रस्म के दौरान उत्पन्न आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के बीच भगवान श्रीकृष्ण की कृपा का भावपूर्ण वर्णन मिलता है।

रात्रि की रामलीला में वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के निषादराज से मिलन का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। राजमहल की सुख-सुविधाओं को त्यागकर वन की राह पर निकले प्रभु श्रीराम जब निषादराज से मिले, तो निषादराज ने उनके प्रति अपनी मित्रता, श्रद्धा और समर्पण प्रकट किया।

रामलीला का अत्यंत लोकप्रिय और भावपूर्ण प्रसंग केवट संवाद रहा। गंगा पार जाने के लिए जब प्रभु श्रीराम ने केवट से नाव मांगी, तो केवट ने उनके चरण धोने की इच्छा व्यक्त की। लोकप्रचलित रामकथा के अनुसार, केवट को विश्वास था कि प्रभु के चरणों की धूल के स्पर्श से पत्थर भी नारी रूप में बदल सकता है, इसलिए वह अपनी नाव को लेकर भी सावधान था।

इसके बाद संत मिलन का प्रसंग मंचित हुआ। वन यात्रा के दौरान प्रभु श्रीराम का संतों और ऋषियों से मिलना उनके जीवन में धर्म, ज्ञान और सदाचार के महत्व को दर्शाता है। संतों का सान्निध्य मनुष्य को अहंकार से दूर करके सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

रामलीला में चित्रकूट निवास का दृश्य भी भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण ने चित्रकूट में निवास किया। राजमहल की सुविधाओं से दूर प्रकृति की गोद में बिताया गया यह समय त्याग, धैर्य और संतोष का प्रतीक है।

सुमंत आगमन के प्रसंग में अयोध्या से जुड़े भावनात्मक संबंधों को मंच पर जीवंत किया गया। महाराज दशरथ के प्रिय सारथी सुमंत का रामकथा में महत्वपूर्ण स्थान है। वनवास के दौरान उनके माध्यम से अयोध्या और वन में रह रहे श्रीराम के बीच का भावनात्मक संबंध सामने आता है। प्रभु श्रीराम के वनगमन के बाद अयोध्या में छाए दुख और परिवार के सदस्यों की व्याकुलता का चित्रण दर्शकों को भावुक कर गया।

इसके बाद श्रवण कुमार की कथा का मंचन किया गया। रात्रि की लीला का सबसे करुण प्रसंग महाराज दशरथ के निधन का रहा। भगवान श्रीराम के वनवास के बाद महाराज दशरथ पुत्र वियोग में अत्यंत व्याकुल रहने लगे। उनके मन में बार-बार राम की स्मृतियां उमड़ती रहीं। श्रवण कुमार के माता-पिता द्वारा दिए गए शाप की याद और राम से बिछड़ने की पीड़ा ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया। प्रभु श्रीराम के प्रति अपने असीम प्रेम और वियोग की वेदना के बीच महाराज दशरथ ने अंतिम सांस ली। इस दृश्य ने दर्शकों के हृदय को द्रवित कर दिया। पिता-पुत्र के प्रेम और बिछोह की मार्मिक प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि परिवार के रिश्तों का मूल्य किसी भी सांसारिक वैभव से बढ़कर है।

इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सह-अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष निर्भय गर्ग, ईश्वर शरण अग्रवाल, योगेश अरोड़ा, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. सुमित गोयल, मनोज अग्रवाल, अरविंद कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राजीव शरण गर्ग, संजय कुमार अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, रविंद्र कुमार मिश्रा सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

जैन इंटर कॉलेज में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रामपुर। पुलिस विभाग की ओर से जैन इंटर कॉलेज में साइबर अपराध रोकथाम को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीम लीडर सब इंस्पेक्टर मंजू ने छात्रों को फिशिंग, बुलिंग और साइबर अरेस्ट जैसे बढ़ते अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फोन में महत्वपूर्ण डाटा होता है, उसकी सुरक्षा सावधानी से करें। प्रधानाचार्य हरीश कुमार डुडेजा ने फेस और फिंगर ऑथेंटिकेशन के बाद भी होने वाली साइबर ठगी के खतरों से आगाह किया। जीव विज्ञान प्रवक्ता सचिन कुमार सिंह ने कहा कि साइबर अपराध का शिकार होने पर घबराएं नहीं, तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। साइबर सेल प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टा और बैंक एप को एप लॉक और टू-स्टेप वेरिफिकेशन से सुरक्षित रखें। किसी भी क्र्य फाइल को ओपन न करें और लॉटरी या मुफ्त उपहार के लालच में न आएं। इस दौरान डॉ. गौरव वार्ष्णेय, गौरव सक्सेना, राहुल जैन, विशाल सक्सेना सहित कई शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

अर्क होटल में मजदूर की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

बिलासपुर। उत्तराखंड बॉर्डर स्थित अर्क होटल में मजदूरी करने वाले 27 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।वहीं, परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच की मांग की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, बदायूं शहर निवासी हसनैन अली पुत्र अच्छन मियां क्षेत्र के अर्क होटल में मजदूरी करता था। रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी योगेश कुमार के मुताबिक, करीब दस दिन पहले युवक की तबीयत खराब हुई थी। इसके बाद उसका अलग-अलग जगहों पर उपचार कराया गया।चार दिन पहले अचानक उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई, जिसके बाद होटल संचालक ने उसे बेहतर इलाज के लिए नजदीकी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया।यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।युवक की मौत की खबर मिलते ही रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए और हत्या की आशंका जताई।चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या जैसा कोई मामला सामने नहीं आया है।हालांकि, आशंका के मद्देनजर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हाईवे पर डिवाइडर से टकराई बाइक, फैक्ट्री कर्मी की मौत

बिलासपुर। ड्यूटी कर बाइक से कमरे पर लौट रहा एक फैक्ट्री कर्मी हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। पीलीभीत जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र के गांव घिरौना निवासी मनोज कुमार (38) नैनीताल रोड पर एक रेस्टोरेंट के सामने स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे वह ड्यूटी समाप्त करने के बाद बाइक से रुद्रपुर स्थित अपने कमरे पर लौट रहा था। बताया जाता है कि हाईवे पर सड़क पार करते समय दूसरे वाहन से बचने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।उसे उपचार के लिए ले जाया जा रहा था,लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।दुर्घटना की सूचना मिलने पर रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी योगेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।वही चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले की अभी कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है, तहरीर प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

दो युवक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार

बिलासपुर। दो युवकों को पुलिस ने अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया।कस्बा चौकी प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि सोमवार की रात करीब 9:35 बजे मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मुख्य चौराहे से डाम कॉलोनी की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित एक खंडहर के पास कार्रवाई की।इस दौरान पुलिस ने तस्लीम पुत्र सलीम निवासी खोदलपुर और विशाल पुत्र सिराज निवासी मोहल्ला साहूकारा को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से एक-एक अवैध चाकू बरामद हुआ।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा संख्या 363/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।मामले की विवेचना उपनिरीक्षक विष्णु कुमार वर्मा कर रहे हैं।कार्रवाई करने वाली टीम में कांस्टेबल विकास गौतम और कांस्टेबल धर्मेंद्र शामिल रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली रिया सरकार की जिंदगी, कच्चे मकान से पक्के घर तक पहुंचा परिवार

बिलासपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।योजना के तहत ग्राम पंचायत मानपुर ओझा निवासी रिया सरकार पत्नी असित सरकार के परिवार को पक्का मकान मिला,जिससे उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है।पहले कच्चे मकान में रहने के कारण परिवार को बारिश के दिनों में परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब पक्की छत मिलने से उन्हें राहत मिली है।रिया सरकार का परिवार पहले कच्चे मकान में रहता था।खराब मौसम और बारिश के दौरान घर की स्थिति को लेकर चिंता बनी रहती थी।ऐसे में पक्का मकान परिवार की बड़ी जरूरत था।प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास का लाभ मिला।पक्का घर बनने के बाद परिवार को सुरक्षित आश्रय मिला और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियां काफी हद तक दूर हो गई।रामपुर में 13,509 आवासों का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का उद्देश्य पात्र ग्रामीण परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है।जनपद रामपुर में योजना के अंतर्गत अब तक 13,509 आवासों का निर्माण कराया जा चुका है।वित्तीय वर्ष 2026-27 में शासन से 1,535 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है,जिसके सापेक्ष कार्य किया जा रहा है।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग योजना का क्रियान्वयन कर रहा है।पात्र लाभार्थियों के चयन, सहायता राशि के भुगतान और आवास निर्माण को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने पर जोर दिया जा रहा है।जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत चिह्नित पात्र जरूरतमंद परिवारों को भी प्राथमिकता दी जा रही है।रिया सरकार के परिवार की कहानी सुरक्षित आवास से जीवन में आने वाले बदलाव को दर्शाती है।

मिलक में मोबाइल टावर के विरोध में उतरे 200 परिवार, निर्माण रोकने की मांग

मिलक (रामपुर)। नगर पंचायत मिलक के वार्ड नंबर 09 स्थित शाहू जी नगर की गली शिव मंदिर में मोबाइल टावर लगाए जाने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। मोहल्ले के 200 से अधिक परिवारों ने सभासद हरीश कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (ढ्ढत्रक्र) पर शिकायत दर्ज कराकर निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने की मांग की है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि आवश्यक अनुमति और सुरक्षा मानकों की स्थिति स्पष्ट हुए बिना ही खाली प्लॉट पर टावर के तीन एंगल खड़े कर दिए गए हैं। घनी आबादी, संकरी गली, अग्निशमन व्यवस्था और संभावित स्वास्थ्य प्रभावों को लेकर लोगों ने चिंता जताई है। डॉ. कौशल कुमार, चेतन गंगवार, प्रणव कुमार, नमित गागू सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

मिशन शक्ति अभियान- कस्तूरबा गांधी विद्यालय मिलक की चार छात्राएं बनीं एक दिन की अधिकारी

मिलक (रामपुर)। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के छठे चरण के अंतर्गत 13 अक्टूबर 2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मिलक में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय की चार मेधावी छात्राओं को एक दिन के लिए विभिन्न प्रशासनिक पदों की जिम्मेदारी सौंपकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव कराया गया। कार्यक्रम में कक्षा आठ की छात्राओं को अलग-अलग प्रशासनिक पदों पर एक दिन की अधिकारी बनने का अवसर मिला। इनमें दीपिका को तहसीलदार मिलक, मोनिका को क्षेत्राधिकारी मिलक, अंशिका को खंड विकास अधिकारी तथा अंजली को खंड शिक्षा अधिकारी की भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया गया। इस दौरान छात्राओं ने संबंधित कार्यालयों का भ्रमण कर प्रशासनिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने उन्हें प्रशासनिक कार्यप्रणाली, जनसुनवाई और कार्यालय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अनुभव से छात्राओं को सरकारी व्यवस्थाओं को करीब से समझने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिला।विद्यालय की वार्डन एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना तथा उन्हें भविष्य में उच्च पदों पर पहुंचकर समाज सेवा करने के लिए प्रेरित करना रहा।यह पहल मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के संदेश को भी सशक्त करती है। ऐसे कार्यक्रम बालिकाओं को अपने सपनों को साकार करने और समाज में अपनी सशक्त पहचान बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

कक्षा 8 की प्रियंका बनी एक दिन की प्रधानाध्यापक

सैदनगर। ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में मंगलवार को विभागीय निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान 6 के अंतर्गत कक्षा 8 की छात्रा प्रियंका को 1 दिन का प्रधानाध्यापक बनाया गया। 1 दिन का प्रधानाध्यापक बनने के बाद कक्षा 8 की छात्रा प्रियंका ने शिक्षिकाएं बनी छात्राओं की आवश्यक बैठक बुलाकर मिशन शक्ति अभियान 6 से संबंधित विभिन्न निर्देश दिए।एक दिन की प्रधानाध्यापक प्रियंका ने शिक्षिकाएं बनी छात्राओं की बैठक में प्रत्येक शिक्षिका को मिशन शक्ति अभियान 6 के अंतर्गत रोज की गतिविधियों की जिम्मेदारी का वितरण किया।प्रधानाध्यापक प्रियंका ने शिक्षिका बनी छात्रा मुस्कान को मिशन शक्ति जन जागरूकता रैली निकालने से संबंधित दिशा निर्देश दिए।

उसके बाद शिक्षिका बनी छात्रा रोशनी को विद्यालय की साफ सफाई की निगरानी से संबंधित निर्देश देकर जिम्मेदारी दी।इसके बाद शिक्षिका बनी छात्रा विद्या, मीरा एवं ईशा को विद्यालय से संबंधित मिशन शक्ति पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 1098 112 181 आदि से विद्यालय के बच्चों को अवगत कराने का कार्य सौंपा। इसके बाद विद्यालय के भौतिक वातावरण से संबंधित समस्या को लेकर प्रधानाध्यापक प्रियंका ने एक प्रस्ताव शिक्षकों के सामने रखा, जिसमें जिलाधिकारी महोदय से यह प्रार्थना सहित निवेदन किया गया है कि विद्यालय में एक अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता है, और विद्यालय के सामने ज्यादा आवागमन वाली प्रानपुर रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की अति आवश्यकता है।

अगर जिलाधिकारी महोदय की कृपा दृष्टि हो जाए तो विद्यालय में एक अतिरिक्त कक्ष की कमी को पूरा किया जा सकता है। और साथ ही साथ विद्यालय के सामने स्पीड ब्रेकर बनने से विद्यालय की छुट्टी के समय बच्चों की सुरक्षा का प्रबंध भी हो सकता है।इस प्रस्ताव पर सभी शिक्षिकाओं ने एक स्वर में सहमति दी और विद्यालय स्तर पर यह प्रस्ताव पारित किया गया।1 दिन की प्रधानाध्यापक प्रियंका ने शिक्षकों की बैठक के बाद, विद्यालय के रसोइयों की बैठक ली। रसोइयों को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि रसोई में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। और शिक्षकों को और रसोइयों को अगर कोई परेशानी है तो वह मुझसे आकर कहें।इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

ज्वाला नगर रामलीला महोत्सव में राजतिलक से वन गमन तक भावपूर्ण मंचन

रामपुर। ज्वाला नगर रामलीला महोत्सव में मंगलवार रात्रि का मंचन अत्यंत भावनात्मक और ऐतिहासिक रहा। श्री आदर्श रामलीला कमेटी ज्वाला नगर के तत्वाधान में सबसे पहले ब्रज विलास रामलीला मंडल वृंदावन, मथुरा के कलाकारों द्वारा राजतिलक की तैयारी का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें अयोध्या नगरी में राम के राजतिलक हेतु भव्य सजावट और उल्लास का वातावरण दिखाया गया। नगरवासी और दरबार के लोग उत्साह से भर उठे। इसके बाद कैकई-दशरथ संवाद का मार्मिक प्रसंग हुआ। महारानी कैकई ने राजा दशरथ से अपने वरदानों की मांग की, जिसके परिणामस्वरूप राम को वनवास का आदेश देना पड़ा। इस संवाद ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया और वातावरण गमगीन हो गया।फिर वन गमन का दृश्य मंचित हुआ, जहाँ राम, सीता और लक्ष्मण ने राजमहल छोड़कर वन की ओर प्रस्थान किया। नगरवासियों की आँखों में आँसू थे और पूरा माहौल करुणा से भर गया। इसके बाद निषाद मिलन का प्रसंग हुआ। वन में प्रवेश करते समय राम का निषादराज से मिलन हुआ, जिसने अपनी निष्ठा और भक्ति से राम को प्रभावित किया। अंत में केवट संवाद का दृश्य प्रस्तुत किया गया। गंगा तट पर केवट ने राम, सीता और लक्ष्मण को नाव में बैठाने से पहले उनके चरण धोए और फिर उन्हें पार कराया। यह प्रसंग भक्ति और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण रहा। पूरे मंचन में कलाकारों का सजीव अभिनय, मंच सज्जा और ध्वनि व्यवस्था ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गूँज उठा। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डा. तेजवीर यादव, अनुज सक्सेना, त्रिभुवन पंडित, आशु गुप्ता, चितरंजन श्रीवास्तव, विशाल शर्मा, अनिल सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू शर्मा, संजीव दयाल सक्सेना, पीयूष कुमार, राजेश नायक, नवनीत सक्सेना, मक्खनलाल सैनी, दिनेश कश्यप, संजू प्रजापति, विनोद कश्यप, देवेश गुप्ता, सुभाष सक्सेना, अनु गंगवार, पुनीत अग्रवाल, अंकुश सक्सैना, विक्की सक्सेना, अरुण कीर्ति, सोनू शर्मा, अनुज भारद्वाज, प्रमोद लोधी, अखिलेश बिसारिया, विजय चौहान, रवि रामपुरी, धर्मवीर यादव, अनु सक्सेना, संतोष प्रसाद, नंदकिशोर शर्मा, राहुल शर्मा, मिंटू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद रामपुर के वार्ड-13 में मतदान संपन्न

रामपुर। नगरीय निकाय उप निर्वाचन-2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद रामपुर के सदस्य पद, वार्ड संख्या-13 के लिए मंगलवार, 13 अक्टूबर 2026 को मतदान सम्पन्न हुआ। सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, वार्ड में कुल 5,895 मतदाताओं में से 1,872 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल 31.8 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वार्ड में मतदान के लिए हादी पब्लिक स्कूल, कुण्डा तथा फुरकानिया गर्ल्स जूनियर हाईस्कूल, दरख्त खिन्नी में मतदान स्थल बनाए गए थे। हादी पब्लिक स्कूल में कक्ष संख्या 1 से 5 तक तथा फुरकानिया गर्ल्स जूनियर हाईस्कूल में कक्ष संख्या 1 से 3 तक मतदान की व्यवस्था की गई थी। मतदान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सम्पन्न कराया गया।

आजम खान से छह घंटे ईडी ने जेल में की पूछताछ, वकील बोले- सभी सवालों के जवाब दिए

रामपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान से रामपुर जेल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक पूछताछ की। करीब छह घंटे चली पूछताछ के बाद ईडी की टीम जेल से रवाना हो गई। आजम खान के वकील ने दावा किया कि ईडी ने जो सवाल पूछे, उनके संतोषजनक जवाब दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला आजम से कोई पूछताछ नहीं हुई।

आजम खान और अब्दुल्ला आजम से मुलाकात के बाद अधिवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईडी की पूछताछ पूरी हो चुकी है। उनके मुताबिक, ईडी ने अपनी शंकाओं से जुड़े सवाल पूछे और आजम खान ने उनके जवाब दिए। वकील ने यह भी कहा कि पूछताछ में ऐसा कुछ खास नहीं था। हालांकि, ईडी की ओर से पूछताछ के नतीजों को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया।

जौहर ट्रस्ट के मामले पर भी सवाल- जौहर ट्रस्ट से जुड़े कथित वित्तीय लेनदेन और अनियमितताओं के सवाल पर अधिवक्ता ने कहा कि ट्रस्ट में चंदे की कोई चोरी नहीं हुई है। उनके मुताबिक, लोगों की ओर से दिए गए धन का हिसाब-किताब मौजूद है और इसे पहले भी ईडी तथा आयकर विभाग को दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मीडिया में जिस घोटाले की चर्चा हो रही है, उसके बारे में उन्हें ईडी की ओर से कोई जानकारी नहीं मिली है।

मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े सवालों पर वकील ने कहा कि ईडी ने जो जानकारी मांगी थी, उसके जवाब दे दिए गए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि पूछताछ के लिए ईडी के पास अब कोई सवाल बाकी नहीं था।

अधिवक्ता ने 2021 में हुई ईडी की पूछताछ का जिक्र करते हुए मौजूदा कार्रवाई को 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले की कार्रवाई बताया। हालांकि, चुनाव से संबंध होने की उनकी टिप्पणी पर ईडी की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

जन शक्ति दल ने किसानों के मुआवजे और कर्ज माफी को लेकर ज्ञापन सौपा

मिलक रामपुर- ज़िलें की तहसीलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी वर्षा, ओलावृष्टि एवं जल भराव के कारण किसानों की धान की फसल बर्बाद होने पर जन शक्ति दल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसील दार को सौंपकर उचित मुआवजा और कर्ज माफी की मांग की है।

जन शक्ति दल के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमेश गंगवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद रामपुर में भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि और जल भराव के कारण किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है तथा उनकी मेहनत और लागत बर्बाद हो गई है। जनता पहले से ही महंगाई की मार से परेशान है, जो जनता पर लोन है वो कहा से जमा करे। इसलिए सरकार से अनुरोध है कि किसानों का कर्जा माफ करे।मांग की गई है कि जनपद रामपुर में तत्काल फसलों का निष्पक्ष सर्वे कराकर नुकसान का आकलन कराया जाये तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा एवं सरकारी सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाये जिससे किसानों को आर्थिक राहत मिल सके। इस अवसर पर पूनम गंगवार जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, महेश गंगवार जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सहित मुन्नी देवी ग्राम पंचायत अध्यक्ष मौनकपुर, सुनीता मौर्य, धरमपाल, ओमप्रकाश, संतोष, प्रकाश, हरिकांत, सीताराम, छोटेलाल, रामकृष्ण, बृजपाल, प्रमोद, इंदर, धारा सिंह, बिंदकी, रामनिवास, प्रेमपाल, भूरी देवी, मुनेंद्र, मेवाती, राजू मौर्य, चतुरी लाल, चंद्रभान, मोहन लाल, राजा देवी, दुर्विजय कुमार, गोविंद, मनोज, महेंद्र, सतीश,टीकाराम, सहित आदि कार्यकर्ता व सदस्य गण मौजूद रहे।

न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेरनी के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

चन्दौसी। उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरनी में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संकुल प्रभारी मोहम्मद हफीज ने फीता काटकर किया, जबकि अमित शर्मा ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग की कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताओं में बेरनी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में ईशा विद्यालय के सौरभ ने बाजी मारी। उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग की कबड्डी में बेरनी की टीम और कंपोजिट विद्यालय नवादा की शमा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि खो-खो में बेरनी की टीम विजेता रही। प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग की कबड्डी और खो-खो दोनों प्रतियोगिताओं में बेरनी के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग में भी बेरनी की छात्राओं ने कबड्डी और खो-खो में पहला स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. गौरव मिश्रा, अशोक पाठक, प्रफुल्ल कुमार, अमित शर्मा, अनुज कुमार, पुष्पेंद्र यादव, मोहम्मद हफीज, प्रभाकर मिश्रा, विपिन सक्सेना, सुरुचि देवी, प्रेमपाल सिंह, प्रवीण कुमार, जसवंत, अशोक कुमार और देवेंद्री वार्ष्णेय का सहयोग रहा। अंत में विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी गई।

शिक्षक विधायक चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

चन्दौसी। एस.एम. इंटर कॉलेज चन्दौसी में बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधायक निर्वाचन 2026 को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक संभल सीपी सिंह ने की। इसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्या और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि मतदान प्रत्येक पात्र मतदाता का अधिकार होने के साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। मतदाताओं को जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र और किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना योग्य उम्मीदवार का चयन करना चाहिए। कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के साथ मतदान प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने बताया कि चुनाव बैलेट पेपर से होगा। मतदाता को अपने पेन के बजाय निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए पेन से पसंदीदा उम्मीदवारों के सामने वरीयता क्रम में अंग्रेजी के अंक 1 और 2 अंकित करने होंगे। प्रवक्ता एके सिंह ने पात्र शिक्षकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। प्रवक्ता गणेश सिंह ने बताया कि चुनाव के दिन शिक्षकों को अवकाश रहेगा, ताकि वे मतदान कर सकें। इस दौरान बसीमुद्दीन, सीमा सागर, प्रीति आर्य, योगेश बाबू, मनोज कुमार, सत्यपाल, बिपिन कुमार, लकी रानी, लता भारद्वाज, अल्का भारती और सीमा सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

चन्दौसी। थाना बनियाठेर पुलिस ने गाली-गलौज करने, लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 13 अक्टूबर को तेली वाला कुआं जाने वाले रास्ते के तिराहे से पकड़ा।

पुलिस के अनुसार, 23 सितंबर 2026 को नरौली कस्बे के मंशा देवी निवासी तौफीक पुत्र रशीद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने वादी और उसके भाई के साथ गाली-गलौज की तथा लाठी-डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में बनियाठेर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी जीशान पुत्र जमालुद्दीन, निवासी काजीटोला, कस्बा नरौली, थाना बनियाठेर, जनपद संभल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की उम्र करीब 25 वर्ष बताई गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह और कांस्टेबल आनंद कुमार शामिल रहे।

छात्रवृत्ति फार्म जमा करने को दूसरे दिन भी लगी लंबी कतारें

चन्दौसी। एस.एम. कॉलेज में छात्रवृत्ति के फार्म जमा करने के लिए दूसरे दिन भी छात्र-छात्राओं की लंबी कतारें लगी रहीं। कॉलेज में करीब 7500 छात्र-छात्राएं विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत हैं, जबकि विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में शिक्षण और कार्यालय स्टाफ की कमी है। कार्यालय में बाबुओं की संख्या भी कम है। वहीं, कई विषयों में सहायक प्रोफेसर नहीं हैं। रसायन विज्ञान विभाग में एक भी सहायक प्रोफेसर नहीं है। ऐसे में छात्रवृत्ति फार्म जमा करने के दौरान विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फार्म जमा करने के लिए अलग-अलग काउंटरों पर विद्यार्थियों की भीड़ जुटी रही। व्यवस्था संभालने के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने काउंटरों पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं को कतारबद्ध कराया। इसके साथ ही उन्होंने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कर विद्यार्थियों के प्रवेश परिचय पत्रों की जांच की। जांच के दौरान बाहरी लोग मिलने पर उन्हें परिसर से बाहर जाने के निर्देश दिए। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि कोई भी अनाधिकृत बाहरी व्यक्ति अनावश्यक रूप से कॉलेज परिसर में नहीं घूमेगा। उन्होंने स्टाफ को निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं के कार्यों में अनावश्यक देरी न हो और सभी काउंटरों पर छात्रवृत्ति फार्म जमा कराने की प्रक्रिया सुचारु रूप से जारी रखी जाए।

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर डांडिया एवं देवी भजन उत्सव का भव्य आयोजन

बिसौली। इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर डांडिया एवं देवी भजन उत्सव का भव्य आयोजन अत्यंत धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्लब की महिला सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर मां दुर्गा की भक्ति और डांडिया नृत्य के संगम से पूरे माहौल को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। ?

समारोह की शुरुआत मां दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद क्लब की सदस्यों ने एक से बढ़कर एक सुमधुर देवी भजनों की प्रस्तुतियां दीं। मैया यशोदा...और सजा है तेरा द्वार भवानी..जैसे भक्तिगीतों पर पूरा प्रांगण मां के जयकारों से गूंज उठा। ?भजन संध्या के उपरांत रंग-बिरंगी %चनिया-चोली% और पारंपरिक गुजराती वेशभूषा में सजी महिलाओं ने डांडिया और गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान क्लब की अध्यक्षा भारती अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी सनातन संस्कृति और परंपराएं जीवंत रहती हैं। सचिव सुविधा माहेश्वरी ने कहा कि इनरव्हील क्लब महिलाओं को एक साथ आकर खुशियां बांटने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष भारती अग्रवाल, सचिव डॉ. सुविधा माहेश्वरी, अर्चना वार्ष्णेय, प्रतिभा अग्रवाल, नीरु, दिव्या, नमिता गर्ग, संयोगिता गर्ग, रितु, लता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, अनुपम गुप्ता, अनुपम शर्मा, मधु शर्मा आदि प्रमुखता से मौजूद रही।

सतीश प्रेमी पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की

बिसौली। विधानसभा क्षेत्र के गांव हत्सा में बीते दिन हुए भीषण सड़क हादसे में जान गवाने वाले तीनों युवाओं के शव जैसे ही उनके पैतृक गांव पहुंचे को कोहराम मच गया। परिजनों की चीख पुकार से पूरा मोहल्ला गमगीन हो गया। जवान बेटों की आर्थियों को एक साथ उठता देख मां-बाप और सगे संबंधी भी बेसुध हो गए। जब अंतिम यात्रा गुजरी तो हर किसी का कलेजा फट पड़ा। सांत्वना देने पहुंचे लोगों के गले भी रुंध गए। घटना की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में समाजवादी पार्टी और वे स्वयं पूरी तरह से परिजनों के साथ खड़े हैं। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर मिलने वाली हरसंभव मदद दिलाने का भी भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं की इस तरह असमय विदाई समाज और परिवार के लिए एक अपूर्णीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। ?गौरतलब है कि इस हादसे के बाद से पूरे गांव में चूल्हे तक नहीं जले हैं। जवान बेटों की अर्थियां एक साथ उठने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव और मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है।

श्री प्राचीन रामलीला महोत्सव की तैयारियाँ पूरे ज़ोरों-शोरों से शुरू

बिसौली। श्री प्राचीन रामलीला महोत्सव की तैयारियाँ पूरे ज़ोरों-शोरों से शुरू हो गई हैं। रामलीला कमेटी द्वारा परंपरागत रूप से झंडी पूजन के साथ ही मेले का औपचारिक आगाज कर दिया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच झंडी पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। ?पूजन के उपरांत बैंड-बाजों और धार्मिक भजनों की गूंज के साथ झंडी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर के प्राचीन और परंपरागत मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान पहुँची, जहाँ इसे ससम्मान स्थापित किया गया। रास्ते में स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर झंडी यात्रा का स्वागत किया और %जय श्री राम% के जयघोष लगाए। रामलीला कमेटी के जगतपाल मिश्रा ने बताया कि इस बार का रामलीला मेला आगामी 24 अक्टूबर से विधिवत रूप से शुरू होगा। इस अवसर पर कमेटी की अध्यक्षा ठाकुर मिथिलेश सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष जगतपाल मिश्रा, उपाध्यक्ष बृजवासी मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, नीरज पाराशरी, मंत्री प्रभाकर मिश्रा, कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा, सह कोषाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, अजय मिश्रा, संयोजक गोपी वल्लभ मिश्रा, रामसुमरन लाल मिश्रा, गिरीश मिश्रा, मनीष मिश्रा, सोनू शर्मा, राजेंद्र मिश्रा, सुभाष राजोरिया, जगदीश चंद्र राजोरिया, विजय प्रकाश पाठक, सुनील मिश्रा, सत्य नारायण मिश्रा, अशोक कुमार शर्मा, शैलेंद्र सिंह, नवनीत पाठक, अरुण कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत बालिकाओं को अधिकारों और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

चन्दौसी। नवरात्र के अवसर पर संभल जिले में मिशन शक्ति फेज-6.0 का शुभारंभ जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में रैली निकालकर किया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में 13 अक्टूबर को डिस्ट्रिक्ट काउंसलर एवं गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, किसी के साथ ओटीपी और निजी जानकारी साझा नहीं करने तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। आपातकालीन सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 1090 और 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी भी दी गई। बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों से बेहतर ढंग से परिचित कराने के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली बालिकाओं को प्रमाणपत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनू भारती, निशा लख्वा, मंतशा, संतोष, स्नेहा, रूपाली, दिया, आध्या, दीपा सहित अन्य का सहयोग रहा।

युगल नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

चन्दौसी। वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति के तत्वावधान में रामबाग धाम के रामलीला मंच पर युगल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका शुभारंभ समिति के पदाधिकारियों और निर्णायक मंडल ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समिति की प्रदेश सचिव प्रतिभा चैधरी ने सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए अतिथियों को पटका पहनाकर और प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में 20 युगलों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। समिति का उद्देश्य प्रतिभाशाली बच्चों को मंच प्रदान कर उनकी कला को आगे बढ़ाना है। प्रतियोगिता में मिहारिका और वान्या दीक्षित की जोड़ी ने प्रथम, प्रगति और आकृति की जोड़ी ने द्वितीय तथा शिवांश और तोषिका की जोड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. विदुषी गुप्ता, डॉ. सफिया अंजुम और प्रतिज्ञा वार्ष्णेय शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अंकित वार्ष्णेय और डॉ. टीएस पाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान समिति अध्यक्ष रीना चैधरी, सचिव प्रतिभा चैधरी, कोषाध्यक्ष पूजा गुप्ता, डॉ. सुधा चैधरी, रागिनी वार्ष्णेय, नमिता चैधरी, मोनिका चैधरी, मोनिका टनाटन, लता, रचना, वर्षा, पूनम, मनोरमा, खुशी, अदिति, गीता, तृप्ति, सविता और बीना सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत जागरूकता अभियान चलाया

चन्दौसी। मिशन शक्ति फेज-6.0 के शुभारंभ पर यातायात पुलिस और एसएम डिग्री कॉलेज की एनसीसी महिला कैडेट्स ने नगर में यातायात जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। नगर में बदायूं चुंगी, रोडवेज स्टैंड, रेलवे स्टेशन, फव्वारा चैक और तहसील तिराहे सहित प्रमुख स्थानों पर अभियान चलाया गया। थाना चन्दौसी, बनियाठेर और कुढ़ फतेहगढ़ की मिशन शक्ति टीम के सहयोग से एनसीसी महिला कैडेट्स ने वाहन चालकों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी। साथ ही प्रमुख चैराहों पर यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने में सहयोग किया। प्रभारी यातायात जगरोशन सिंह और पुलिस टीम ने छात्राओं को यातायात संचालन एवं सड़क सुरक्षा के नियमों की व्यावहारिक जानकारी दी। वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। लोगों को महिला हेल्पलाइन 1090 व 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

क्रॉप कटिंग कर खरीफ फसलों की उत्पादकता का किया आकलन

चन्दौसी। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन में जनपद संभल में खरीफ फसलों की उत्पादकता का आकलन करने के लिए क्रॉप कटिंग की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को विकासखंड बनियाखेड़ा के मौलागढ़ में उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी और लेखपाल वरुण कुमार सक्सेना ने क्रॉप कटिंग कराई। इस दौरान निर्धारित प्रक्रिया के तहत फसल की उपज का आकलन किया गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग के लिए यादृच्छिक (रैंडम) आधार पर खेतों का चयन किया जाता है। इसके बाद निर्धारित क्षेत्रफल में फसल की कटाई कर प्राप्त उपज के आधार पर प्रति इकाई क्षेत्रफल की उत्पादकता का आकलन किया जाता है। इससे जनपद में खरीफ फसलों की औसत उत्पादकता निर्धारित करने में मदद मिलती है। क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़े शासन को भी भेजे जाते हैं, जिनका उपयोग फसल उत्पादन के आकलन सहित संबंधित कृषि योजनाओं के लिए किया जाता है।

कालाबाजारी और कम राशन देने की शिकायत पर राशन की दुकान सील

चन्दौसी। तहसील क्षेत्र के गांव गुरसरी में राशन डीलर पर कालाबाजारी और कम राशन देने का आरोप लगा है। ग्रामीणों की शिकायत पर खाद्य और राजस्व विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची और राशन कार्ड धारकों के बयान दर्ज किए। शिकायतकर्ताओं ने मौके पर स्टॉक कम होने की बात कही। टीम ने दुकान में रखे गेहूं, चावल और मक्का को तौला, वीडियोग्राफी भी की। पॉश मशीन डिस्चार्ज होने से वितरण का विवरण नहीं मिला। इस पर टीम ने मशीन जब्त कर दुकान सील कर दी। हालांकि शिकायतकर्ताओं ने जांच पर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि टीम ने सही से जांच नहीं की और स्टॉक में कम राशन होने के बावजूद ग्रामीणों को जानकारी नहीं दी। सप्लाई इंस्पेक्टर आशीष गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों के सामने जांच हुई, पर शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं थे, इसलिए दुकान सील की गई। एसडीएम चंदौसी आगे की कार्रवाई करेंगे। राशन डीलर कुलदीप सिंह ने आरोपों को गलत बताया, शिकायतकर्ता अपात्र हैं।

10 मतदान केन्द्रों पर पड़ेंगे वोट

बदायूँ। बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए जनपद बदायूँ में प्रस्तावित 10 मतदेय स्थलों का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश ने जानकारी दी है कि जनपद में 23 अक्टूबर को होने वाले बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 हेतु जनपद स्तर से 10 मतदेय स्थलों का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया था, प्रस्तावित सभी मतदेय स्थलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

इन स्थानों को बनाया गया है मतदेय स्थल - बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए जनपद में कार्यालय नगर पालिका परिषद बदायूँ, मतदेय स्थल संख्या 32 कार्यालय नगर पालिका परिषद बिल्सी मतदेय स्थल संख्या 30 तथा कार्यालय क्षेत्र पंचायत बिसौली मतदेय स्थल संख्या 26, आसफपुर 27, वजीरगंज 28, सहसवान 29, इस्लामनगर 31, उझानी 33, म्याऊँ 34 एवं कार्यालय क्षेत्र पंचायत दातागंज मतदेय स्थल संख्या 35 को मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदेय स्थलों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध है।

20 तक करा सकते हैं मजिस्ट्रियल जांच में साक्ष्य एवं बयान दर्ज

बदायूं। जिला मजिस्ट्रेट, बदायूं के पत्र संख्या 1216 के क्रम में ग्राम अटसेना, थाना दातागंज, जनपद बदायूं निवासी राजेश पुत्र शहजादे की थाना दातागंज में अचानक स्वास्थ्य खराब होने के उपरांत उपचार के दौरान हुई मृत्यु के संबंध में मजिस्ट्रियल जांच की जा रही है। इस प्रकरण की जांच हेतु उपजिला मजिस्ट्रेट दातागंज को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। उपजिला मजिस्ट्रेट दातागंज ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकरण के संबंध में कोई कथन अंकित कराना हो अथवा कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना हो, तो वह तहसील दातागंज परिसर स्थित उपजिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना कथन अंकित करा सकता है तथा साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। इसके लिए निर्धारित तिथि 20 अगस्त तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित होकर कथन एवं साक्ष्य प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

नगर पंचायत सिरसी द्वारा मच्छरों के प्रकोप से बचाव हेतु नगर में कराया गया कीटनाशक दवाओं का छिड़काव।

शिक्षक निर्वाचन में शांतिपूर्ण मतदान कराने के निर्देश

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की। बैठक में मतदान के लिए तैनात पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचारु ढंग से संपन्न कराना सभी मतदान कार्मिकों की जिम्मेदारी है। जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान कार्य में लगाई गई है, वे सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर लें तथा निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने मतदान स्थल के प्रभारी के रूप में सभी व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित करें। मतदान अभिकर्ताओं की नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया, मतपत्र के पृष्ठभाग पर विशिष्ट पहचान चिह्न लगाने एवं पूर्ण हस्ताक्षर करने, टेंडर मतपत्र तथा चौलेंज मतों से संबंधित कार्रवाई को नियमानुसार संपन्न कराएं। इसके साथ ही मतपत्रों, आवश्यक प्रपत्रों, लेखा विवरण तथा अन्य लिफाफों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तैयार करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मतदान के दौरान निर्वाचन की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। सभी मतदान अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराएं, जिससे बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

सुरक्षित बचपन योजना से जोड़ें जाएं महिला बंदियों के बच्चे

बदायूं- अपर जिलाधिकारी प्रशासन मानवेन्द्र सिंह ने सुरक्षित बचपन योजना के तहत निर्देश दिए कि जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के ऐसे बच्चे, जो अपने घरों पर रह रहे हैं, उनको भी इस योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने तथा पात्र बच्चों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को संयुक्त निगरानी समिति द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। सुरक्षित बचपन की निगरानी समिति के अंतर्गत चिन्हित बच्चों की स्थिति एवं उनकी आवश्यकताओं की समीक्षा भी की गई। निरीक्षण के दौरान बच्चों को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि जिला कारागार में 11 बच्चे अपनी माताओं के साथ रह रहे हैं। समिति ने इन बच्चों की व्यक्तिगत देखरेख योजना (आईसीपी) का फॉलोअप करने तथा समय-समय पर उनकी काउंसलिंग कराने के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एसीएमओ एवं बाल रोग विशेषज्ञ को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र कुलश्रेष्ठ, एसीएमओ डॉ0 मोहन झा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर पाठक, दोनों संरक्षण अधिकारी रवि कुमार एवं प्रीती कौशल, सामाजिक कार्यकर्ता भमरपाल सिंह, मुख्य सेविका पूनम यादव, जेलर शैलेश कुमार सोनकर तथा डिप्टी जेलर अनन्या अत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति- कक्षा-9 की छात्रा अलशिफा बनीं एक दिन की सीडीओ

बदायूँ- मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला के निर्देशन में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, जगत की कक्षा-9 की छात्रा अलशिफा को एक दिन के लिए प्रतीकात्मक मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। इस पहल के माध्यम से बालिका को प्रशासनिक कार्यप्रणाली को समझने तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान किया गया।

एक दिन की प्रतीकात्मक मुख्य विकास अधिकारी के रूप में अलशिफा ने जनपद में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की और प्रशासनिक कार्यों की प्रक्रिया को समझा। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक व्यवस्था से परिचित कराना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा नेतृत्व एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाने और उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समझ विकसित करना है, ताकि वे भविष्य में अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप उच्च पदों पर पहुंचकर देश और समाज की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना और उनके भीतर यह विश्वास पैदा करना आवश्यक है कि वे भी भविष्य में उच्च प्रशासनिक पदों पर आसीन होकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा सकती हैं। इस प्रकार की पहल बालिकाओं को अपने लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं।

विकल्प पत्रों के आधार पर कर सकेंगे मतदान

बदायूं। बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/अपर आयुक्त बरेली मण्डल बरेली प्रीति जायसवाल ने समस्त संबंधित मतदाताओं से अपील की है कि मतदान के समय निर्धारित पहचान दस्तावेज साथ लेकर आएं, जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारु एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

उन्होंने जानकारी दी है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए 23 अक्टूबर 2026 को मतदान कराया जाएगा। मतदान में प्रतिरूपण को रोकने के दृष्टिगत ऐसे मतदाता, जिन्हें मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है, उन्हें मतदान से पूर्व अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे निर्वाचक जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वह अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान-पत्र, सांसदों, विधायकों एवं पार्षदों को जारी सरकारी पहचान-पत्र, संबंधित शिक्षक क्षेत्र के निर्वाचक को नियोजित करने वाले शैक्षिक संस्थान द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र अथवा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

कार्यालय नगर पंचायत उसहैत (बदायूँ)

संख्या:- 247/न.पं.उसहैत/ई-निविदा/2026-27/2026 दिनांक:- 12.10.2026

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-568/2026/नौ-5-2026/001-Com.No.-2093071 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ के माध्यम से प्राप्त धनराशि से सीवरेज एवं जल निकासी योजना तथा शासनादेश संख्या- 590/2026/4225 नौ-5-2026/003-Com.No.-2092052 नगर विकास अनुभाग-5 के माध्यम से प्राप्त धनराशि 'पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराया जाना है। जिसके लिये ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत दिनांक 12.10.2026 से दिनांक- 02.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक ई-निविदायें http://etender.up.nic.in पोर्टल पर आमंत्रित की जा रही हैं। आमन्त्रित ई-निविदायें दिनांक 03.11.2026 को समय 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। ई-निविदा फार्म के मूल्य जो निविदा पर अंकित है, नगर पंचायत उसहैत के Account No. 001802300000034 IFS Code UPCB00ZSBBU Branch USHAIT (Budaun) में ई-पेमेन्ट के माध्यम से करने के उपरान्त जमा राशि के विवरण की स्कैन कॉपी निविदा के साथ संलग्न करें। निविदा के साथ अनुमानित लागत की 02 प्रतिशत जमानत राशि ई-पेमेन्ट/ एफडीआर/आरटीजीएस के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा, जिसके जमा विवरण की स्कैन कॉपी भी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। ई-निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। मुख्य शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत उसहैत (बदायूँ)

अध्यक्ष
नगर पंचायत उसहैत (बदायूँ)

पोषण स्तर में सुधार और आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए जिले में चलेगी विशेष पहल

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार, आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, पोषण संबंधी योजनाओं की प्रगति, पोषण पुनर्वास केंद्रों की कार्यप्रणाली तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोषण कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को योजनाओं का लाभ समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराया जाए।

आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण सुधार के लिए लागू होगा अभिनव प्रयोग

जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने और उनके पोषण स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से जनपद के प्रत्येक विकास खंड के 10 चिन्हित आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष नवाचार शुरू करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रशासनिक स्तर से इस योजना के अंतर्गत 15 नवंबर से 15 मार्च तक बच्चों को सप्ताह में दो बार चना, तिल और गुड़ से तैयार पौष्टिक 'सुपर लड्डू' उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सप्ताह में एक बार दूध तथा दो बार मौसमी फल दिए जाने की व्यवस्था प्रस्तावित है। बच्चों को पौष्टिक आहार के प्रति आकर्षित करने के लिए रोस्टेड नमकीन और गुड़ की चिक्की जैसे खाद्य पदार्थों को भी पहल में शामिल किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, वितरण की नियमितता और बच्चों को मिलने वाले पोषण लाभ पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इस पहल की निगरानी के लिए संबंधित सुपरवाइजरों को चयनित केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

15 मार्च के बाद गर्मियों के मौसम में बच्चों को सत्तू सहित अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए 'स्टार ऑफ द मंथ' पहल पर जोर

जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना पोषण कार्यक्रमों की सफलता के लिए आवश्यक है। इस उद्देश्य से बच्चों और उनके अभिभावकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैठक में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए आकर्षक गतिविधियों के साथ-साथ माह में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले बच्चे को 'स्टार ऑफ द मंथ' के रूप में सम्मानित करने की पहल पर जोर दिया गया। इससे बच्चों में केंद्र आने के प्रति रुचि बढ़ाने तथा अभिभावकों को नियमित रूप से बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र भेजने के लिए प्रेरित करने में सहायता मिलेगी।

पोषण वाटिकाओं को विकसित करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने प्रत्येक विकासखंड के 10 आंगनवाड़ी केंद्रों पर बेहतर पोषण वाटिकाएं विकसित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण वाटिकाओं के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए। संबंधित अधिकारी केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता और पोषण गतिविधियों की नियमित निगरानी करें तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।

स्थानांतरित तीन सीडीपीओ के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश

बैठक में जिलाधिकारी ने स्थानांतरित होने के बावजूद नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण न करने वाले तीन बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) के प्रकरण पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने निर्देश दिए कि जब तक संबंधित अधिकारी अपनी नवीन तैनाती वाली परियोजना में कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेते, तब तक अक्टूबर माह का वेतन आहरित न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और निर्देशों की अवहेलना को गंभीरता से लिया जाएगा।

पोषण पुनर्वास केंद्रों की व्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने ठाकुरद्वारा और बिलारी में 10-10 बेड की क्षमता वाले पोषण पुनर्वास केंद्र स्थापित करने के लिए शासन स्तर पर स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को समय पर उचित उपचार और पोषण संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जाएं।

इसके साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती होने के बाद 14 दिन से पहले छुट्टी लेकर जाने वाले बच्चों के मामलों की समीक्षा करते हुए उनकी विगत तीन माह की पोषण स्तर संबंधी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे बच्चों की स्थिति का विश्लेषण किया जाए, ताकि उनके पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति बढ़ाने के निर्देश

बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान जनपद में 96.36 प्रतिशत प्रगति की जानकारी दी गई। कुंदरकी विकासखंड में योजना की प्रगति 84 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित सीडीपीओ से कम प्रगति के कारणों की जानकारी ली तथा इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

लंबित केंद्रों के कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा बनाए जा रहे नौ केंद्रों के कार्य विगत वर्षों से लंबित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं को तत्काल दूर कराया जाए तथा आवश्यक समन्वय स्थापित कर कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए।

जिलाधिकारी ने किया मै० एलसी इन्फ्रा को किया निर्देशित

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन (जेजेएम) की समीक्षा बैठक में कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा पूर्व से पूर्ण 67 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के अतिरिक्त 25 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनायें पूर्ण कर ली जाये, पूर्व से ओवर हैड टैंक के माध्यम से की जा रही 91 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओ में जलापूर्ति के अतिरिक्त अन्य 10 नग योजनाओं की ओवर हैड टैंक से जलापूर्ति प्रारम्भ की जाये, पूर्व से ट्यूबवैल के माध्यम से की जा रही 48 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओ में जलापूर्ति अतिरिक्त 20 नग और ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में ट्यूबवैल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुचारू की जाये, उक्त कार्य अग्रिम समीक्षा बैठक तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिये जाये एवं कार्यरत फर्म मै0एन0के0जी0 प्राइमस को निर्देशित किया गया कि मै0एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा पूर्व से पूर्ण 1 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के अतिरिक्त 7 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनायें पूर्ण कर ली जाये, पूर्व से ओवर हैड टैंक के माध्यम से की जा रही 7 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओ में जलापूर्ति के अतिरिक्त अन्य 5 नग योजनाओं की ओवर हैड टैंक से जलापूर्ति प्रारम्भ की जाये एवं पूर्व से ट्यूबवैल के माध्यम से की जा रही 82 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओ में जलापूर्ति अतिरिक्त 23 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में ट्यूबवैल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुचारू की जाये, उक्त कार्य अग्रिम समीक्षा बैठक तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिये जाये। सड़क पुनर्स्थापना के लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, निर्माणाधीन पानी की टंकियों की प्रगति में तेजी लाई जाए तथा जिन योजनाओं में सीधे एवं टंकी के माध्यम से जलापूर्ति की जानी है, उनमें जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए।

आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत ईवीएम एवं वीवीपैट का 14 व 15 अक्टूबर को होगा मॉक पोल

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन)/उप-जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद मुरादाबाद में ईवीएम एवं वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग (स्नस्ब्) प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत दिनांक 14 एवं 15 अक्टूबर 2026 को प्रातः 09ः00 बजे से ईवीएम एवं वीवीपैट का मॉक पोल कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 में प्रयोग की जाने वाली क्ष्क्ष्रुमेक रू-3 मॉडल की ईवीएम एवं वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग (स्नस्ब्) बीईएल बैंगलोर के तकनीकी इंजीनियरों द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय, नवीन भवन स्थित सोनकपुर, तहसील भवन के निकट, मुरादाबाद के ईवीएम वेयर हाउस में की जा रही है। यह प्रक्रिया 17 सितंबर 2026 से प्रतिदिन प्रातः 09ः00 बजे से सायं 07ः00 बजे तक संचालित की गई।

उन्होंने समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों/मंत्रियों तथा संबंधित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे दिनांक 14 एवं 15 अक्टूबर 2026 को प्रातः 09ः00 बजे जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस में आयोजित मॉक पोल प्रक्रिया में स्वयं उपस्थित हों। यदि किसी कारणवश उपस्थित होना संभव न हो, तो अपने अधिकृत प्रतिनिधि को निर्धारित समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।

बृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित

मेरठ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आमजन को विधिक रूप से सशक्त बनाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से 01 नवम्बर, 2026 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। शिविर जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा-द्वितीय की अध्यक्षता में आयोजित होग

उक्त शिविर के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में चौदह न्यायालय भवन के प्रथम तल स्थित सभागार कक्ष में सुश्री सोनिका वर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई।

बैठक में सचिव द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि न्यायिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बृहद शिविर से पूर्व लघु विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए जाएँ। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाए, जिससे बृहद शिविर में अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से कराने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर में प्रतिभाग कर सकें और विधिक सहायता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, मेरठ सहित जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने जाना खैर नगर गेट का इतिहास

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा मेरठ शहर के ऐतिहासिक द्वारों के इतिहास एवं भौगोलिक सीमाओं के अध्ययन के लिए शुरू किए गए सर्वेक्षण के प्रथम दिन एम.ए. प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व के विद्यार्थियों ने खैर नगर गेट का भौतिक सर्वेक्षण किया।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय, मुरादाबाद
इजरा वाद संख्या- 11/2026
परिवाद संख्या- 19/2018
तारीख पेशी:- 21.10.2026
श्रीमति त्रिलोजमा सरन कोठीवाल बनाम सुपरटेक लिमिटेड आदि
बनाम
1- सुपर टेक लिमिटेड द्वारा प्रबन्ध निदेशक 1114, हेमकुण्ड चैम्बर्स 89, नेहरू पैलेस, नई दिल्ली- 110048,
2- सम्पत्ति प्रबन्धक सुपरटेक एस्टेड प्राईवेट लिमिटेड कार्यालय सुपरटेक पाल्स ग्रीन्स प्लाट नं0 8, सेक्टर-4, नया मुरादाबाद, नगर व जिला मुरादाबाद - 244001
हरगाह इजरा वाद ने आपके नाम एक नालिश बाबत माह के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख बवक्त बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे को करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिन पर आप बताईये अपनी जवाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो, आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मनसूआ और फैसला होगा।
दरख्वास्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 21 माह 10 सन् 2026 ई0 को जारी किया गया।
प्रबन्धक
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, मुरादाबाद

सम्बन्ध विच्छेद सुचना
मैं अपने पुत्र अमित को उसके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए उससे अपने तमाम तरह के पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त करता हूँ। अब से अपने सभी अच्छे बुरे कार्यों का जिम्मेदार अमित ही होगा। अब से मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का उससे कोई भी सम्बन्ध ताल्लुक वास्ता किसी भी प्रकार का नहीं होगा।
बाबू पुत्र सरूपा, निवासी मौ0 उपाध्याय नगर कस्बा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़।

सम्बन्ध-विच्छेद सूचना
मैनें अपने पुत्र आकाश व पुत्रवधू श्रीमति तनु पत्नी आकाश को उनके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में अपने कृत्यों के यह स्वंय जिम्मेदार व देनदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता न होगा।
मनोज पुत्र भगवानदास निवासी पीतम नगर, मझोला, थाना मझोला, जिला मुरादाबाद हाल निवासी 266 बुढ़नपुर (पार्ट) (372) सेक्टर-15, पंचकुला, हरियाणा- 134113

जिले की चार तहसीलों में 20 जनशिकायतों का कराया गया अंतिम समाधान

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। प्रशासनिक स्तर से संचालित 'मिशन संपूर्ण समाधान' के अंतर्गत आमजन की शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के निर्देश पर जनपद की प्रत्येक तहसील में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों में से प्रतिदिन 05 शिकायतों का अंतिम एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को जनपद की तहसील ठाकुरद्वारा, कांठ, सदर एवं बिलारी में 05-05, कुल 20 जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया गया। संबंधित उपजिलाधिकारियों एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों से जांच कराई गई तथा प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। निस्तारित प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई से अवगत भी कराया गया।

तहसील कांठ

निवासी ग्राम अलीपुरा कुई के श्री आंशिक कुमार द्वारा जाति प्रमाण पत्र जल्दी बनवाने हेतु प्रकरण हेतु जांच आख्या के अनुसार नियमानुसार तहसील स्तर से प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया है और श्री जाकिर हुसैन द्वारा आराजी काश्त फर्द खतौनी में हिस्से दुरुस्त कराने हेतु दर्ज शिकायत का तहसीलदार की जांच आख्या के अनुसार अंश 0.099 हेक्टेयर दर्ज कराकर प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है। इसी प्रकार से ग्राम सहदौली निवासी श्री सुल्तान की आय प्रमाण पत्र शीघ्र बनवाने हेतु आवेदन किया गया था, जिसको जांच के उपरान्त तहसील स्तर से प्रमाण पत्र निर्गत हो चुका है। श्री परमेन्द्र सिंह के नाम दुरुस्तीकरण के प्रकरण पर खतौनी में नियमानुसार सही कराकर प्रकरण को निस्तारित कर दिया गया तथा श्री सूरज द्वारा खेती की मेढ़ को पडोसी कृषक द्वारा तोड़ने संबंधी शिकायत का दोनों पक्षों में आपसी सहमति बनाकर आवश्यक पैमाइश उपरान्त सहमति के आधार पर मेड़ डलवाकर विवाद को समाप्त कर दिया गया है।

*तहसील ठाकुरद्वारा

* तहसील के ग्राम सुल्तानपुर खद्दर निवासी श्री नेतराम सिंह की विरासत दर्ज कराए जाने की शिकायत थी, जिसको तहसीलदार की जांच आख्या के अनुसार नाम दर्ज कर प्रकरण को निस्तारित कर दिया गया। श्रीमती बबिता देवी व श्रीमती मोनी की मायके से जाति तस्दीक कराए जाने के प्रकरण को तहसीलदार की जांच के अनुसार निस्तारण कर दिया गया। इसी क्रम में श्रीमती चंदना देवी एवं श्रीमती ऊषा द्वारा राशन कार्ड चालू कराने एवं खाद्यान्न सहायता दिए जाने हेतु संबंधी प्रकरण का प्रर्ति निरीक्षक द्वारा प्रेषित जांच रिपोर्ट के आधार पर पात्र गृहस्थी का राशन कार्ड जारी किया गया।

तहसील बिलारी

निवासी ग्राम रतनपुर कलां श्रीमती शरवीन जहां द्वारा मायके की जाति प्रमाण पत्र तस्दीक हेतु प्रकरण को तहसीलदार द्वारा आफलाइन माध्यम से प्राप्त मायके की जाति को तस्दीक कर दिया गया तथा श्री पुष्पाल सिंह ग्राम मनकूला द्वारा गाटा संख्या 35/0.1420 हेक्टेयर तालाब पर कब्जा हटवाने एवं तालाब की साफ-सफाई कराने संबंधी प्रकरण का ग्राम प्रधान व सचिव की सहायता से तालाब की साफ-सफाई करा दी गयी और जलभराव की समस्या का भी निस्तारण हो गया। इसी प्रकार से श्रीमती मीना देवी की ग्राम कूढ़ी मानक की गाटा संख्या 191/0.1980 हेक्टेयर चकमार्ग की पैमाइश कराने हेतु शिकायत पर गाटा संख्या 191/0.1980 की पैमाइश मेड़ मिलान किसान की उपस्थिति में पैमाइश करा दी गयी है तथा मिट्टी डलवाने का भी कार्य मौके पर ही किया गया तथा श्री रमेश द्वारा गाटा संख्या 823/0.1210 हेक्टेयर चकमार्ग की पैमाइश कराने संबंधी शिकायत का संभ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रकरण का निस्तारण किया गया। श्रीमती फिरदौस द्वारा नया राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन किया था जिसको आपूर्ति निरीक्षक की जांच के अनुसार नया राशन बनवा दिया गया है।

तहसील सदर

श्री आनन्द प्रकाश रस्तौगी निवासी मक्ति टोला के आय प्रमाण पत्र जल्दी बनाये जाने के प्रकरण पर राजस्व विभाग की जांच के अनुसार प्रमाण-पत्र निर्गत करा दिया गया है। श्रीमती शाफिया एवं श्री उदय कुमार के राशनकार्ड निरस्त कराने के प्रकरण पर पूर्ति निरीक्षक की जांच के अनुसार कार्यवाही कर दी गयी है। ग्राम मोहम्मदपुर निवासी श्री सोमपाल सिंह द्वारा वर्तमान खतौनी में अंश ठीक कराने की शिकायत पर तहसीलदार की जांच आख्या के अनुसार खतौनी में अंश ठीक करा दिया गया तथा श्री ओमपाल सिंह के उद्धरण खतौनी के डबल नाम हटाये जाने विषयक प्रकरण में गाटा संख्या 467 में अंकित डबल नाम संबंधी त्रुटि नियमानुसार संशोधित करा दिया गया है।

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के निर्देश पर संचालित 'मिशन संपूर्ण समाधान' का उद्देश्य केवल शिकायतों का औपचारिक निस्तारण करना नहीं, बल्कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष जांच, नियमानुसार कार्रवाई एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। प्रशासन द्वारा शिकायतों के निस्तारण की निरंतर समीक्षा की जा रही है, ताकि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें समयबद्ध एवं प्रभावी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिले में प्रस्तावित स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान सीएमओ ने बताया कि 101 के सापेक्ष 47 उपकेंद्रों के लिए भूमि प्राप्त हो गई है। जिलाधिकारी ने शेष 54 उपकेंद्रों के लिए जमीन उपलब्धता हेतु तहसील और ग्रामवार आवश्यकता का विवरण भेजने के लिए निर्देशित किया। ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर के संभावित मरीजों को चिन्हित करने में संवेदनशीलता न बरतने पर जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को सख्त हिदायत देते हुए गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। डीपीएम और डीसीपीएम के लापरवाह रवैए पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि डेटा फीडिंग एवं अन्य कार्यों में लापरवाही पर वेतन रुकेगा। जिला चिकित्सालय (पुरुष), जिला महिला चिकित्सालय, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इकाई और सभी सीएचसी में क्यूआर कोड सार्वजनिक रूप से चस्पा कराया जाए ताकि आमजन को पर्चा बनवाने के दौरान भुगतान के लिए असुविधा का सामना न करना पड़े। बिलारी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ट्रायज बनाया जाएगा ताकि मरीजों की अधिकता के बावजूद भी जरूरतमंद मरीजों को तत्काल उपचार मिलने में कोई दिक्कत न हो। जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव कराने में उदासीनता बरतने वाली आशाओं को चिन्हित करके उनके विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को दिए। जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत तैनात 19 टीमों में से सबसे खराब प्रगति वाली टीमों को चिन्हित करके नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, ई संजीवनी, एम्बुलेंस सेवाएं, क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम, नेत्र ज्योति अभियान आदि के बारे में विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह के साथ-साथ समिति से संबंधित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

घूमर यात्रा गजरौला में 16 से 18 अक्टूबर तक सजेगी तीन दिवसीय डांडिया नाइट्स-2026 की धूम

मेरठ। राजस्थानी व्यंजनों एवं सांस्कृतिक मनोरंजन के लिए विख्यात नेशनल ब्रांड घूमर यात्रा द्वारा महानवरात्रि के पावन पर्व पर 16 से 18 अक्टूबर तक गजरौला परिसर में तीन दिवसीय डांडिया नाइट्स-2026 महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित घूमर यात्रा के प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता में ब्रांड के संस्थापक, सीईओ एवं प्रबन्ध निदेशक संतोष त्यागी तथा जीएम भवानी सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। संतोष त्यागी ने बताया कि यह महोत्सव अमरोहा एवं गजरौला सहित पूरे मुरादाबाद मंडल के लोगों के लिए राजस्थानी लोकसंस्कृति, संगीत और मनोरंजन का विशेष आकर्षण होगा। आयोजन में राजस्थान के जोधपुर एवं जयपुर घरानों के लोकगायक पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति देंगे। वहीं मुंबई और चंडीगढ़ से आने वाली टीमें नवरात्रि विशेष गीतों पर डांडिया नृत्य प्रस्तुत करेंगी। राजस्थानी लोकनृत्य घूमर के साथ कई प्रसिद्ध महिला एवं पुरुष गायक भी तीनों दिन अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। महोत्सव में बच्चों एवं बड़ों के लिए म्यूजिकल गेम्स, राजस्थानी ऊंट की शाही सवारी, चाट-पकौड़ी के स्टॉल तथा राजस्थानी एवं उत्तर भारतीय व्यंजनों का आनंद लिया जा सकेगा। दाल-बाटी-चूरमा, केर-सांगरी, बाजरे की रोटी, लहसुन की चटनी, प्याज कचौरी, मिर्ची बड़ा और नवरात्रि विशेष व्रत थाली आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजकों के अनुसार, दो लोगों की कपल एंट्री फीस 200 रुपये तथा स्टूडेंट कपल के लिए 150 रुपये निर्धारित की गई है। उन्होंने लोगों से परिवार सहित महोत्सव में शामिल होकर सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लेने की अपील की। प्रेसवार्ता में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर निहार त्यागी, निरख त्यागी, डॉ. बी.एस. त्यागी एवं सीए विस्मित त्यागी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (ऋण वसूली न्यायाधिकरण), देहरादून,
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय
(वित्तीय सेवा विभाग) दूसरी मंजिल, पारस टॉवर, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून, यूके-248171
ओ.ए. नंबर 126/2026 में प्रकाशन सूचना
'रिकवरी ऑफ डेट्स एंड बैंकरप्सी एक्ट, 1993' की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत समन, जिसे 'डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियम, 1993' के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पढ़ा जाए (समय-समय पर हुए संशोधनों सहित)
डायरी नंबर 878/2026 दिनांक: 18.08.2026
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
मोहम्मद तारिक
सेवा में,
1. मोहम्मद तारिक, पुत्र शरीफ अहमद, निवासी मकान नंबर 425, चौक के पास, अफजलगढ़, बिजनौर, यू.पी. - 246772
चूंकि ऊपर बताए गए आवेदक बैंक ने रु.23,95,319.67/- की बकाया राशि की वसूली के लिए आपके खिलाफ ओए नंबर 126/2026 दायर किया है, जिसमें माननीय ट्रिब्यूनल ने 'रिकवरी ऑफ डेट्स एंड बैंकरप्सी एक्ट, 1993' की धारा 19(4) के तहत समन/नोटिस जारी किया था और इसे 12.08.2026 को माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। चूंकि ट्रिब्यूनल को यह संतुष्ट कर दिया गया है कि आपको सामान्य तरीके से नोटिस तामील करना संभव नहीं है, इसलिए यह नोटिस इस प्रकाशन के माध्यम से दिया जा रहा है। आपको निर्देश दिया जाता है कि आप व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिकृत एजेंट या कानूनी सलाहकार के माध्यम से 09.11.2026 को सुबह 10:30 बजे ट्रिब्यूनल के समक्ष उपस्थित हों। इसके अलावा, आपको यह कारण बताना होगा कि ओए में मांगी गई राहत क्यों न दी जाए। साथ ही, यदि आपके बचाव में कोई जवाब है, तो उसे पेपर बुक के रूप में सेट में दाखिल करें और उन सभी दस्तावेजों और हलफनामों को पेश करें जिनके आधार पर आपका बचाव या सेट-ऑफ (समायोजन) या काउंटर-क्लेम (प्रति-दावा) का दावा है। ये सभी दस्तावेज इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से या आपके अधिकृत एजेंट या कानूनी सलाहकार के माध्यम से ट्रिब्यूनल में पेश किए जाने चाहिए।
ध्यान दें कि यदि आप बताए गए दिन और समय पर ट्रिब्यूनल के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं, तो मामले की सुनवाई और फैसला आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
यह नोटिस आज 18 अगस्त, 2026 को मेरे हस्ताक्षर और ट्रिब्यूनल की मुहर के साथ जारी किया गया है।
ट्रिब्यूनल रजिस्ट्रार, डेट्स रिकवरी ट्रिब्यूनल, देहरादून के आदेश से

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मवाना (मेरठ)
पत्रांकः 1415/न0पा0परि0मवाना / मेरठ / ई-निविदा/2026-27 दिनांकः 13-10-26
ई-टैंडर निविदा सूचना
नगर पालिका परिषद् मवाना जिला मेरठ समस्त ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पालिका कोष के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-निविदाए दिनांक 02-11-2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई निविदा बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि कॉलम नम्बर-4 में अंकित विवरणानुसार की FDR/NSC अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मवाना के पदनाम बन्धक कर व निविदा मूल्य (निविदा मूल्य+18% GST) कॉलम नम्बर-7 में अंकित विवरणानुसार ऑनलाईन RTGS/NEFT के माध्यम से पालिका के खाता संख्या-0317000109094318 IFSC Code: PUNB0031700 में जमा कर, दोनों की स्कैन कॉपी निविदा के साथ अपलोड करनी अनिवार्य होगी। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। इसके अतिरिक्त निविदा बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। ई-निविदा का विवरण एवं प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रिक्योरमेंट की वेबसाईट https://www.etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते है। अन्य सम्बधित जानकारी किसी भी कार्य दिवस व समय में कार्यालय नगर पालिका परिषद मवाना के स्टोर विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

कार्य की निविदा धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र स्कैन करने की अन्तिम तिथि	02-11-2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक।
कार्य की निविदा अपलोड करने की तिथि	17-10-2026 से 02-11-2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक।
कार्य की निविदा खोलने की तिथि	02-11-2026 को अपरान्ह 02:00 बजे के बाद
धरोहर राशि, निविदा शुल्क जमा की रशीद मूल रूप में जमा करने की तिथि	तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त।

(कृष्ण कान्त मिश्रा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, मवाना

(अखिल कुमार कौशिक)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, मवाना

जिलाधिकारी ने की चीनी मिल प्रबंधकों के साथ बैठक

बिलाई चीनी मिल को गन्ना मूल्य का बकाया भुगतान जल्द करने के निर्देश, अन्यथा होगी कार्रवाई

आज समाचार सेवा

बिजनौर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जनपद की समस्त चीनी मिलों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर गत पेराई सत्र के गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि बिलाई चीनी मिल को छोड़कर जनपद की शेष सभी चीनी मिलों ने गत पेराई सत्र के गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों को कर दिया है। जिलाधिकारी ने बिलाई चीनी मिल के प्रबंधक को निर्देशित किया कि किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान यथाशीघ्र सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के भुगतान में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और निर्धारित समय में भुगतान न करने पर संबंधित चीनी मिल प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी चीनी मिल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे गन्ना किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें तथा किसानों को उनके गन्ने का भुगतान समय से उपलब्ध कराएं।

बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी पेराई सत्र की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी चीनी मिलें निर्धारित समय पर पेराई सत्र प्रारंभ करने के लिए आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर लें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने गन्ना पर्ची वितरण, गन्ने की तौल तथा किसानों से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं चीनी मिल प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गन्ना पर्ची वितरण एवं तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए और किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद लाभ की स्थिति में संचालित हो रही है। जिलाधिकारी ने मिल प्रबंधन के कार्यों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि इसी प्रकार बेहतर प्रबंधन एवं कार्यप्रणाली बनाए रखी जाए, जिससे मिल की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनी रहे और किसानों को भी इसका लाभ प्राप्त हो। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी सहित जनपद की विभिन्न चीनी मिलों के प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

त्यौहारों के बीच चीनी के दाम में उछाल, एक सप्ताह में 10 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी

आज समाचार सेवा

किरतपुर (बिजनौर)। त्योहारों के मौसम में चीनी की कीमतों में तेजी आने से आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह में फुटकर बाजार में चीनी के दाम 49 रुपये से बढ़कर 59 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं, बूरा की कीमतों में भी 10 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। व्यापारियों के अनुसार, नवरात्र से दीपावली तक मिठाइयों और पकवानों की मांग बढ़ने के कारण चीनी की खपत में तेजी आती है। इसी बीच आपूर्ति प्रभावित होने से बाजार में कीमतें बढ़ गई हैं। जैन मंदिर बाजार में चीनी 62 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है। थोक बाजार में 50 किलो चीनी की बोरी करीब 3,000 रुपये में मिल रही है। वहीं, बूरा के दाम भी बढ़कर 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं, जबकि एक सप्ताह पहले इसकी कीमत करीब 60 रुपये प्रति किलो थी। चीनी कारोबारियों ऋतिक और अमित के अनुसार, पिछले सप्ताह से मिलों से चीनी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

मिलों से पर्याप्त मात्रा में चीनी नहीं मिलने के कारण बाजार में उपलब्धता कम हुई है। त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने और आपूर्ति कम होने से कीमतों पर दबाव बना हुआ है। चीनी के दाम बढ़ने से मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की लागत बढ़ने की आशंका है

सेंट मैरी स्कूल की बस पलटी, पांच बच्चों को आई मामली चोट

एसडीएम प्रिंस कुमार व एसएचओ धर्मेंद्र कुमार ने बच्चों से कुशलक्षेम पूछी

आज समाचार सेवा

नगीना। सेंट मैरी स्कूल के बच्चों को ले जा रही बस मंगलवार की सुबह साढ़े सात बजे स्कूल के पास ही स्लिप होकर सड़क किनारे खड्डे में चली गई।जिसमें पांच छह बच्चों को मामूली चोट आई। सूचना मिलते ही एसडीएम प्रिंस कुमार व एसएचओ धर्मेंद्र कुमार पुलिस के साथ पहले मौके पर पहुंचे और फिर स्कूल में जाकर बच्चों से कुशलक्षेम पूछी व बातचीत की। सेंट मैरी स्कूल की बस मंगलवार की सुबह साढ़े सात बजे करीब 50 बच्चों को लेकर जा रही थी।नहटौर रोड पर गांव अमरौली के रास्ते से स्कूल जाते समय कम चैड़ी सड़क पर सामने से आ रही कार को रास्ता देने के लिए बस सड़क की साइड में स्लिप हो गई और सड़क किनारे खड्डे में चली गई।बच्चों में थोड़ी घबराहट हो गई और बच्चे बस से निकल कर सड़क पर आ गए।घटना की जानकारी मिलते ही स्कूली बच्चों के अभिभावक भी पहुंच गए। एसडीएम प्रिंस कुमार व एसएचओ धर्मेंद्र कुमार सूचना मिलते ही पहले मौके पर पहुंचे और बच्चों को स्कूल पहुंचवाया। फिर स्कूल पहुंच गए और प्रिंसिपल ऑफिस में बैठ कर बच्चों से कुशलक्षेम पूछी और

बच्चों के साथ बातचीत की। सेंट मैरी स्कूल के प्रिंसिपल फॉदर साइजू राफेल सीएम ने बताया कि पांच छह बच्चों को मामूली चोट आई थी और कुछ बच्चों को घबराहट महसूस हो रही थी।बच्चों को स्कूल में ही फर्स्ट ऐड आयोडेक्स लगाकर उनके अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया। प्रिंसिपल फॉदर साइजू राफेल सीएम ने बताया कि बस स्कूल की नहीं है।अभिभावकों ने प्राइवेट तौर पर लगा रखा है।

तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मारी

स्कूटी सवार दो युवतियां गंभीर रूप से घायल

आज समाचार सेवा

नहटौर। नहटौर-नूरपुर मार्ग पर बालापुर गांव के पास एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने एक स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अखेड़ा गांव की रहने वाली मीनाक्षी और संगीता स्कूटी पर सवार होकर जा रही थीं।

जब वे बालापुर गांव के पास पहुंचीं, तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवतियां उछलकर सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घ्हादसे के बाद अनियंत्रित कार भी सड़क किनारे एक गहरे खड्डे में जा गिरी।

दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर एकत्र हो गए।

उन्होंने तत्परता दिखाते हुए घटना की सूचना पुलिस और घायलों के परिजनों को दी। इसके बाद स्थानीय लोगों व परिजनों की मदद से दोनों घायल युवतियों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। घ्सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बजाज हिन्दुस्थान की बिलाई शुगर मिल का बायलर पूजन सम्पन्न हुआ

आज समाचार सेवा

हल्दौर। मंगलवार को बजाज हिन्दुस्तान शुगर लिमिटेड, यूनिट बिलाई में मुख्य यजमान इंजीनियरिंग हेड गोपाल त्यागी द्वारा विधि विधान से बॉयलर पूजन किया गया। यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह ने हवन की पवित्र अग्नि से बॉयलर में अग्नि प्रवाहित की और पंडित नरेश चंद्र बलूनी द्वारा पूजन सम्पन्न कराया गया। सभी ने हवन कुंड में आहुति दी और आगामी सीजन की सफलता की मनोकामना की। इस अवसर पर कैन हेड सुभाष सिंह, प्रोडक्शन हेड पंकज अग्रवाल, लैब हेड विजय वीर सिंह, एचआर हेड संजय गोयल, सेल्स हेड के के दीक्षित, स्टोर हेड नीरज कुमार एवं सभी अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे। और अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

नागरिक अधिकार एवं विकास समिति का चुनाव हुआ सम्पन्न

आज समाचार सेवा

बिजनौर। प्रशांत गोयल लगातार छठी बार निर्विरोध नागरिक अधिकार एवं विकास समिति, के अध्यक्ष एवं नवदीप सिंह, एड0 व राजवीर सिंह, एड0 लगातार दूसरी बार महासचिव व कोषाध्यक्ष चुने गए। नागरिक अधिकार एवं विकास समिति की अक्टूबर माह 2026 की सभा में हुए द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया में वरिष्ठ दीवानी अधिवक्ता प्रशांत कुमार गोयल, एडवोकेट, को लगातार निर्विरोध छठी बार समिति का अध्यक्ष एवं नवदीप सिंह एडवोकेट, को निर्विरोध महासचिव एवं राजवीर सिंह, एडवोकेट, सभासद, नगर पालिका परिषद, बिजनौर को कोषाध्यक्ष दूसरी बार करतलध्वनि के साथ सत्र 2026-28 के लिए चुन लिया गया, इसी सभा में अशोक कुमार चैधरी, पूर्व को समिति का आजीवन संरक्षक सदस्य मनोनीत किया गया। सभा में इस वर्ष के समिति के वार्षिकोउत्सव मेधावी छात्र समारोह को भव्यता के साथ मनाने का निर्णय भी लिया गया। ये कार्यक्रम समिति का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महत्तवाकांक्षी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक पियूष कुमार व सह- प्रमुख संयोजक अनिल गंभीर, प्रमुख सहयोगी, अशोक कुमार चैधरी, पियूष,अवधेश कुमार जी रहेंगे। समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में डॉ0 अनुज कुमार का नाम अंकित

आज समाचार सेवा

हल्दौर। हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक डॉ0 अनुज कुमार ने विश्व पटल पर अपनी अमिट पहचान बनाई है। उनकी इस महान उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। क्षेत्रीय ग्रामवासियों, मित्रगण, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा बधाई देने वालों का लगातार प्रवाह हो रहा है। सूरज की ज्योत के समान वे विश्व पटल पर चमक रहे हैं।

महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी ने किया ऑर्थो केयर सेंटर का शुभारंभ

आज समाचार सेवा

स्योहारा। सोमवार दोपहर आरएसपी इंटर कॉलेज रोड स्थित आरोगय ऑर्थो क्लीनिक और डिजिटल एक्स-रे का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्योहारा में ऑर्थो केयर सेंटर की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। डॉ. राज सैनी ने सेंटर की स्थापना कर क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में नई सौगात दी है। इससे हड्डी रोग से संबंधित उपचार के लिए मरीजों को सुविधा मिलेगी।शुभारंभ समारोह में सेंटर की शुरूआत पर हर्ष व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों ने डॉ. राज सैनी के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा,सरोज सैनी ,डॉ प्रिया राज ,डॉक्टर स्नेहा राज ,डॉ विनीत देवड़ा ,डॉक्टर राजन राज , डॉ. वीरेंद्र पुष्पक, डॉ. यज्ञदत्त गौड़, डॉ. हरस्वरूप सिंह सैनी, जिला अध्यक्ष परशुराम स्वाभिमान सेना कपिल शर्मा, पवन चैहान और जिला पंचायत सदस्य अरुण भारद्वाज सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्योहारा में हड्डी रोग उपचार की सुविधा मिलने से मरीजों को मिलेगी राहत, डॉ. राज सैनी की पहल को सराहा

मतदाता सूची का पुनः सत्यापन अभियान 18 से 25 अक्टूबर तक

आज समाचार सेवा

नगीना। चुनाव आयोग ने एसआईआर के बाद मतदाता सूचियों के पुनः सत्यापन के लिए 18 से 25 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उपजिलाधिकारी प्रिंस कुमार ने बताया कि 18 नगीना विधानसभा(सुरक्षित) व 19 बढ़ापुर विधान सभा क्षेत्र में 18 से 25 अक्टूबर तक चलने वाले पुनः सत्यापन अभियान में बीएलओ अपने अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहते हुए अपनी अपनी मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)के दौरान पाए गए अनुपस्थित मतदाता पुनः सत्यापन के दौरान उपस्थित मिलते हैं अथवा कोई अन्य पात्र व्यक्ति मिलता है तो उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए प्रारूप 6 भरना सुनिश्चित करेंगे तथा अपात्र मतदाता जैसे मृतक,शिफ्टेड,डबल मतदाता पाए जाते हैं तो उनका नाम मतदाता सूची से अपमार्जित करने के लिए प्रारूप 7 भरना तथा मतदाता सूची में किसी मतदाता की किसी प्रविष्टि में त्रुटि है तो उसके संशोधन के लिए प्रारूप 8 भरने।उक्त कार्य संबंधित बीएलओ द्वारा अपने अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर तथा अपने अपने मतदान क्षेत्र में मतदाताओं के घर घर जाकर पूर्ण किया जाएगा।

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का तीसरा चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ

नहटौर। हेल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट) द्वारा नहटौर में स्वस्थ नहटौर मिशन के तहत युवाओं और विद्यार्थियों के लिए चलाए जा रहे स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का तीसरा चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस अभियान के शुरूआती तीन चरणों मे 6 शिक्षण संस्थानों के कुल 444 विद्यार्थियों और 28 शिक्षकों ने भाग लिया। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शुगर हाई ब्लड प्रेशर और आपातकालीन स्थिति में सीपीआर तकनीक के प्रति जागरूक करना है। सोमवार को अभियान के तीसरे चरण में एचएमआई इंटर कॉलेज और राजेश्वरी मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज के 182 विद्यार्थियों और 8 शिक्षकों ने भाग लिया। इससे पहले राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मुस्लिम फंड गर्ल्स इंटर कॉलेज, एसएनएसएम इंटर कॉलेज और ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। घ्अभियान के संरक्षक डॉ. विकास त्यागी ने सभी सत्रों में विद्यार्थियों को सीपीआर तकनीक का व्यावहारिक अभ्यास कराया।उन्होंने छात्रों से अपने माता-पिता, दादा-दादी और आसपास के लोगों की शुगर और ब्लड प्रेशर की नियमित जांच कराने की अपील भी की। हैप्ट के सचिव गिजाल मेंहदी ने बताया कि इस मुहिम का लक्ष्य नहटौर के सभी 12 इंटरमीडिएट कॉलेजों के कक्षा 11 और 12 के लगभग 700-800 विद्यार्थियों तक स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश पहुंचाना है। भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। घ्यह अभियान 14 नवंबर को श्विश्व डायबिटीज दिवसश के अवसर पर एक सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली के साथ समाप्त होगा। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2022 से स्वयंसेवकों के सहयोग से हैप्ट द्वारा अब तक 4,000 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। घ्इस मौके पर एचएमआई इंटर कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापक अलीम अहमद, राजेश्वरी मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापक शमशाद अहमद, फराज खुर्शीद, अब्दुल कादिर सहित हैप्ट के स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की टीम उपस्थित रही।

तृतीय नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने की मां चंद्रघंटा की आराधना

नगीना। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में से तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा की आराधना की गई। तृतीय नवरात्र पर मंगलवार को नवरात्र के व्रत रखने वाली महिलाओं व श्रद्धालुओं ने मां चंद्रघंटा की स्तुति ि ा ण ड ज ा ू व र ा रू ढ ा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता। प्रसादं तनुते मां चंद्रघण्टेति विश्रुता।। मंत्र के साथ की। शारदीय नवरात्रि का यह दिन माँ दुर्गा के तृतीय रूप माँ चंद्रघंटा का है।सिंह पर सवार इस देवी की मुद्रा भर से ही अत्याचारी दानव-दैत्य और राक्षस कांप जाते हैं।

मंगलवार को नवरात्र के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां चंद्रघंटा की विशेष पूजा कर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। मां दुर्गा के मंत्रोच्चार के साथ हवन कर और फिर भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। धामपुर रोड स्थित रामलीला बाग में प्राचीन सिद्धपीठ मां काली मंदिर व मां दुर्गा मंदिर में मंगलवार को भी प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं,बच्चों व महिलाओं ने मातारानी के दरबार में नारियल चुनरी चढ़ा कर विशेष पूजा की।

ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

आज समाचार सेवा

नहटौर। नहटौर डिग्री कॉलेज के विवेकानंद हॉल में ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (दिल्ली) के अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान नीट (एमबीबीएस) की परीक्षा पास करने वाले पूर्व विद्यार्थियों निशांत त्यागी, जतिन कुमार और शैली को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, वर्ष 2026 की 10वीं कक्षा के टॉपर्स जोहरा अंसारी, देव कुमार, वैभव कुमार तथा 12वीं की टॉपर्स विदिशा गेहरवार, वंशिका राजपूत और वंशिका पाल को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने जीवनभर शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए कार्य किया। साथ ही, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा विकास, सुशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई अभूतपूर्व उपलब्धियों का उल्लेख किया। घ्कार्यक्रम की अध्यक्षता लीना सिंघल ने की और संचालन त्रिमोहन गंगोत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर ऑक्सफोर्ड स्कूल के अध्यक्ष इंजी. आशीष सिंघल, प्रबंध निदेशिका लीना सिंघल, प्रधानाचार्य इदरीस अहमद, डिग्री कॉलेज के प्राचार्य संजीव गौड़ और भाजपा नेता अनिल सूद सहित कई गणमान्य लोग, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

किरतपुर क्लब ने 56 रन से जीता फाइनल, मौअज्जम बने मैन ऑफ द फाइनल

किरतपुर। मुस्लिम इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रहे टेनिस क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला किरतपुर क्लब और मंडावली क्लब के बीच खेला गया। इसमें किरतपुर क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंडावली क्लब को 56 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच में हैट्रिक सहित पांच विकेट लेने वाले मौअज्जम को मैन ऑफ द फाइनल चुना गया। फाइनल मुकाबले में किरतपुर क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 154 रन बनाए। टीम की ओर से इसरार ने 35 रन, मौअज्जम ने 36 रन और दीपू ने 21 रन का योगदान दिया। 155 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंडावली क्लब की टीम किरतपुर के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 98 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह किरतपुर क्लब ने 56 रन से मुकाबला जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। किरतपुर क्लब की जीत में मौअज्जम की गेंदबाजी निर्णायक रही। उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक सहित पांच विकेट हासिल किए। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द फाइनल का पुरस्कार दिया गया। मैच के समापन पर एडवोकेट अशरफ जमील ने विजेता किरतपुर क्लब को 21 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, जबकि उपविजेता मंडावली क्लब को 11 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि मेहरा, , नोमान मिर्जा, विपुल अग्रवाल, आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष सलीम राशिद, , शमीम फरीदी, शेख मसरूर और फहद खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई

आज समाचार सेवा

बिजनौर। अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान (रजि०) बिजनौर के तत्वावधान में पूर्व वर्षों की भांति महाराजा अग्रसेन जी की 5150वी जयंती, संस्थान सदस्य श्रीमती रेखा अग्रवाल जी के निवास स्थान पर बड़ी धूमधाम से मनाई गई। संस्थापिका सविता अग्रवाल, कुसुमलता अग्रवाल, रेखा अग्रवाल एवं सदस्यों ने महाराज अग्रसेन जी के भजन करते हुए, महाराजा अग्रसेन जी पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर कृति गुप्ता, राजकीय मेडिकल कॉलेज, बिजनौर शोभायमान रही जिनका स्वागत सविता अग्रवाल, पूनम गुप्ता, रेखा अग्रवाल, पूनम गोयल ने माला व अंगवस्त्र पहनाकर व ब्रोच लगाकर किया और संस्थान की ओर से प्रतीक चिन्ह दिया। मुख्य अतिथि ने सभी संस्थान सदस्यों को महाराजा अग्रसेन जी की जयंती की बधाई दी और कहा मुझे यहां आकर बहुत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन जी का चिर-परिचित नारा एक ईंट-एक मुद्रा का उदाहरण देकर समझाया कि सबको आपसी सहयोग से ही आगे बढ़ना चाहिए। अग्रसेन जी की जयंती पर श्रीमती पूनम गुप्ता ने सुंदर मंच संचालन करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला, इस जीवनी पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई एवं सही उत्तर देने वाले सभी सदस्यों को उपहार दिए गए। इस अवसर पर महिलाओं ने महाराजा अग्रसेन जी एवं देवी माता के सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत किए जिससे सभी भाव विभोर हो गए। गायन प्रतियोगिता में उषा शर्मा प्रथम, उमा अग्रवाल द्वितीय, शशि शर्मा तृतीय और सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। ढोलक प्रतियोगिता में मनुश्री अग्रवाल प्रथम एवं आशा अग्रवाल द्वितीय रहे। उन्होंने कहा कि हमें महाराजा अग्रसेन जी के बताएं वचनोंध्आदर्शों पर चलना चाहिए। नृत्य प्रतियोगिता में रश्मि वर्मा प्रथम, मीनल द्वितीय, सीमा तृतीय स्थान और सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त उपस्थित सभी सदस्यों को संस्थान की ओर से एक बिंदी का पैकेट, मेहंदी की कोन, एवं अंगवस्त्र भेंट किए गए। अग्रसेन जी के जन्म दिवस की खुशी में सभी संस्थान सदस्यों को शांतिकुंज की गर्म टोपी भी भेंट की गई। कार्यक्रम में पूनम गोयल, वंदना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, कुसुमलता अग्रवाल, अलका अग्रवाल, डॉली गुप्ता, पूनम वर्मा, संध्या गोयल, विजय अरोड़ा, पूनम अग्रवाल, शिवानी वर्मा, रिंपी, गुलाटी, निर्मला देवी, सरोज, दीपिका सिंह आदि ने भी भजन प्रस्तुत किए। फलाहार की पूर्ण व्यवस्था श्रीमती रेखा अग्रवाल जी के सौजन्य से की गई।

गौतमबुद्धनगर में 203 ग्राम प्रहरी सम्मानित

गौतमबुद्धनगर पुलिस लाइन्स में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण हुआ। कार्यक्रम में 203 ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने उन्हें सतर्कता, अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 अक्टूबर 2026 को बरेली पुलिस लाइन्स मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के 68 हजार ग्राम प्रहरियों के सम्मान समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस लाइन्स में किया गया। यहां पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में 203 ग्राम प्रहरियों ने मुख्यमंत्री का संबोधन देखा और सुना। इस दौरान ग्राम प्रहरियों की भूमिका की सराहना की गई और उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों की रोकथाम में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम प्रहरी ग्रामीण इलाकों में पुलिस और आम लोगों के बीच संपर्क बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे स्थानीय स्तर पर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने, अपराधों की रोकथाम और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करते हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिस व स्थानीय लोगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी उनका योगदान रहता है। कार्यक्रम के दौरान इस भूमिका को रेखांकित करते हुए ग्राम प्रहरियों से अपने दायित्वों को जिम्मेदारी के साथ निभाने की अपेक्षा की गई। पुलिस अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनके सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने ग्राम प्रहरियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सतर्कता से करने का आह्वान किया। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को देने के निर्देश दिए। साथ ही महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में जागरूकता बढ़ाने, साइबर अपराधों के प्रति ग्रामीणों को सतर्क करने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। ग्राम प्रहरियों ने भी भविष्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में पुलिस को पूरा सहयोग देने का संकल्प जताया। कार्यक्रम के दौरान गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट के उपस्थित 203 ग्राम प्रहरियों को धोती, साफा और अन्य सामग्री वितरित कर सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर ने पुलिस सहयोग और अपराध नियंत्रण में उनके योगदान की सराहना की। ग्राम प्रहरियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया। इसमें चिकित्सकों ने नेत्र परीक्षण, रक्तचाप, रक्त शर्करा और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। जरूरत के अनुसार उन्हें चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव नारायण मिश्र, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार, पुलिस उपायुक्त पुलिस लाइन्स शैलेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय शैव्या गोयल समेत अन्य पुलिस अधिकारी और विशिष्टजन मौजूद रहे।

चुनावी पोस्टर-पंपलेट छापने से पहले जान लें नियम, उल्लंघन पर 6 महीने की जेल

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को चुनावी प्रचार सामग्री के मुद्रण और प्रकाशन के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी मेधा रूपम ने स्पष्ट किया है कि चुनाव से संबंधित पोस्टर, पंपलेट और अन्य प्रचार सामग्री तैयार करते समय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी करने पर संबंधित मुद्रक और प्रकाशक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। प्रचार सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम-पता जरूरी जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुसार, चुनावी पोस्टर और पंपलेट के मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम और पता स्पष्ट रूप से दर्ज होना चाहिए। इसके साथ ही, सामग्री के प्रकाशन से संबंधित घोषणा निर्धारित प्रक्रिया के तहत तैयार करनी होगी। इस घोषणा पर हस्ताक्षर कराने और संबंधित व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से जानने वाले दो व्यक्तियों से उसका सत्यापन कराने के नियम का भी पालन करना होगा। प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को चुनावी सामग्री छापने से पहले इन औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए कहा गया है। तीन दिन के भीतर जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करनी होंगी चार प्रतियां निर्वाचन संबंधी प्रचार सामग्री प्रकाशित होने के बाद मुद्रक और प्रकाशक को तीन दिनों के भीतर निर्धारित घोषणा के साथ उसकी चार प्रतियां जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करनी होंगी। इसके लिए निर्धारित परिशिष्ट 'क' और 'ख' के प्रावधानों का पालन करना होगा। प्रशासन ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को इस समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की चूक न हो। जाति-धर्म के आधार पर अपील और विरोधियों के चरित्र हनन पर भी नजर चुनावी प्रचार सामग्री तैयार करते समय उसकी विषयवस्तु को लेकर भी कानूनी प्रावधानों का ध्यान रखना होगा। धर्म, वंश, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर अपील करने वाली सामग्री तथा विरोधियों के चरित्र हनन से संबंधित प्रचार के मामले में कानून का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। ऐसे मामलों में मुद्रण और प्रकाशन से जुड़े नियमों की अनदेखी करना संबंधित लोगों के लिए कानूनी परेशानी का कारण बन सकता है। नियम तोड़ने पर छह महीने तक की कैद या जुर्माना जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम के अनुसार, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127क के तहत निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करने पर छह महीने तक के कारावास, दो हजार रुपये तक के जुर्माने या दोनों सजा का प्रावधान है। जिला प्रशासन ने गौतमबुद्धनगर के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों से निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। चुनावी प्रचार सामग्री की छपाई से लेकर उसकी प्रतियां जमा करने तक निर्धारित प्रक्रिया पूरी करना जरूरी होगा। प्रशासन का उद्देश्य चुनावी प्रचार सामग्री के मुद्रण और प्रकाशन को कानूनी नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करना है।

किशोरी घर से लापता

नोएडा। सेक्टर-48 निवासी एक व्यक्ति की 15 वर्षीय बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगने पर पिता ने सेक्टर-49 थाना पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उनकी बेटी खुशी आठ अक्टूबर को गुस्सा होकर घर से कहीं चली गई। पुलिस किशोरी के लापता होने के कारणों का पता लगाने के साथ उसकी तलाश में जुटी है।

ग्रैंडथम का उद्घाटन, इंद्रिया, ब्लूस्टोन और ब्लू टोकाई समेत कई ब्रांडों ने खोले स्टोर

कंपनी के मुताबिक, आने वाले समय में और ब्रांडों तथा कारोबारियों के जुड़ने से यहां उपलब्ध विकल्पों में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।ग्रुप 108 के मैनेजिंग डायरेक्टर संचित भूटानी ने कहा कि ग्रैंडथम के रिटेल हिस्से का उद्घाटन कंपनी की सोच की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शॉपिंग, खानपान, मनोरंजन और लाइफस्टाइल के लिए एक नया ठिकाना शुरू हो गया है। ग्रुप 108 के मिक्स्ड-यूज प्रोजेक्ट ग्रैंडथम का भव्य उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही परियोजना के रिटेल हिस्से को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। नवरात्रि के दौरान शुरू हुए इस डेस्टिनेशन में इंद्रिया, ब्लूस्टोन, गिवा, कैरेटलेन, लिमलाइट, पालमोनास, औकेरा और ब्लू टोकाई समेत कई ब्रांडों ने अपने स्टोर शुरू कर दिए हैं। कंपनी को उम्मीद है कि आने वाले समय में और ब्रांड इस परियोजना से जुड़ेंगे। इससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों को खरीदारी, खानपान और मनोरंजन के अधिक विकल्प मिल सकेंगे।हाउसिंग प्रोजेक्ट्स देखें ग्रैंडथम में ज्वेलरी, लाइफस्टाइल और खानपान से जुड़े कई ब्रांडों ने अपने स्टोर खोले हैं। इनमें इंद्रिया, ब्लूस्टोन, गिवा, कैरेटलेन, लिमलाइट, पालमोनास, औकेरा और ब्लू टोकाई शामिल हैं। इन ब्रांडों के आने से परियोजना में खरीदारी और खानपान से जुड़ी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। ग्रुप 108 का उद्देश्य ग्रैंडथम को ऐसा व्यावसायिक केंद्र बनाना है, जहां लोग एक ही जगह पर खरीदारी करने के साथ खानपान और मनोरंजन का भी आनंद ले सकें। कंपनी के मुताबिक, आने वाले समय में और ब्रांडों तथा कारोबारियों के जुड़ने से यहां उपलब्ध विकल्पों में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।ग्रुप 108 के मैनेजिंग डायरेक्टर संचित भूटानी ने कहा कि ग्रैंडथम के रिटेल हिस्से का उद्घाटन कंपनी की सोच की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने बताया कि कंपनी पारंपरिक खरीदारी से आगे बढ़कर ऐसा डेस्टिनेशन तैयार करना चाहती है, जहां लोगों को कई तरह की सुविधाएं और अनुभव एक ही जगह मिलें। इंद्रिया, ब्लूस्टोन, ब्लू टोकाई, कैरेटलेन और पालमोनास जैसे ब्रांडों के यहां कारोबार शुरू करने को उन्होंने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उनके मुताबिक, खरीदारी, खानपान, मनोरंजन और कामकाज से जुड़ी सुविधाओं को एक साथ लाकर ऐसा व्यावसायिक केंद्र विकसित करने की योजना है, जहां लोग आना पसंद करें। ग्रुप 108 के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अमीश भूटानी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। इसके साथ ही स्थानीय लोगों की जरूरतों के अनुसार बेहतर सुविधाओं और नए अनुभवों वाले स्थानों की मांग भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि ग्रैंडथम को प्रतिष्ठित ब्रांडों, आधुनिक व्यावसायिक बुनियादी ढांचे और लाइफस्टाइल सुविधाओं को एक जगह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कंपनी का लक्ष्य इसे खरीदारी, खानपान, मेल-मिलाप और परिवार व दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए पसंदीदा जगह बनाना है। साथ ही, कारोबारियों, आगंतुकों और आसपास के समुदाय के लिए लंबे समय तक उपयोगी सुविधाएं विकसित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। ग्रुप 108 के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अमीश भूटानी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। इसके साथ ही स्थानीय लोगों की जरूरतों के अनुसार बेहतर सुविधाओं और नए अनुभवों वाले स्थानों की मांग भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि ग्रैंडथम को प्रतिष्ठित ब्रांडों, आधुनिक व्यावसायिक बुनियादी ढांचे और लाइफस्टाइल सुविधाओं को एक जगह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कंपनी का लक्ष्य इसे खरीदारी, खानपान, मेल-मिलाप और परिवार व दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए पसंदीदा जगह बनाना है। साथ ही, कारोबारियों, आगंतुकों और आसपास के समुदाय के लिए लंबे समय तक उपयोगी सुविधाएं विकसित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। ग्रैंडथम में हाई-स्ट्रीट रिटेल दुकानों के अलावा खानपान, मनोरंजन, ऑफिस स्पेस और खुले स्थानों की सुविधा भी शामिल है। इस एकीकृत परियोजना को ग्रेटर नोएडा वेस्ट और नोएडा के आसपास रहने वाले परिवारों, नौकरीपेशा लोगों और स्थानीय निवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों को रोजमर्रा की खरीदारी के साथ मनोरंजन और सामाजिक मेल-मिलाप के अवसर भी उपलब्ध कराना है। ग्रैंडथम का उद्घाटन परियोजना के विकास में एक नया चरण है। कंपनी को उम्मीद है कि आने वाले समय में और ब्रांडों के जुड़ने से व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी और यह परियोजना एनसीआर के तेजी से विकसित हो रहे इस क्षेत्र में प्रमुख रिटेल और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन के रूप में अपनी पहचान बनाएगी।

81 वर्षीय डॉक्टर से 20 लाख की साइबर ठगी, इंश्योरेंस पॉलिसी पर 1 करोड़ रुपये दिलाने का दिया झांसा

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-27 में रहने वाले 81 वर्षीय डॉक्टर साइबर ठगी का शिकार हो गए। साइबर ठगों ने उनकी पुरानी इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़ी जानकारी देकर भरोसा जीता और पॉलिसी के बदले एक करोड़ रुपये दिलाने का लालच दिया। आरोपियों के झांसे में आकर डॉक्टर ने महज आठ दिनों के भीतर सात बार में कुल 20,01,712 रुपये उनके बताए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। रकम मिलने के बाद आरोपियों ने उनसे संपर्क करना बंद कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। व्हाट्सऐप मैसेज से शुरू हुआ ठगी का सिलसिला सेक्टर-27 निवासी डॉक्टर रतिश चंद्र के मुताबिक, आरोपियों ने सबसे पहले व्हाट्सऐप के जरिए उनसे संपर्क किया। बातचीत के दौरान ठगों ने उनकी पुरानी इंश्योरेंस पॉलिसी से संबंधित कुछ जानकारियां साझा कीं। इन विवरणों के आधार पर आरोपियों ने उनका विश्वास जीत लिया और दावा किया कि पॉलिसी के बदले उन्हें एक करोड़ रुपये मिल सकते हैं। इसके बाद आरोपियों ने रकम जारी कराने के नाम पर कुछ औपचारिकताएं पूरी करने को कहा और उनसे एक फॉर्म भी भरवाया। फिर अलग-अलग प्रक्रियाओं और शुल्कों का हवाला देकर पैसे जमा कराने की मांग शुरू कर दी गई।एक करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद में डॉक्टर आरोपियों की बातों पर भरोसा करते रहे। ठगों ने शुरुआत में उनसे एक लाख रुपये ट्रांसफर कराए। इसके बाद विभिन्न प्रक्रियाओं का हवाला देकर लगातार रकम की मांग की गई। आरोपियों के झांसे में आकर डॉक्टर ने आठ दिनों के दौरान सात अलग-अलग लेनदेन में कुल 20,01,712 रुपये ट्रांसफर कर दिए। हालांकि, वादे के मुताबिक उन्हें एक करोड़ रुपये नहीं मिले।

चोटपुर में नाली की सफाई को लेकर विवाद, महिला से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

आज समाचार सेवा

नोएडा। सेक्टर-63 थाना क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी में नाली की सफाई को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता कल्पना ने इस संबंध में थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि नाली की सफाई को लेकर पड़ोसी से विवाद हुआ था। महिला ने जब इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला सामने आने के बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक, चोटपुर कॉलोनी में नाली की सफाई को लेकर महिला और उसके पड़ोसी के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि विरोध करने पर पड़ोसी ने महिला के साथ मारपीट की। पीड़िता कल्पना ने इस घटना को लेकर पुलिस से शिकायत की है। हालांकि, विवाद किस बात से शुरू हुआ और मारपीट के दौरान वास्तव में क्या हुआ, इसकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

महिला के साथ मारपीट का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद पीड़िता ने थाना सेक्टर-63 में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला चोटपुर कॉलोनी का है। पुलिस की ओर से इस मामले में की गई कार्रवाई के बारे में फिलहाल उपलब्ध जानकारी में कोई विवरण नहीं दिया गया है।पीड़िता कल्पना ने थाने में शिकायत देकर आरोपित पड़ोसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अब मामले में पुलिस की जांच और कार्रवाई का इंतजार है। घटना को लेकर सामने आए वीडियो और शिकायत के आधार पर आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

हृदयगति रुकने से युवक की मौत

नोएडा। इलाहाबास गांव में सोमवार सुबह सोकर उठे युवक की अचानक हृदयगति रुकने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से जिला अलीगढ़ के रहने वाले 30 वर्षीय दिनेश फेज-2 स्थित प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। वह इलाहाबास गांव में किराये के कमरे में रहते थे। वह रविवार शाम कमरे में सोए थे। सोमवार सुबह सोकर उठे। कुछ ही देर बाद उनके सीने में दर्द उठा और जमीन पर गिर गए। इसके चलते मामूली चोट भी लग गई। साथियों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 48 नई जगहों पर लगेंगे चार्जिंग स्टेशन, प्राधिकरण ने किया एमओयू

आज समाचार सेवा

नोएडा। शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने और प्रदूषण कम करने के लिए चार्जिंग स्टेशन का नेटवर्क बढ़ाया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण ने इसके लिए एक कंपनी के साथ समझौता किया है। इसके तहत शहर में 48 नई जगहों पर इलेक्ट्रिक वाहन (EV) चार्जिंग स्टेशन लगाने की योजना है। प्राधिकरण ने कुल 78 स्थानों पर स्टेशन स्थापित करने के लिए अनुबंध किया है। इस पहल का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग की सुविधा बढ़ाना और लोगों को ग्रीन मोबिलिटी की ओर प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत शहर में कुल 100 ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। नोएडा प्राधिकरण ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग सुविधाओं का विस्तार करने की दिशा में कदम उठाया है। इसके तहत कंपनी के साथ एमओयू किया गया है, जिसमें 48 नई जगहों पर चार्जिंग स्टेशन लगाने की योजना शामिल है। शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध कराना इस पहल का अहम उद्देश्य है। नए स्टेशन स्थापित होने से वाहन चालकों को चार्जिंग के अधिक विकल्प मिल सकेंगे। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में इन स्थानों पर स्टेशन लगाने की समयसीमा और सभी जगहों की सूची का विवरण नहीं दिया गया है। प्राधिकरण ने शहर में कुल 78 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए अनुबंध किया है। इस समझौते के जरिए चार्जिंग नेटवर्क को विस्तार देने की तैयारी है। इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शहर में अधिक स्थानों पर चार्जिंग की व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। यह पहल नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को आसान बनाने की योजना का हिस्सा है। स्टेशन कहां-कहां लगाए जाएंगे और उनके संचालन की प्रक्रिया क्या होगी, इस बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। नोएडा में चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने की योजना का उद्देश्य ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देना और प्रदूषण कम करने के प्रयासों को आगे बढ़ाना है। इसके तहत शहर में कुल 100 ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना रखी गई है। इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग सुविधाओं का विस्तार जरूरी माना जाता है। प्राधिकरण और कंपनी के बीच हुआ समझौता इसी दिशा में उठाया गया कदम है।